✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 81 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 17 अगस्त 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पटना के गांधी मैदान झंडोत्तोलन करन के बाद मिली-जुली परेड की सलामी लेते सीएम सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में पिता-पुत्री की मौत, पुत्र घायल

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** नूरसराय थाना क्षेत्र परिओना गांव के समीप तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पिता और उसके चार साल की पुत्री की मौत हो गई जबकि 08 साल का बेटा गंभीर रूप से जख्मी हो गया जिसका मॉडल अस्पताल बिहारशरीफ से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मृतक की पहचान नूरसराय थाना क्षेत्र में मेयार गांव निवासी कमलेश कुमार और पुत्री रिवांशी कुमारी के तौर की गयी है। घायल किशोर की पहचान ऋषभ कुमार के तौर पर हुई है।

### नीट-यूजी पेपर लीक मामले का आरोपित गिरफ्तार

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** नीट-यूजी और री-एग्जाम से जुड़ी कथित अनियमितताओं की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है वैसे-वैसे इस मामले में नए नाम सामने आ रहे हैं। मोतिहारी के संतोष जायसवाल की गिरफ्तारी के बाद अब आर्थिक अपराध इकाई यानी इओयू ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान उज्ज्वल राज के रूप में हुई है। उज्ज्वल राज एमबीबीएस अंतिम वर्ष का छात्र बताया जा रहा है और वह मोतिहारी के केसरिया थाना क्षेत्र के भगवानपुर टोला का रहने वाला है।

### बाघ के हमले में किसान ने तोड़ा दम

**बेतिया(नबिटा ब्यूरो)।** वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के भेड़ियाड़ी बंगाली टोला में बाघ के हमले से एक किसान की मौत हो गई। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने वन विभाग की गाड़ी में तोड़-फोड़ की और उसे पलट दिया। परिजनों के मुताबिक विजय कुमार अपने घर के पीछे स्थित खेत में घास काट रहे थे तभी बाघ ने अचानक उन पर हमला कर दिया।

मुख्यमंत्री ने दिया औरंगाबाद-नवादा में नए हवाई स्थलों के विकास की संभावनाओं पर कार्य करने का निर्देश

# बिहार में बेहतर हवाई कनेक्टिविटी से पर्यटन, व्यापार, एवं आर्थिक गतिविधियों को मिलेगी नई गति : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार में नागर विमानन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अधिसूचित संशोधित उड़ान योजना के क्षेत्रीय संपर्क योजना के संस्करण 6.0 के संदर्भ में समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने बिहार में सबेया (गोपालगंज), फारबिसगंज (अररिया), किशनगंज, सारण तथा उलाव (बेगूसराय) में हवाई सुविधाओं के विकास की दिशा में आवश्यक कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य के आकिाधिक जिलों को हवाई कनेक्टिविटी से जोड़ने के लिए उपलब्ध संसाधनों एवं संभावनाओं का समुचित



उपयोग किया जाए। औरंगाबाद, बांका, खगड़िया, नवादा, शेखपुरा एवं सीतामढ़ी सहित अन्य संभावित स्थलों पर हेलीपैड/हवाई सुविधा विकसित करने की संभावनाओं पर भी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने विशेष रूप से राजगीर और गया के बीच, सासाराम और कैमूर के बीच तथा शाहाबाद क्षेत्र में हेलीपैड विकसित करने की योजना पर भी कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय स्तर पर हवाई संपर्क के विस्तार के लिए ऐसे स्थानों को प्राथमिकता दी जाए जिससे आसपास के जिलों एवं महत्वपूर्ण पर्यटन, धार्मिक तथा आर्थिक केंद्रों को भी इसका लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हवाई अड्डों एवं हेलीपैड के निर्माण के लिए भूमि की उपलब्धता, स्थल की उपयुक्तता, यातायात की संभावनाओं तथा अन्य तकनीकी आवश्यकताओं का शीघ्र आकलन किया जाए। साथ ही संबंधित जिलों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर भूमि एवं अन्य आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में बेहतर हवाई कनेक्टिविटी से पर्यटन, व्यापार, उद्योग, निवेश, रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। विशेष रूप से राज्य के पर्यटन, धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों को हवाई सेवा से जोड़ने से देश-विदेश के पर्यटकों की आवाजाही बढ़ेगी तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। क्षेत्रीय संपर्क योजना के अनुरूप बिहार की आवश्यकताओं के अनुसार प्रस्ताव तैयार कर केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रालय एवं प्राधिकरणों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

# बक्सर में खुलेगा सूबे का पहला गुरुकुलम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की शिक्षा व्यवस्था में पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक को एक साथ जोड़ने की तैयारी है। शिक्षा विभाग राज्य में गुरुकुल परंपरा पर आधारित पहला गुरुकुलम शुरू करने जा रहा है, जिसकी शुरुआत बक्सर से होगी। यहां विद्यार्थियों को पहली कक्षा से इंटर तक एक ही परिसर में वेद, कर्मकांड, विज्ञान और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई की पढ़ाई कराई जाएगी। मिथिलेश तिवारी ने बताया कि गुरुकुलम की स्थापना के प्रस्ताव को जल्द ही कैबिनेट की मंजूरी के लिए भेजने की तैयारी है। बक्सर सदर क्षेत्र में गुरुकुलम की स्थापना के लिए करीब पांच एकड़ जमीन उपलब्ध कराई गई है। शिक्षा विभाग ने इस परियोजना को लेकर जिला प्रशासन को प्रस्ताव तैयार करने के लिए भी पत्र भेजा है। इस गुरुकुलम का निर्माण भी पारंपरिक गुरुकुल की तर्ज पर किए जाने की योजना है जहां विद्यार्थी केवल कक्षा में पढ़ाई नहीं करेंगे बल्कि आवासीय



व्यवस्था के साथ शिक्षा प्राप्त करेंगे। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बताया कि गुरुकुलम की सबसे खास बात इसकी पूरी तरह निशुल्क आवासीय शिक्षा होगी। कम आय वाले परिवारों से आने वाले बच्चों को नामांकन में प्राथमिकता देने की योजना है। विद्यार्थियों के रहने, भोजन और बेहतर आवासन की व्यवस्था गुरुकुलम परिसर में ही की जाएगी। बच्चों को पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए भी वहीं आवास की व्यवस्था होगी ताकि पारंपरिक गुरुकुल की तरह शिक्षक और विद्यार्थी एक ही शैक्षणिक वातावरण में रह सकें।

# इको टूरिज्म के विकास को मिलेगा नया आयाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प सभागार में बिहार में ईको-टूरिज्म के समग्र विकास को लेकर समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में ईको-टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। राज्य के प्राकृतिक संसाानों का संरक्षण करते हुए उनका पर्यटन की दृष्टि से बेहतर उपयोग किया जाना चाहिए। ईको-टूरिज्म के विकास से पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि ईको-टूरिज्म की योजनाओं में पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय समुदाय की भागीदारी, रोजगार सृजन और पर्यटकों की सुविाा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि वन, सिंचाई, पर्यटन सहित संबंाित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए बिहार के प्राकृतिक स्थलों को आकर्षक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करें। पर्यटन स्थलों की व्यापक ब्रांडिंग करते हुए देश-विदेश के पर्यटकों को बिहार की प्राकृतिक एवं साहसिक पर्यटन संभावनाओं से परिचित कराने की कार्ययोजना तैयार करें।

# बिहार से होगी इएलसी 2.0 की शुरुआत : ज्ञानेश कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार दो दिवसीय बिहार दौरे पर शनिवार को पटना पहुंचे। पटना पहुंचते ही वह सीतामढ़ी के लिए रवाना हुए। अपने दौरे के पहले दिन पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने बिहार की लोकतांत्रिक भूमिका और यहां हुए निर्वाचन कार्यों की सराहना की। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि वे बिहार की इस पावन भूमि को नमन करने आए हैं। उन्होंने कहा कि देशभर में मतदाता सूची के शुद्धिकरण का काम हो रहा है लेकिन इस दिशा में सबसे सफल आयोजन बिहार में हुआ था। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि वर्ष 2025 में बिहार में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ और मतदान प्रतिशत आजादी के बाद से अब तक का सर्वाधिक रहा। बिहार में हुआ मतदान प्रतिशत दुनिया के कई देशों से भी अधिक रहा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बिहार के मतदाताओं और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों की भूमिका की सराहना करते हुए इसे लोकतांत्रिक सहभागिता का महत्वपूर्ण



उदाहरण बताया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में निर्वाचन आयोग का उच्चस्तरीय दल 16 और 17 अगस्त को बिहार के दौरे पर है। इस दौरान निर्वाचन साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए इलेक्ट्रोल लिटरेसी क्लब्स यानी इएलसी के नए चरण इएलसी 2.0 की शुरुआत की जाएगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त विद्यार्थियों, शिक्षकों, बूथ लेवल अधिकारियों और चुनाव प्रक्रिया से जुड़े जमीनी स्तर के अधिकारियों के साथ संवाद करेंगे। दौरे का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी, आसान, पारदर्शी और सहभागी बनाने के साथ युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना है। इसके लिए डिजिटल तकनीक और नए संचार माध्यमों के इस्तेमाल पर भी विशेष जोर दिया जाएगा। बिहार दौरे के दौरान इएलसी 2.0 का औपचारिक शुभारंभ किया जाएगा। पटना के ज्ञान भवन में आज सोमवार को आयोजित होने वाले बड़े सम्मेलन में इएलसी 2.0 के लोगो का अनावरण किया जाएगा और इसके नए वर्किंग फ्रेमवर्क की जानकारी दी जाएगी। सम्मेलन में इएलसी 2.0 की विजन, मिशन, प्रमुख विशेषताओं और कार्य-दृष्टिकोण को सामने रखा जाएगा। इसके साथ ही भारतीय निर्वाचन प्रक्रिया और इसीनेट प्लेटफॉर्म से संबंधित प्रस्तुतियां भी होंगी। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों और युवाओं को चुनाव प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ उन्हें डिजिटल माध्यम से निर्वाचन प्रक्रिया से जोड़ना है।

### गंगा में स्नान के दौरान तीन दोस्त डूबे

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के खुसरूपुर थाना क्षेत्र के आदिलपुर गंगा घाट पर रविवार की सुबह करीब 9 बजे स्नान करने के दौरान तीन किशोर गहरे पानी में डूब गए। हादसे के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। तीनों किशोर खुसरूपुर थाना क्षेत्र के जगमालविघा गांव के रहने वाले और आपस में दोस्त थे। उनकी उम्र 15 से 17 वर्ष के बीच बताई जा रही है। घटना के करीब दो घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम ने एक किशोर का शव गहरे पानी से बरामद कर लिया जबकि दो किशोरों की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार तीनों दोस्त रविवार की सुबह अपने-अपने घर से आदिलपुर गंगा घाट पर स्नान करने पहुंचे थे। स्नान के दौरान अंकुश कुमार अचानक गहरे पानी में चला गया। उसे डूबता देखकर उसके दोनों दोस्त सुंदरम कुमार और रौनक कुमार उसे बचाने के लिए आगे बढ़े, लेकिन तेज बहाव और गहराई के कारण दोनों भी पानी में बह गए। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अंचलाधिकारी संजीव कुमार चौपाल भी घटनास्थल पर पहुंचे।

# गांधी मैदान में पहली बार सीएम सम्राट ने फहराया तिरंगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में स्वतंत्रता दिवस 2026 समारोह पूरे उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सुबह 9 बजे गांधी मैदान में तिरंगा फहराकर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। मुख्यमंत्री के रूप में गांधी मैदान में यह उनका पहला ध्वजारोहण रहा। पिछली बार वह यहां उपमुख्यमंत्री के रूप में स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में बिहार को मिल रहे सहयोग एवं संसाधनों का सदुपयोग करते हुए सभी मिलकर समृद्ध बिहार के निर्माण के संकल्प को साकार करेंगे। उन्होंने कहा कि विकास की यात्रा में समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए बिहार को नई ऊंचाइयों तक ले जाना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने लोगों से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की अपील की। स्वतंत्रता दिवस समारोह में कुल 13 विभागों की झांकियां निकाली गयीं। इन झांकियों के माध्यम से बिहार की प्राकृतिक विरासत, शिक्षा, कृषि, महिला सशक्तीकरण, ऊर्जा, उद्योग, सुरक्षा और विभिन्न सरकारी योजनाओं की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया।

डीएवी विद्यालय परिवार की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं






# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर बिहार विधान सभा में देशभक्ति समूह गान प्रतियोगिता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिहार विधान सभा के विस्तारित भवन स्थित सभागार में देशभक्ति समूह गान प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन, बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार और उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। स्वागत संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पहली बार सभा सचिवालय की महिला पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच देशभक्ति गीत गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई है। उन्होंने इसे महिला शक्ति की प्रतिभा और रचनात्मक क्षमता को मंच देने वाली सार्थक पहल बताया। उन्होंने



संविधान, लोकतंत्र के मूल्यों को मजबूत करने तथा सशक्त, समृद्ध, विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान का संकल्प लेने का आहवान किया। सय्यद अता हसनैन ने कहा कि गीत, नृत्य और सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से राष्ट्रीय भावना जागृत की जा सकती है। उन्होंने सेना के बलिदान, नियंत्रण रेखा पर तिरंगा फहराने की परंपरा और गलवान घाटी में बिहार के जवानों के सर्वोच्च बलिदान को याद किया। उन्होंने 'शहीद' और 'हकीकत' जैसी देशभक्ति फिल्मों तथा अभिनेता मनोज कुमार का उल्लेख करते हुए नई पीढ़ी को देशभक्ति की कहानियों से जोड़ने का आहवान किया। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान और 'टीबी मुक्त बिहार' से जुड़ने की अपील की तथा आयोजन के लिए डॉ. प्रेम कुमार की सराहना की। प्रतियोगिता में ग्रुप-बी ने प्रथम, ग्रुप-ए ने द्वितीय और ग्रुप-सी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक एवं प्रशस्ति पत्र दिए गए। शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए चार प्रतिभागियों तथा प्रत्येक समूह के दो-दो मुख्य गायकों को भी पुरस्कृत किया गया। निर्णायक मंडल की डॉ. नीतू कुमारी नूतन, पंडित अभिषेक मिश्रा और सोमा दास तथा प्रशिक्षक कमलेश और सिमरन श्रुति सहित आयोजन से जुड़े अन्य सहभागियों को सम्मानित किया गया। 'जस्ट डांस ग्रुप, गयाजी' की नृत्य प्रस्तुति ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। महानुभावों, प्रतिभागियों और सहभागियों को अंगवस्त्र, नवपौध और स्मृति चिहन प्रदान किए गए। कार्यक्रम में विधान सभा सचिव पूनम सिन्हा सहित सभा सचिवालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवाओं के पुरुषार्थ और नवाचार से ही बनेगा 'विकसित भारत' : तारकिशोर प्रसाद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** कटिहार इंजीनियरिंग कॉलेज के ऑडिटोरियम में स्वतंत्रता दिवस समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रंजना कुमारी ने की। समारोह के दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कॉलेज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिहन प्रदान कर सम्मानित किया। सभागार में उपस्थित छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कॉलेज कर्मियों को संबोधित करते हुए श्री प्रसाद ने कहा कि वर्तमान दौर तकनीक और कौशल का है।

## स्वतंत्रता दिवस पर रेल मंत्री ने किया तिरंगा रैली का नेतृत्व

### भारतीय रेलवे ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ 'हर घर तिरंगा' अभियान का उत्सव मनाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रेल भवन परिसर में तिरंगा रैली का नेतृत्व किया। रेल बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार, बोर्ड के सदस्य, महानिदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने रैली में भाग लिया और देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता की सामूहिक भावना को पुनः स्थापित किया। भारतीय रेलवे राष्ट्रव्यापी 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय रूप से भाग ले रहा है जो रेलवे संगठन में देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना का उत्सव मना रहा है। यह अभियान 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के तीसरे चरण के साथ एकीकृत रूप से आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत रेल भवन में



विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है ताकि इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गीत के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय महत्व को उजागर किया जा सके। समारोह के अंतर्गत, 10 अगस्त 2026 को रेल भवन में 'वंदे मातरम की 150 वर्ष की यात्रा' विषय पर एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने अधिकारियों को राष्ट्रीय गीत के समृद्ध इतिहास और चिरस्थायी विरासत से परिचित होने का अवसर प्रदान किया। रेल भवन में 11 अगस्त 2026 को 'देशभक्ति गीत' विषय पर एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भागीदारी देखी गई और संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति की भावना का उत्सव मनाया गया। 14 अगस्त 2026 को होने वाले समारोहों के एक भाग के रूप में, रेल भवन में 'वंदे मातरम'का सामूहिक गायन भी आयोजित किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय रेलवे अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना को मजबूत कर रहा है, साथ ही 'वंदे मातरम' की ऐतिहासिक विरासत का स्मरण भी कर रहा है।

## पूर्व मध्य रेल में हर्षोल्लास पूर्वक मना स्वतंत्रता दिवस, महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया ध्वजारोहण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** स्वतंत्रता दिवस पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रध्वज को सलामी दी तथा रेल सुरक्षा बल एवं स्काउट्स एंड गाइड के सदस्यों के परेड का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने रेलकर्मियों, रेल उपयोगकर्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों सहित सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार एवं अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। साथ ही पूर्व मध्य रेल के यूनियन/एसोशिएसन संगठन के पदाधिकारी, अधिकारी एवं रेलकर्मी




भी उपस्थित थे। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह सहित संगठन की अन्य सदस्याएं भी स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित थीं। स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि हमने सतत विकास एवं मुस्कान के साथ यात्रियों की सुरक्षित यात्रा की प्रतिबद्धता का निर्वहन करते हुए इस वर्ष जनवरी से जुलाई माह तक कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। इस वर्ष 126 मीलियन टन का माल लदान किया है जिससे 15 हजार 452 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई जबकि यात्री यातायात से लगभग 3082 करोड़ रुपए प्राप्त हुए । इस प्रकार जनवरी से जुलाई माह तक कुल प्रारंभिक आय 19 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा रही।

## इको पार्क में हर्षोल्लास के साथ मना आजादी का 80वां जश्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** इको पार्क में आज इको पार्क महिला समूह के द्वारा देश की आजादी का 80वां जश्न बड़े उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधिकारी सूर्य कुमारी मणि एवं समूह की प्रमुख नम्रता नंदन द्वारा झंडोत्तोलन के साथ हुई। झंडोत्तोलन के पश्चात उन्होंने राष्ट्र के नाम संदेश दिया और देश की एकता, अखंडता एवं महिला सशक्तिकरण पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आजादी की इस यात्रा में महिलाओं की भागीदारी देश के विकास की नींव है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं। इस मौके पर वंदना, ज्योति, अनु, मौसम, नीलू, निभा, कल्पना, अलका, रीनी, डॉली सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर देशभक्ति गीतों से सराबोर हुई।

## पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में 80वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण एवं कार्यक्रमों का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पावरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय, पटना में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक (प्रभारी) नितिन कुमार श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया। समारोह में पावरग्रिड के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कर्मचारियों, बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न सांस्कृतिक एवं रचनात्मक



प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर नितिन कुमार श्रीवास्तव ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा सभी को राष्ट्र निर्माण एवं संगठन की प्रगति में अपना सर्वोत्तम योगदान देने के लिए प्रेरित किया। पावरग्रिड पूर्वी क्षेत्र-1 के अंतर्गत बिहार एवं झारखंड स्थित सभी उपकेंद्रों एवं प्रतिष्ठानों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए गए। सभी स्थानों पर ध्वजारोहण के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं जनसहभागिता कार्यक्रमों का आयोजन कर स्वतंत्रता दिवस का उत्साहपूर्वक उत्सव मनाया गया।

## ऐतिहासिक बिहार विद्यापीठ के झंडा चौक पर राष्ट्रीय ध्वजारोहण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विद्यापीठ के ऐतिहासिक झंडा चौक पर 80वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष विजय प्रकाश, भा.प्र.से. (सेवानिवृत्त) द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया गया।

उन्होंने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि इस गौरवशाली परिसर में स्थित ऐतिहासिक झंडा चौक का विशेष महत्व है। वर्ष 1930 में लाहौर के रावी तट पर कांग्रेस द्वारा लिए गए पूर्ण स्वराज के संकल्प की स्मृति में देशभर में 26 जनवरी को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराने का आहवान किया गया था। बिहार विद्यापीठ के झंडा चौक पर भी उस राष्ट्रीय संकल्प की भावना को अभिव्यक्त करते हुए तिरंगा फहराया गया। कालांतर में यही स्थान स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय



ध्वजारोहण की गौरवशाली परंपरा का केंद्र बना रहा है। बिहार विद्यापीठ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उस गौरवशाली विरासत का जीवंत प्रतीक है जिसकी स्थापना वर्ष 1921 में असहयोग आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी के स्वदेशी, राष्ट्रीय शिक्षा तथा विदेशी शासन की संस्थाओं के बहिष्कार के आहवान की पृष्ठभूमि में हुई थी। बिहार विद्यापीठ केवल एक शिक्षण संस्था नहीं, बल्कि भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के दौरान राष्ट्रीय जागरण और स्वतंत्रता-संग्राम की रणनीति निर्माण का एक महत्वपूर्ण केंद्र भी रहा है। बिहार विद्यापीठ परिसर में तत्कालीन राष्ट्रीय नेताओं, स्वतंत्रता सेनानियों, सत्याग्रहियों और क्रांतिकारियों का निरंतर आगमन होता रहा। भगत सिंह भी बिहार विद्यापीठ परिसर में ठहरे थे। इस ऐतिहासिक परिसर का कोना-कोना भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की महत्वपूर्ण घटनाओं और राष्ट्रीय आंदोलन की स्मृतियों का साक्षी रहा है। यह परिसर देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद, प्रथम राष्ट्रपति, भारत गणराज्य, बिहार विद्यापीठ राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के प्राचार्य एवं रजिस्टार हुआ करते थे। बिहार विद्यापीठ राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के चान्सलर मौलाना मजहर -उल-हक एवं वाइसचांसलर ब्रजकिशोर प्रसाद थे।

## कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जन्दाहा (वैशाली)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा परिसर में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत-संगीत, भाषण, नृत्य एवं आकर्षक झांकियों की शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और देशप्रेम का अद्भुत प्रदर्शन किया। देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से पूरा परिसर राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत हो गया। विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों पर अभिभावकों, अतिथियों एवं संस्थान परिवार ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन



किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने संस्थान की कर्मियों निधि कुमारी, मनीषा कुमारी एवं लक्ष्मी कुमारी को उनके उत्कृष्ट एवं समर्पित कार्य के लिए सम्मानित किया। निदेशक ने कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता में कर्मियों की मेहनत, जिम्मेदारी और समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वहीं, सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को भाषण, गीत, नृत्य एवं झांकी के लिए पुरस्कार एवं प्रशस्ति देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित प्रतिभागियों में अंजलि कुमारी, खुशबू कुमारी, श्वेता कुमारी, प्रियंका कुमारी, करिश्मा कुमारी, सुहानी कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, चंदा कुमारी, राखी कुमारी, नीतू कुमारी, सोनाली कुमारी, सलोनी कुमारी, रंजना कुमारी, कुमकुम कुमारी, कोमल कुमारी, सन्नी कुमार, शिवम कुमार, अमन कुमार एवं दिलशाद शामिल रहे। इस दौरान कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस पर मंडल रेल प्रबंधक दानापुर ने किया ध्वजारोहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दानापुर मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के द्वारा जगजीवन स्टेडियम, खगौल में आयोजित स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने रेल सुरक्षा बल, स्काउट एवं गाइड सहित रेलवे स्कूल के बच्चों द्वारा की गई परेड की सलामी ली। मंडल रेल प्रबंधक ने अपने संबोधन में विगत दिनों मंडल की उपलब्धियों का ब्योरा प्रस्तुत किया। इसके अलावा मंडल कार्यालय, मंडल अस्पताल, संस्थानों, डिपो एवं सभी स्टेशनों पर भी ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा निशी देव एवं मंडल रेल प्रबंधक द्वारा संयुक्त रूप से स्वतंत्रता के संदेश के प्रतीक के रूप में आसमान में



गुब्बारा उड़ाया गया। ध्वजारोहण समारोह के दौरान मंडल कला सांस्कृतिक संघ एवं स्काउट एवं गाइड के सदस्यों द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत कई रंगारंग कार्यक्रम तथा झांकी प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा निशी देव, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) वीरेन्द्र कुमार एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) राजीव कुमार सहित सभी अधिकारी, महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, रेलकर्मी, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## गांधी मैदान में स्वतंत्रता दिवस पर दिखी बिहार की बदलती कृषि तस्वीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में बिहार की विकास यात्रा की झलक प्रस्तुत करने वाली आकर्षक झांकी ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। झांकी में राज्य की बदलती कृषि व्यवस्था, किसानों के जीवन में आधुनिक तकनीक की बढ़ती भूमिका तथा डिजिटल कृषि के माध्यम से कृषि सेवाओं को अधिक सरल, पारदर्शी और सुलभ बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। झांकी में फार्मर रजिस्ट्री को विशेष रूप से प्रदर्शित किया गया। बिहार में अब तक 55 लाख 50 हजार से अधिक किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है। फार्मर आईडी के माध्यम से किसान को विभिन्न कृषि योजनाओं एवं सेवाओं से डिजिटल




रूप से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इससे भविष्य में किसान-केंद्रित सेवाओं के अधिक लक्षित और प्रभावी वितरण में मदद मिलेगी। राज्य में अब तक 16 लाख से अधिक किसान बिहार कृषि ऐप से जुड़ चुके हैं। गांधी मैदान में स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर प्रदर्शित यह झांकी बिहार के कृषि क्षेत्र में हो रहे तकनीकी बदलाव और नई संभावओं का संदेश देती है। झांकी में विशेष रूप से यह दर्शाया गया कि मोबाइल और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसान घर बैठे अनेक कृषि सेवाओं और सूचनाओं तक पहुंच बना सकते हैं। झांकी का संदेश केवल तकनीक के प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसके माध्यम से किसानों और नई पीढ़ी को डिजिटल कृषि से जुड़ने, आधुनिक तकनीकों को अपनाने और कृषि को अधिक ज्ञान एवं तकनीक आधारित बनाने का संदेश दिया गया।

## हर्षोल्लास के साथ मना 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** 80 वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति के माहौल में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के मंदिरी स्थित कार्यालय में मनाया गया। समारोह की शुरुआत न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई। इसके पश्चात राष्ट्रगान गाया गया और देश की एकता, अखंडता एवं सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रो. नंदन ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें उन शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है जिनकी वजह से आज हम स्वतंत्र हैं। धार्मिक संस्थानों की भी यह जिम्मेदारी है कि वे समाज में भाईचारे और राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाएं। कार्यक्रम में पर्षद के सदस्य दयानंद कुमार, श्रीकृष्ण शंकर सिंह सेंगर, अधिवक्ता अजीत शुक्ला, सुनील कुमार सिंह, तुषार कांति, तुलस्यान सेंगर सहित पर्षद के पदाधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने मिठाइयां वितरित कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## मंत्री रामकृपाल यादव ने सम्राट चौधरी से की मुलाकात

### दानापुर-खगौल नगर परिषद बहाल करने का अनुरोध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात कर अपने विधानसभा क्षेत्र के भंग दानापुर और खगौल नगर परिषद को पुनः बहाल करने का अनुरोध किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष नगर परिषदों के भंग होने से आम लोगों और निर्वाचित पार्षदों को हो रही परेशानियों का मुद्दा उठाया। विदित हो कि पिछले वर्ष अक्टूबर में वार्डों के परिसीमन एवं नगर निकायों के उत्क्रमण को लेकर नगर विकास विभाग की ओर से बिहार के आठ नगर निकायों के संबंध में अधिसूचना जारी की गई थी। नियमानुसार छह महीने के भीतर चुनाव नहीं होने के कारण अप्रैल में संबंधित नगर निकायों के बोर्ड



स्वतः भंग हो गए। इसके बाद नगर विकास विभाग ने भंग नगर निकायों में प्रशासकों की नियुक्ति कर दी जो फिलहाल कार्यरत हैं। नगर निकाय चुनाव में अभी करीब डेढ़ वर्ष का समय शेष है। मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि नगर परिषदों के भंग होने से आम नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहले लोग अपनी छोटी-छोटी समस्याओं, जैसे कूड़ा-कचरा, साफ-सफाई और पेयजल से जुड़ी समस्याओं को लेकर स्थानीय पार्षदों के पास पहुंचते थे और उनका समाधान भी कराया जाता था। अब नगर निकाय के निर्वाचित प्रतिनिधियों के नहीं रहने से लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि नगर परिषदों के भंग होने से पार्षदों में भी लाचारी और नाराजगी की स्थिति है। स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों के माध्यम से समस्याओं के त्वरित समाधान की व्यवस्था प्रभावित हुई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सहकारिता मंत्री के अनुरोध को गंभीरता से सुना। उन्होंने भंग दानापुर एवं खगौल नगर परिषद को पुनः बहाल करने की दिशा में जल्द ही समुचित कदम उठाने का भरोसा दिया।

## भारतीय स्टेट बैंक ने धूमधाम से मनाया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, पटना परिसर में 80वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के भाव के साथ किया गया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल के मुख्य महाप्रबंधक अनुराग जोशी ने वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से



राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान का गायन किया जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो उठा। अपने संबोधन में श्री जोशी ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी को राष्ट्र के विकास एवं प्रगति के प्रति अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आहवान किया। श्री जोशी ने 80वें स्वतंत्रता दिवस पर विकसित भारत 2047 के लिय युवाशक्ति में युवाओं की भूमिका पर जोर दिया और वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर सभी को शुभकामनाए दी।

### ऊर्जा सचिव ने की पुसौली में राजस्व, परियोजनाओं एवं संचरण-संपोषण कार्यों की समीक्षा

## योजना के लाभार्थी के घर पहुंचकर कार्यों का लिया जायजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ऊर्जा सचिव सह अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड अजय यादव (भा.प्र.से.) ने रविवार को सासाराम डिवीजन के अंतर्गत पुसौली (भभुआ) कॉन्फ्रेंस हॉल में विद्युत व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में राजस्व संग्रहण, विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति तथा संचरण एवं



संपोषण कार्यों की जानकारी ली गई। उन्होंने लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने, विद्युत संरचनाओं के नियमित रखरखाव तथा परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने तथा राजस्व संग्रहण में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। समीक्षा के बाद ऊर्जा सचिव ने 220/132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र, पुसौली का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अधिकारियों से ग्रिड की वर्तमान स्थिति एवं संचालन से संबंधित जानकारी प्राप्त की और आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने विद्युत शक्ति उपकेंद, नदोखर का निरीक्षण किया।

## 80वें स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** 80वें स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद मुख्यालय, पटना में पर्षद के सदस्य सचिव नीरज नारायण द्वारा राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम एवं राष्ट्रीय गान के गायन के साथ ध्वजारोहण किया गया और देश के स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया तथा एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्य पर्षद के सभी पदाधिकारी व कर्मचारी के साथ मीडिया कंसल्टेंट वीरेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

# वंदे मातरम की गूंज से गूंजा रोहतास, आन-बान-शान से लहराया तिरंगा

## हम रहें या न रहें, देश और उसका गौरव अक्षुण्ण रहे : एसपी रौशन कुमार






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस रोहतास जिले में पूरे जोश, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बार स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत झंडोत्तोलन से पूर्व सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में 'वंदे मातरम' के सामूहिक उद्घोष के साथ हुई। इसके बाद विभिन्न स्थानों पर पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराया गया। डिहरी स्थित डीआईजी कार्यालय में डीआईजी डॉ. सत्य प्रकाश ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। स्थानीय पुलिस लाइन में एसपी रौशन कुमार ने झंडोत्तोलन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा हम रहें या न रहें, इस देश और इसका गौरव अक्षुण्ण रहे। यही प्रेरणा प्रत्येक भारतीय के मन में होनी चाहिए। उन्होंने जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा, पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहे। अनुमंडल व्यवहार न्यायालय में एसडीजेएम रिचा कश्यप एवं मुंसीफ अर्चना कुमारी, अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ नीलेश कुमार, एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ संजीव कुमार, डिहरी अनुमंडल विधिक संघ में पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय सहित अधिवक्ता की उपस्थिति में अध्यक्ष मनोज अज्ञानी, डिहरी नगर थाना में थानाध्यक्ष राहुल, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में इंस्पेक्टर शेर सिंह तथा अंदरी देवी अस्पताल में डॉ. वीरेंद्र ने ध्वजारोहण किया।

डिहरी-डालमियानगर नगर परिषद में सभी पार्षदों एवं गुड्डू चंद्रवंशी की उपस्थिति में मुख्य पार्षद शशि कुमारी ने तिरंगा फहराया। डालमियानगर थाना में थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने ध्वजारोहण किया। आरएसके पब्लिक स्कूल में निदेशक आनंद सिंह तथा सनबीम पब्लिक स्कूल में विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह एवं प्राचार्य अनुभा सिन्हा की मौजूदगी में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित हुआ। मोहन बिगहा स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा के पास तथा माता देवरानी अस्पताल में वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा ने झंडोत्तोलन किया। शिवगंज प्राथमिक विद्यालय में प्राचार्य संजय कुमार, जनता विद्या मंदिर में निदेशक जगनारायण पांडे सहित विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में भी पूरे सम्मान के साथ तिरंगा फहराया गया।

**जेडीएस पब्लिक स्कूल में भी मना स्वतंत्रता दिवस**

इन्द्रपुरी चौक स्थित जेडीएस पब्लिक स्कूल के प्रांगण में भी 80वां स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय गौरव और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीए संजय कुमार सिंह ने ध्वजारोहण कर किया। इसके बाद विद्यालय के निदेशक विजय सिंह, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न संस्थानों में सांस्कृतिक एवं देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा उपस्थित लोगों के बीच मिठाइयां वितरित की गईं। पूरे जिले में दिनभर देशभक्ति का माहौल बना रहा और 'वंदे मातरम' तथा भारत माता की जय के उद्घोष से वातावरण गूंजता रहा।

# जीएनएसयू में शान से फहराया तिरंगा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय, जमुहार के प्रांगण में स्वतंत्रता के 80वें वर्षगांठ के अवसर पर आन-बान और शान से तिरंगा फहराने का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्र प्रेम एवं हर्षोल्लास का वातावरण देखने को मिला। मुख्य ध्वजारोहण कार्यक्रम के अतिरिक्त प्रशासनिक भवन एवं सभी संकायों में राष्ट्रीय त्योहार हर्षोल्लास संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुलाधिपति एवं पूर्व सांसद गोपाल नारायण सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम की चर्चा करते हुए देश की बलि वेदी पर अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले ज्ञात तथा अज्ञात शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों का नमन किया तथा अपने संस्थान के सभी शिक्षकों, छात्र-छात्राओं व कर्मचारियों को देश प्रेम की भावना को रखते हुए देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह करने के प्रति उन्हें जागरूक किया। प्रति कुलाधिपति गोविंद नारायण सिंह ने अपने संबोधन विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति में छात्र-छात्राओं की भूमिका पर विशेष रूप से प्रकाश डाला एवं उन्हें इसके लिए साधुवाद दिया। इस अवसर पर मैडम कुलाधिपति शैल सिंह, संस्थान के प्रबंध निदेशक एवं औरंगाबाद सदर के विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ कुमार आलोक प्रताप, परीक्षा नियंत्रक सुदीप कुमार सिंह, सहायक कुल सचिव मिथिलेश कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, डॉ संगीता सिंह, निरुपमा सिंह, डॉ मोनिका सिंह के अलावा सभी संकायों के डीन व डायरेक्टर के अलावा छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# आन-बान-शान से लहराया तिरंगा, देशभक्ति के रंग में रंगा रोहतास



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकबरपुर (रोहतास)।** स्वतंत्रता दिवस पर रोहतास प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न सरकारी, गैर-सरकारी एवं शैक्षणिक संस्थानों में आन-बान-शान के साथ तिरंगा फहराया गया। प्रखंड परिसर में प्रमुख अनु कुमारी, थाना परिसर में थानाध्यक्ष ललन कुमार, अस्पताल में डॉ. अनुज चौधरी तथा नगर पंचायत में मुख्य पार्षद सुमुल आरा ने झंडोत्तोलन किया। रोहतासगढ़ किला परिसर में पुरातत्व विभाग के एसआई नीतीश कुमार व रोहतास थाना के एसआई श्रीकांत पासवान ने संयुक्त रूप से झंडा फहराया। विद्यालयों में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम व आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कर देशभक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर बीडीओ ऋषिकेश कुमार ने शांति समिति के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा भूमिहीन लाभुकों के बीच पर्चा वितरित किया। पूरे प्रखंड में दिनभर देशभक्ति और उत्साह का माहौल रहा।

# स्वतंत्रता दिवस पर सासाराम में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारी, कर्मी एवं नागरिक सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** भारत के 80वें स्वतंत्रता दिवस पर सासाराम स्थित मल्टीपरपज हॉल में जिला प्रशासन, रोहतास द्वारा भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पदाधिकारी रोहतास, पुलिस अधीक्षक रोहतास, उप विकास आयुक्त तथा अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिले के सभी वरीय पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के पश्चात जिला पदाधिकारी एवं उपस्थित वरीय पदाधिकारियों द्वारा बिहार सरकार के सेवा एवं समर्पण के 100 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रोहतास जिले में किए गए विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी कार्यों पर आधारित स्मारिका का विमोचन किया गया। स्मारिका में जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों का संकलन किया गया है। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के वैसे पदाधिकारी एवं कर्मी जिन्होंने अपने दायित्वों का ईमानदारी, निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण योगदान दिया, उन्हें सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लाभुकों को भी जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा जिले के नागरिकों, पदाधिकारियों एवं कर्मियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग एवं सहभागिता से रोहतास जिले को विकास एवं उपलब्धियों की नई ऊंचाइयों तक ले जाने का निरंतर प्रयास किया जाएगा। सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत 'जन गण मन' के सांकेतिक नृत्य से हुई जिसका मनमोहक मंचन आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र, रोहतास के कलाकारों द्वारा किया गया। प्रस्तुति ने दर्शक दीर्घा में बैठे पदाधिकारियों एवं दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया। कलाकारों की प्रस्तुति की उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ खूब सराहना की। जिला शिक्षा विभाग द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई थी। इसके तहत रोहतास जिले के विभिन्न सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों, नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण देशभक्ति और उत्साह से सराबोर हो गया। कल्याण विभाग के अंबेडकर आवासीय विद्यालय से आए बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। छोटे-छोटे बच्चों में कला एवं संस्कृति के प्रति समर्पण और उत्साह विशेष रूप से देखने को मिला।

# कार-ट्रक की भिड़ंत में दो कांवरियों की मौत, तीन घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के दुर्गावती राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो कांवरियों की जान चली गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा तब हुआ जब तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ट्रक से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे के शिकार सभी पांचों युवक अरवल जिले के मेंहदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत शंभुआटेल गांव के रहने वाले हैं। मृतकों की पहचान रंजीत कुमार और अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। वहीं घायलों में अक्षय कुमार (23), आदित्य कुमार (25) और कुंदन कुमार (23) शामिल हैं। घायलों के अनुसार वे सभी देवघर में बाबा बैद्यनाथ के दर्शन करने के बाद वाराणसी पहुंचे थे। काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन संपन्न कर सभी कार से अपने गांव लौट रहे थे, तभी दुर्गावती हाईवे पर यह दुर्घटना घट गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से सभी को तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने रंजीत कुमार को मृत घोषित कर दिया जबकि गंभीर रूप से घायल अभिषेक कुमार को बेहतर इलाज के लिए रेफर किए जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। बाकी तीनों घायलों का इलाज सदर अस्पताल में जारी है। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सरस्वती विद्या मंदिर में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू।** सरस्वती विद्या मंदिर, तिलौथू में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भव्य प्रभातफेरी निकाली गई। हाथों में तिरंगा लिए विद्यार्थियों ने 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के जयघोष किए। प्रभातफेरी के बाद विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिन्हा ने ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि सुशील कुमार, विशिष्ट अतिथि यशवीर सिन्हा एवं अध्यक्ष अनंत कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण, पिरामिड, बांस चाल एवं योग का शानदार प्रदर्शन किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग से प्रेरणा लेकर देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन उपप्रधानाचार्य सर्वेशचंद्र मिश्र ने किया। अंत में सामूहिक 'वंदे मातरम' गायन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# स्वतंत्रता दिवस पर सचिव केदारनाथ सिंह ने किया झंडोत्तोलन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डिहरी।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से संगठन द्वारा मनाया गया। मंच कार्यालय सुभाष नगर में संपन्न हुआ। झंडोत्तोलन केदारनाथ सिंह सचिव द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंच के सभी सदस्य उपस्थित थे। मंच के वरीय सदस्य दयानाथ सिंह, नरेश कुमार संयोजक, विनोद सिंह राज्यकारिणी के सदस्य (भाजपा)-अजय कुमार सिंह, मुखदेव प्रसाद, रामप्रवेश सिंह, अनुज सिंह ने अपना उदगार व्यक्त किये। जनता बाल वाटिका विद्यालय के छात्रों द्वारा स्वागत गान राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया गया।

# आर. एस. के. पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आर. एस. के. पब्लिक स्कूल, बस्तीपुर में 15 अगस्त को 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया जिसके बाद विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संकल्प लिया। समारोह में विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने क्वार्टर गार्ड, मार्च-पास्ट एवं अनुशासन का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों में देशभक्ति का उत्साह भर दिया।

# श्री अरविंद एकेडमी में धूमधाम से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सम्बिका नगर स्थित श्री अरविंद एकेडमी में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के निदेशक कृष्णा प्रसाद एवं प्रधानाचार्य अरविंद भारती ने डिहरी और अकोढ़ीगोला शाखा में संयुक्त रूप से झंडोत्तोलन किया। विद्यार्थियों ने वंदे मातरम और राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। निदेशक कृष्णा प्रसाद ने कहा कि देश अंग्रेजी शासन से आजाद हो चुका है, लेकिन मानसिक गुलामी से भी मुक्त होने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि महर्षि श्री अरविंद का जन्म भी 15 अगस्त को हुआ था। इससे पूर्व 14 अगस्त को विद्यार्थियों ने शहर में तिरंगा यात्रा निकाली थी। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। प्रधानाचार्य अरविंद भारती ने सभी के प्रति आभार जताया।

# तिलौथू प्रखंड में 80वें स्वतंत्रता दिवस पर धूमधाम से किया गया ध्वजारोहण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर तिलौथू प्रखंड मुख्यालय, थाना, पीएचसी सहित पूरे तिलौथू प्रखंड में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण किया गया। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सरैया के नवनिर्मित पंचायत सरकार भवन परिसर में समारोहपूर्वक ध्वजारोहण किया गया। पंचायत के मुखिया संजय चौधरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण, जनप्रतिनिधि, पंचायतकर्मी, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के उपरांत मुखिया संजय चौधरी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए अपने लगभग साढ़े चार वर्षों के कार्यकाल के दौरान पंचायत में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पंचायत को सुंदर, स्वच्छ और बेहतर सुविधाओं से युक्त बनाने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण कार्य कराए गए हैं। मुखिया ने बताया कि पंचायत में मुख्य द्वार, श्मशान घाट, छठ घाट, मुख्य सड़कों, नाली-गली सहित कई विकास योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। वहीं, सोन नदी के कटाव से पंचायत को बचाने के लिए फेंसिंग का कार्य जल संसाधन विभाग के माध्यम से कराया गया जिसे उन्होंने पंचायत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया।

# स्वतंत्रता दिवस पर आठ भूमिहीनों के बीच पर्चा वितरण, 10 कर्मियों को मिले प्रशस्ति पत्र



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर अकोढ़ी गोला प्रखंड कार्यालय में पर्चा वितरण और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि रंजन और प्रभारी सीओ प्रशांत कुमार ने की। बीडीओ रवि रंजन ने प्रखंड में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वच्छता पर्यवेक्षकों और पंचायत सचिवों सहित 10 लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बीडीओ ने सभी कर्मियों के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजीव रंजन उर्फ सोनू सिंह ने 8 भूमिहीन परिवारों के बीच पर्चा वितरण किया जिसमें शिव शंकर राम पिता प्रहलाद राम, बंशी राम पिता कुंअर राम, जगलाल डोम पिता जुलूम राम, कमलेश भुईयां पिता जितन राम सभी ग्राम बरूणा, पूजा किन्नर माता पिंकी किन्नर, मीना देवी पति गंगा राम दोनों ग्राम बांक, ललती देवी, पति सुरेश राम तेतराढ़ एवं प्रभा देवी, पति अशोक साह ग्राम नीमा को पर्चा वितरण किया गया। रवि रंजन ने बताया कि जल्द ही पर्चा धारकों को आवास योजना का भी लाभ मिलेगा। पर्चा मिलते ही सभी लाभुकों के चेहरे खिल उठे, सभी ने इस कार्य के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। वहीं रिंकी कुंअर, पति स्वर्गीय सुनील गिरी, निवासी बसंतपुर ने बताया कि उन्हें पूर्व में मुड़ियार के सहयोग शिविर में तत्कालीन डीएम उदिता सिंह द्वारा पर्चा दिया गया था। लेकिन कुछ देर बाद अंचल कर्मी ने 'साइन और मुहर नहीं होने' का हवाला देकर वह पर्चा वापस ले लिया, जो अब तक नहीं मिला। आज भी वह पर्चा लेने पहुंची थीं, लेकिन नहीं मिल सका। इस पर प्रभारी सीओ प्रशांत कुमार ने आश्वासन दिया कि जांच कर जल्द ही लाभुक को पर्चा उपलब्ध करा

# भारत स्काउट गाइड के प्रभारी मंत्री डॉ. अशोक चौधरी ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** 15 अगस्त 2026 के शुभ अवसर पर भारत स्काउट और गाइड, रोहतास ने परेड में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर मंत्री अशोक चौधरी ने स्काउट एवं गाइड को मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान भारत स्काउट और गाइड के अनुशासन, सेवा-भावना और समर्पण का प्रतीक है। भारत स्काउट और गाइड, रोहतास के लिए यह गौरव और प्रेरणा का अविस्मरणीय क्षण रहा।

# स्वतंत्रता दिवस पर भव्य मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा, गूंजा भारत माता की जय का नारा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का अद्भुत नजारा देखने को मिला जब रविवार जिला पदाधिकारी, रोहतास की अध्यक्षता में भारतीय ध्वज के साथ भव्य मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। विक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र से शुरू हुई इस यात्रा में बड़ी संख्या में जिला प्रशासन के पदाधिकारियों, कर्मियों, स्कूली बच्चों, युवाओं एवं आम नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे मार्ग में भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से माहौल देशभक्तिमय हो गया। यात्रा के दौरान सभी प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान के साथ फहराते हुए राष्ट्रप्रेम, एकता एवं अखंडता का संदेश आमजन तक पहुंचाया। जिला पदाधिकारी ने यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और इस अवसर पर कहा कि इस प्रकार के आयोजन से नई पीढ़ी में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देश के प्रति समर्पण की भावना और मजबूत होती है।

# ज्ञान दीप पुस्तक यात्रा अभियान की डिहरी से शुरुआत, पुस्तक को समाज तक पहुंचाने का संकल्प



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रामकृष्ण आश्रम, डिहरी में शनिवार को न्यायदीप फाउंडेशन के बैनर तले 'ज्ञान दीप पुस्तक यात्रा अभियान' के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता डॉ. शंभु शरण सिंह ने की। इसमें पुस्तक चर्चा के साथ-साथ पुस्तकों को समाज के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और पढ़ने की संस्कृति को पुनर्जीवित करने पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। अभियान के चिंतक एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने स्वागत करते हुए कहा कि पिछले कई महीनों से इस अभियान को लेकर देशभर के बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, छात्रों और शिक्षकों के बीच चर्चा की जा रही है। विभिन्न स्थानों से अभियान को उत्साहजनक समर्थन और सराहना मिली है। अब इसकी शुरुआत डिहरी से की जा रही है। उन्होंने कहा कि 'ज्ञान दीप पुस्तक यात्रा' के तहत मांग और आवश्यकता के अनुसार साप्ताहिक अथवा निर्धारित अंतराल पर पुस्तकें लेकर लोगों के बीच जाया जाएगा। लोगों को उनकी पसंद की पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी और उनसे पुस्तक का मूल्य लिया जाएगा। अभियान में डॉ. भीमराव आंबेडकर, महात्मा गांधी, मुंशी प्रेमचंद, रामधारी सिंह दिनकर, राहुल सांकृत्यायन, लियो टॉलस्टॉय, जॉर्ज ऑरवेल सहित देश-दुनिया के महत्वपूर्ण लेखकों और विचारकों की पुस्तकें शामिल होंगी। संतोष उपाध्याय ने कहा कि पुस्तक केवल कागज और स्याही का संग्रह नहीं, बल्कि समाज को विवेक, विचार और संवेदना देने का माध्यम है। ज्ञान दीप का उद्देश्य पुस्तक को अलमारी से निकालकर गांव, मोहल्ले, विद्यालय, महाविद्यालय और आम लोगों के बीच पहुंचाना है। गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने अभियान को तन, मन और धन से सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया। रोहतास महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह ने समाज में पुस्तक दान की पुरानी परंपरा को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता बताई। वहीं बार के नेता उमाशंकर पांडेय ने डिहरी के उस दौर को याद किया जब शहर में जीवंत पुस्तकालय और पढ़ने की संस्कृति हुआ करती थी। उनकी स्मृतियों ने उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता संजय पासवान ने लोगों को प्रतिदिन पुस्तक पढ़ने की आदत विकसित करने की प्रेरणा दी।

# शव की हुई पहचान, परिवार में मचा कोहराम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकबरपुर (रोहतास)।** डिहरी थाना क्षेत्र के इन्द्रपुरी पुल के नीचे पानी में तैरते मिले अज्ञात शव की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान रोहतास थाना क्षेत्र के नावाडीह मस्जिद मोड़ निवासी खुर्शीद आलम उर्फ राजन अंसारी (30), पिता स्व. मुर्तुजा आलम अंसारी के रूप में हुई है। शव की पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि खुर्शीद आलम उर्फ राजन अंसारी शुक्रवार को किसी काम से डिहरी जाने के लिए घर से निकले थे। परिजनों के अनुसार केरपा टोल प्लाजा के समीप वाहन में किसी व्यक्ति से उनका विवाद हुआ था।


**शपथ पत्र**

मैं शिवकुमारी देवी पति-बैजनाथ साव, ग्राम-परसडीह, पो.-रजोई, थाना-फेसर जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक निम्नलिखित बयान करती हूं कि मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं तथा मेरा आधार सं. 2748 0649 7284 है। मैं भारतीय जीवन बीमा निगम में जीवन सरल योजना खुलवाई है जिसमें मेरा नाम सुरजी देवी (SURJI DEVI) जिसका पालिसी नं. 516747722 है। मैं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में एक खाता है जिसका खाता सं. 3903974750 में मेरा नाम शिवकुमारी देवी (SHIVKUMARI DEVI) अंकित है। मैं सुरजी देवी उर्फ शिवकुमारी देवी दोनों नामों से जानी पहचानी जाती हूं। उक्त नामों की एकमात्र महिला अपने गांव में मैं ही हूं। शपथ पत्र में वर्णित सभी बातें सही एवं सत्य है।

शपथकर्ता
शिवकुमारी देवी

# हरिश्चन्द्र स्टेडियम में हर्षोल्लास से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। जिले के ऐतिहासिक हरिश्चन्द्र स्टेडियम में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। मुख्य अतिथि बिहार सरकार के लघु जल संसाधन विभाग के मंत्री सह नवादा जिला प्रभारी मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन एवं जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने संयुक्त रूप से परेड का निरीक्षण किया। राष्ट्रगीत के बाद प्रभारी मंत्री ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार सामाजिक न्याय के साथ विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नवादा जिले में सिंचाई, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जल-जीवन-हरियाली एवं हर खेत तक सिंचाई का पानी योजना के तहत 23 आहर एवं 51 सतही सिंचाई योजनाओं के लिए 161.78 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। जिले में 2,32,773 पेंशनधारियों को प्रतिमाह 1,100 रुपये डीबीटी के माध्यम से दिए जा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में 18 विद्यालयों को मॉडल विद्यालय तथा 21 विद्यालयों को पीएम श्री विद्यालय के रूप में विकसित किया गया है। स्वास्थ्य क्षेत्र में बाल हृदय योजना के तहत 142 बच्चों का सफल इलाज कराया गया है। वहीं 27,072 स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 3.60 लाख से अधिक ग्रामीण परिवार जीविका से जुड़े हैं। समारोह में उत्कृष्ट कार्य के लिए सफाई कर्मी, पुलिसकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी, सेविका, प्रगतिशील किसान सहित कई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अभियान बसेरा-02 के तहत छह भूमिहीन लाभुकों को वास भूमि का पर्चा भी प्रदान किया गया। वाणिज्य-कर संग्रहण में बेहतर योगदान देने वाले व्यवसायियों को भामाशाह सम्मान दिया गया। आरडीए कम्पनी के राजीव कुमार सिन्हा को प्रथम, आशीर्वाद ग्रुप को दूसरा तथा मंजू श्री को तीसरा पुरस्कार प्रदान किया गया।

# स्व. गुलाब चन्द्र साव की 28वीं पुण्यतिथि: मंत्री संतोष सुमन और सांसद विवेक ठाकुर ने दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। भाजपा नेता रवि गुप्ता के दादा गुलाब चन्द्र साव की 28वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि एवं पुण्य स्मरण कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धापूर्वक किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, राजनीतिक दलों के नेता, समाजसेवी, बुद्धिजीवी, व्यवसायी एवं परिवारजन उपस्थित हुए। श्रद्धांजलि सभा में बिहार सरकार के लघु जल संसाधन विभाग के मंत्री सह नवादा जिले के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन, नवादा के सांसद विवेक ठाकुर, विधान पार्षद अशोक यादव, बिहार राज्य अनुसूचित आयोग के सदस्य संजय दास, पटना महापौर के प्रतिनिधि शिशिर कुमार सहित जिला परिषद सदस्य, मुखिया एवं भाजपा, लोजपा तथा जदयू के वरिष्ठ नेतागण मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय गुलाब चन्द्र साव के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। वक्ताओं ने उनके जीवन, संस्कार, सामाजिक सरोकार एवं सेवा-भाव को स्मरण करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति का जीवन उसके जाने के बाद भी उसके विचारों और संस्कारों के माध्यम से समाज को प्रेरणा देता रहता है। पुण्यतिथि के अवसर पर स्वर्गीय गुलाब चन्द्र साव की स्मृति को चिरस्थायी बनाने तथा समाजसेवा की भावना को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत पौधारोपण, बच्चों के बीच पुस्तकों का वितरण तथा सैकड़ों लोगों के बीच खीर-पूरी प्रसाद का वितरण किया गया। परिवारजनों ने कहा कि स्वर्गीय गुलाब चन्द्र साव भले ही आज सशरीर उनके बीच उपस्थित नहीं हैं, लेकिन उनके संस्कार, विचार, सेवा-भाव और आशीर्वाद सदैव परिवार एवं समाज का मार्गदर्शन करते रहेंगे। उनकी पुण्यतिथि पर आयोजित सेवा एवं जनकल्याण के कार्यक्रम उनके जीवन मूल्यों को आगे बढ़ाने का माध्यम बने। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय गुलाब चन्द्र साव को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने तथा समाजहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

## एक नजर

### इनर व्हील क्लब नवादा ने लगाए 151 फलदार पौधे



**नवादा**। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इनर व्हील क्लब नवादा की सदस्यों ने नवादा जेल परिसर में 151 फलदार पौधों का पौधरोपण किया। कार्यक्रम में क्लब की प्रेसिडेंट रेखा रानी सहित अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत जेलर नीतीश कुमार द्वारा फीता काटकर की गई। इसके बाद क्लब की प्रेसिडेंट रेखा रानी और सदस्यों ने पौधों की पूजा-अर्चना एवं आरती कर उनके बेहतर भविष्य और स्वस्थ विकास की कामना की। इस दौरान परिसर में विभिन्न फलदार पौधे लगाए गए। प्रेसिडेंट रेखा रानी ने कहा कि इतने बड़े स्तर पर पौधरोपण कर उन्हें बेहद खुशी हो रही है। उन्होंने कहा, "पशु-पक्षी धरती की शान हैं और पेड़ पर्यावरण की जान हैं। हम सभी मिलकर अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और धरती को हरा-भरा बनाएं।" उन्होंने लोगों से पेड़ लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल और संरक्षण करने की भी अपील की। उन्होंने इसे पुण्य का कार्य बताते हुए सभी लोगों से पौधे लगाने का आह्वान किया। जेल परिसर में पौधरोपण का मुख्य उद्देश्य कैदियों को भविष्य में इन फलदार पौधों का लाभ पहुंचाना भी है। कार्यक्रम में सेक्रेटरी पुष्पा कुमारी, एडिटर जय लक्ष्मी सिन्हा, वाइस प्रेसिडेंट अंजना सिन्हा और आशा देवी सहित क्लब की अन्य सदस्य मौजूद रहीं।

### भूमिहीन परिवारों के बीच बांटे गए बंदोबस्ती पर्चे

**कौआकोल**। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को झंडोत्तोलन के बाद अंचल कार्यालय के द्वारा प्रखण्ड के 22 परिवारों को बन्दोबस्ती पर्चा निर्गत किया गया। सीओ चन्दन चौधरी एवं राजस्व अधिकारी अनीश कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन के निर्देश पर प्रखण्ड प्रमुख रीना राय के द्वारा भूमिहीन परिवार को बन्दोबस्ती पर्चा निर्गत किया गया। मौके पर उपप्रमुख अनन्त कुमार नवीन यादव,बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार,बीपीआरओ शमा बानो समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

### टी.एस. कॉलेज हिसुआ में मना स्वतंत्रता दिवस



**हिसुआ**। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की अंगीभूत इकाई टी.एस. कॉलेज, हिसुआ में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोहपूर्वक एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. पवन कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद एनसीसी पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार दुबे के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स ने शानदार परेड प्रस्तुत कर तिरंगे को सलामी दी। अपने संबोधन में प्राचार्य प्रो. पवन कुमार शर्मा ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर जवानों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देश के विकास के लिए समर्पित भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं में राष्ट्रप्रेम और जिम्मेदारी की भावना मजबूत होगी, तभी देश निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम का मंच संचालन कॉलेज के मीडिया प्रभारी मुकेश कुमार ने किया। समारोह में पूर्व प्राचार्य डॉ. जयनंदन प्रसाद सिंह, डॉ. मनु जी राय, डॉ. देवेंद्र प्रसाद, डॉ. रविन्द्र प्रसाद सिंह, डॉ. स्वर्गेश कुमार, डॉ. भोला शंकर बर्नवाल, शिक्षक संघ सचिव डॉ. संजय कुमार, डॉ. संजय चौहान, पूनम भारती, सच्चिदानंद मिश्रा, रामाशीष कुमार, अरुण कुमार, डॉ. शेखर, अनिल कुमार, राजेश कुमार, अमरनाथ गुप्ता, सिंधुकांत, रौशन कुमार सहित महाविद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षक एवं वर्तमान शिक्षक-कर्मचारी उपस्थित रहे। समारोह में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का उत्साहपूर्ण वातावरण देखने को मिला।

# बनिया बीघा में भव्य गेट का उद्घाटन, हजारों ग्रामीण हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा**। शनिवार को ग्राम पंचायत बनिया बीघा, प्रखंड गोविंदपुर में मुखिया प्रतिनिधि पंकज सिंह की अध्यक्षता में झंडोत्तोलन के पश्चात पंचायत के बनिया बीघा में स्व. बाबूलाल सिंह भूतपूर्व सैनिक के याद में एक भव्य प्रवेश द्वार का उद्घाटन किया गया। शिलान्यास मुखिया मिनती देवी और रामेश्वर यादव के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर पंचायत के हजारों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन के पश्चात भोज का आयोजन किया गया। इसके बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खूब आनंद उठाया। कार्यक्रम में शिवनंदन यादव, प्रदीप राम, सुधीर यादव, शशि भूषण सिंह, पूर्व सैनिक भागीरथ यादव, रामबालक यादव, डॉ. मुख्तार, मो. अरमान, मनोज राम, गोपाल पांडे, राजू राम और इमामुद्दीन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# उर्दू प्राथमिक विद्यालय इजहारचक में धूमधाम से ध्वजारोहण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नरहट (नवादा)**। प्रखंड के उर्दू प्राथमिक विद्यालय इजहारचक में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। विद्यालय के प्रधान शिक्षक राजेश कुमार ने तिरंगा फहराया और सभी को सलामी दी। इस मौके पर राष्ट्रीय गान गाया गया। ध्वजारोहण के बाद बच्चों ने देशभक्ति गीत, कविता और नारे प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में विद्यालय के सभी बच्चे तिरंगा टोपी, बिल्ला और हाथ में छोटा तिरंगा लेकर शामिल हुए। शिक्षक, शिक्षिकाओं के साथ-साथ अभिभावक और गांव के गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। ध्वजारोहण के पश्चात सभी ने तिरंगे के साथ सामूहिक फोटो खिंचवाई। प्रधान शिक्षक राजेश कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही देश की प्रगति की कुंजी है। उन्होंने बच्चों से अनुशासन, इमानदारी और देश सेवा की भावना अपनाने का आह्वान किया। मौके पर शिक्षक मो इमामुल इस्लाम शैलेन्द्र कुमार टुनेस्वर रविदास आंगनबाड़ी सेविका सबीहा प्रवीण नसरीन बानो ग्रामीण मो मोइज़ मो गौसुलवरा मो मोईन उद्दीन मो जाकिर हुसैन सजदा खातून शहनाज बानो एवं बच्चे और अभिवावक मौजूद थे

# कौआकोल में हर्षोल्लास व शान से लहराया तिरंगा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कौआकोल**। प्रखण्ड में 80 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम से शनिवार को मनाया गया। इस मौके पर प्रखंड के सरकारी, गैर सरकारी संस्थानों सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक व निजी स्थलों पर समारोह पूर्वक राष्ट्रीय तिरंगा झंडा फहरा कर सलामी दी गई। प्रखण्ड मुख्यालय में बीडीओ डॉ० अखिलेश कुमार, सीओ चन्दन चौधरी,बीपीआरओ शमा बानो, मनरेगा पीओ असलम हुसैन एवं उपप्रमुख अनन्त कुमार उर्फ नवीन यादव सहित सैकड़ों गणमान्य लोगों की मौजूदगी में प्रखण्ड प्रमुख रीना राय ने झंडोतोलन कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। वहीं बीआरसी में बीईओ अजित कुमार,पशुपालन कार्यालय में टीबीओ डॉ० शम्भू शरण, कौआकोल पैक्स में अध्यक्ष सुनील साव, अंबेदकर पार्क में अध्यक्ष ब्रह्मदेव रविदास, कौआकोल ग्राम कचहरी में सरपंच मुन्नी देवी,वन विभाग में रेंजर राजेश रौशन, कस्तूरबा विद्यालय में वार्डन साधना सिंह,थाना में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह,पीएचसी में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० रामप्रिय सहगल,पंचायत भवन कौआकोल में मुखिया नीभा कुमारी,पूर्व विधायक मोहम्मद कामरान के कार्यालय में पूर्व राजद अध्यक्ष कैलाश प्रसाद यादव, प्रोजेक्ट गायत्री बालिका इंटर विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार, ईंटर विद्यालय कौआकोल में प्रभारी प्राचार्य श्याम कुमार वर्मा,बापू इंटर विद्यालय पाण्डेयगंगौट में प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार,वारसी कॉलेज पाण्डेयगंगौट में प्राचार्य डॉ० बिपिन कुमार सिन्हा,पंचायत भवन सोखोदेवरा में मुखिया रेखा देवी, पाण्डेयगंगौट में मुखिया दीपक कुमार, पहाड़पुर में मुखिया हेमा देवी, छबैल में मुखिया भोला प्रसाद गुप्ता, केवाली पैक्स में अध्यक्ष संजय यादव, मंझिला में नरेंद्र सिंह,दरावां में रजनीश कुमार,नावाडीह में अध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने झंडोतोलन कर राष्ट्रध्वज तिरंगा को सलामी दी।

## नालंदा

# डैफोडिल ग्रुप ऑफ स्कूल्स में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। मंगला स्थान स्थित डैफोडिल ग्रुप ऑफ स्कूल्स में देशभक्ति और उत्साह के बीच 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से हुई। छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अभिभावकों ने राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं समर्पण की भावना के साथ समारोह में भाग लिया।समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों की देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। संगीत, समूह नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि दी। तिरंगे की आन-बान-शान, भारत माता, भारतीय सैनिकों के शौर्य, महिला सशक्तीकरण, ऑपरेशन सिंदूर और राष्ट्रप्रेम पर आधारित प्रस्तुतियों ने माहौल को देशभक्ति से भर दिया। कार्यक्रम के दौरान परिसर भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय हिंद के नारों से गूंजता रहा। प्राचार्य रवि चंद कुमार ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस वीर सपूतों के त्याग और बलिदान को याद करने का अवसर है। विद्यार्थियों को ज्ञान, अनुशासन, इमानदारी और कर्मठता के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। चेयरमैन रंजीत प्रसाद सिंह ने कहा कि विद्यार्थी ही देश के भावी निर्माता हैं। उनमें देशभक्ति के साथ संवेदनशीलता, समानता, नारी सम्मान और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना जरूरी है। स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की अध्यक्ष रश्मि रानी ने विद्यार्थियों की शानदार प्रस्तुतियों की सराहना की। समारोह को विद्यालय प्रबंधन ने प्रेरणादायी और अविस्मरणीय बताया।

# सोगरा स्कूल मैदान में डीएम उदित सिंह ने फहराया तिरंगा







**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)**। स्वतंत्रता दिवस पर स्थानीय सोगरा स्कूल मैदान में जिला स्तरीय मुख्य समारोह आयोजित हुआ। जिलाधिकारी उदित सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली और उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया। इस दौरान विभिन्न टुकड़ियों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की। समारोह को संबोधित करते हुए डीएम ने जिलेवासियों को शुभकामनाएं दीं और जनकल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, कृषि और रोजगार के जरिए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह में विभागों द्वारा विकास योजनाओं पर आधारित झांकियां निकाली गईं। उधर, समाहरणालय में डीएम उदित सिंह, पुलिस केंद्र में एसपी भरत सोनी, जिला परिषद में अध्यक्षा तनुजा कुमारी और अनुमंडल कार्यालय में एसडीएम किशल्य श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण किया। वहीं, नगर निगम में महापौर अनिता देवी, अनुमंडल पुलिस कार्यालय में एसडीपीओ अमरनाथ, सिविल सर्जन कार्यालय में डॉ. जितेंद्र सिंह तथा अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ भवन में मंत्री संजय कुमार ने तिरंगा फहराया। इसके अलावा बिहार थाना में थानाध्यक्ष सम्राट दीपक, लहेरी में रंजीत रजक और सोहसराय में मुकेश कुमार मुकेश ने झंडोत्तोलन किया।

### बच्चियों के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



**बिहारशरीफ**। स्वतंत्रता दिवस पर महावीर सेवा मंडल ट्रस्ट, बिहारशरीफ की ओर से गिरियक प्रखंड के चोरसुआ पंचायत अंतर्गत बजरंगीबिगहा गांव में ग्रामीण बच्चियों के बीच मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने के साथ उनमें देशभक्ति और उत्साह का संचार किया गया। ट्रस्ट के निदेशक डॉ. अवधेश प्रसाद एवं संयोजक मंजू प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित प्रतियोगिता में बच्चियों ने आकर्षक मेहंदी डिजाइन बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शांति कुमारी ने प्रथम, सुरुचि कुमारी ने द्वितीय, प्रियंका कुमारी ने तृतीय तथा स्वाति कुमारी ने चतुर्थ स्थान हासिल किया। विजेताओं को ट्रॉफी, सर्टिफिकेट, कॉपी और कलम देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गांव के सभी बच्चों एवं बच्चियों को कॉपी, कलम और तिरंगा झंडा वितरित किया गया। वहीं 110 मिठाई के पैकेट और चॉकलेट भी बांटे गए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और ग्रामीणों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। डॉ. अवधेश प्रसाद ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ग्रामीणों को मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। संयोजक मंजू प्रसाद ने बच्चों को पढ़ाई-लिखाई से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं की जानकारी दी और जरूरतमंद लोगों की हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष मोजाहिरुल हक, सचिव रंजीत कुमार, शिवानी कुमारी, विश्व प्रकाश, मंजू प्रकाश, सुमन भारती, अजय कुमार एवं वंदना वर्मा की भूमिका सराहनीय रही।

# छात्रों से मारपीट के विरोध में एनएच-20 जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हरनौत**। चेरो ओपी थाना क्षेत्र के खरुआरा गांव में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय में झंडा फहराने जा रहे आधे दर्जन से अधिक छात्रों के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद छात्रों के परिजनों और ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। आरोपितों पर कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने खरुआरा गांव के समीप एनएच-20 को जाम कर दिया। इससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।बताया जाता है कि शनिवार सुबह करीब 9:30 बजे उच्च माध्यमिक विद्यालय खरुआरा में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। गोसाई बीघा गांव के छात्र कार्यक्रम में शामिल होने विद्यालय जा रहे थे। इसी दौरान खरुआरा गांव के पास कुछ लोगों ने छात्रों को रोककर लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। जख्मी छात्रों को परिजन इलाज के लिए कल्याणबिगहा रेफरल अस्पताल ले गए। जख्मी छात्र मोनू कुमार ने आरोप लगाया कि आरोपितों के हाथ में पिस्टल सहित अन्य हथियार थे। उसने बताया कि पहले भी छात्रों के साथ मारपीट की घटनाएं हो चुकी हैं। घटना में अमरेश कुमार, अंकुश कुमार, आयुष कुमार, किरण कुमार, समीर कुमार, आदित्य कुमार और अंकित कुमार सहित अन्य छात्रों के घायल होने की बात सामने आई है। जाम की सूचना पर हरनौत, कल्याणबिगहा और भागनबिगहा थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने ग्रामीणों को आरोपितों के खिलाफ जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद करीब आधे घंटे में जाम समाप्त हुआ। हरनौत थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मुकेश कुमार वर्मा ने विद्यालय पहुंचकर शिक्षकों से भी जानकारी ली। चेरो ओपी थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार ने बताया कि छात्रों की ओर से लिखित आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# टीबीटी शिक्षक सम्मान समारोह: 100 नवाचारी शिक्षक सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नूरसराय (नालंदा)**। फेसबुक मंच 'दी बिहार टीचर्स हिस्ट्री मेकर्स' (टीबीटी) की ओर से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पहली बार जिला शिक्षक सम्मान समारोह 2026 आयोजित हुआ। इसमें नालंदा सहित बिहार के विभिन्न जिलों से चयनित करीब 100 उत्कृष्ट व नवाचारी शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और सांसद कौशलेंद्र कुमार ने शिक्षकों को सम्मानित कर उनकी सराहना की। मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि शिक्षक समाज निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। नवाचारी शिक्षक अपने बेहतर कार्यों से शिक्षा क्षेत्र में बदलाव ला रहे हैं।

उन्होंने शिक्षकों से मोबाइल-इंटरनेट का सकारात्मक उपयोग कर सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने, स्वच्छता को बढ़ावा देने और पौधरोपण की अपील की। आयोजक प्रिंसिपल डॉ. नीतू सिंह ने बताया कि टीबीटी मंच उन शिक्षकों को सम्मानित कर रहा है जो नए प्रयोगों से बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं और अनुभव साझा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार के स्कूल अब देश के लिए आदर्श बन रहे हैं।

### सड़क दुर्घटना में नवविवाहित युवक की मौत

**करायपरसुराय**। थाना क्षेत्र के बेरथु-डियावां मुख्य मार्ग पर शनिवार को बेरथु इंडियन गैस कार्यालय के पास पिकअप वैन और बाइक की आमने-सामने टक्कर में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बेरथु गांव निवासी प्रमोद यादव के पुत्र रविकांत कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि रविकांत की हाल ही में शादी हुई थी। ग्रामीणों के अनुसार, पिकअप वैन पभेड़ी की ओर से करायपरसुराय की तरफ जा रही थी। इसी दौरान बाजार से बाइक से घर लौट रहे रविकांत की वैन से जोरदार टक्कर हो गई। गंभीर रूप से घायल रविकांत को ग्रामीण अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। हादसे के बाद चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। थानाध्यक्ष सुशील कुमार पासवान ने बताया कि चालक की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जा रही है।

### 17 घंटे बाद घर पहुंचा लापता ट्रक चालक

**बिहारशरीफ**। एकंगरसराय थाना क्षेत्र के धुरगांव ऑटो स्टैंड से लापता हुए ट्रक चालक राजीव कुमार करीब 17 घंटे बाद रविवार को अपने गांव महम्मदपुर पहुंच गया। उसके सकुशल मिलने के बाद पुलिस और परिजनों ने राहत की सांस ली। राजीव कुमार महम्मदपुर निवासी देवेंद्र प्रसाद का 35 वर्षीय पुत्र है। घटना की सूचना मिलते ही एकंगरसराय पुलिस ने कई स्थानों पर छापेमारी करते हुए सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। फुटेज के आधार पर करीब आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। बाद में वरीय अधिकारियों के निर्देश पर जिले के कई थानों की पुलिस, डॉग स्क्वायड और जिला तकनीकी इकाई की टीम भी मौके पर पहुंची। चालक के नहीं मिलने से आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस वाहन के कुछ हिस्से को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसके बाद धुरगांव पुलिस छावनी में तब्दील हो गया। बताया जाता है कि ट्रक को साइड करने के दौरान ठेले से हल्की टक्कर के बाद चालक और ठेला चालक के बीच विवाद व मारपीट हुई थी। इसी दौरान उपचालक ट्रक लेकर महम्मदपुर चला गया, जबकि राजीव वहीं रह गया। घर लौटने के बाद पुलिस ने राजीव को अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया और थाना ले जाकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# सवा करोड़ की डकैती में दो और गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। दीपनगर थाना क्षेत्र के देवीसराय में 3 अगस्त को बीज कारोबारी राजीव रंजन के घर हुई सवा करोड़ रुपये की डकैती मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसआइटी ने छत्तीसगढ़ के कोरबा से गिरोह के दो और सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके साथ ही 15 सदस्यीय गिरोह के अब तक नौ अपराधी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके है। सदर डीएसपी-1 अमरनाथ ने बताया कि गुप्त सूचना पर कोरबा में छापेमारी कर गुलनी निवासी सोनू कुमार और जोरारपुर निवासी धीरज कुमार को पकड़ा गया। धीरज के पास से 1.72 लाख रुपये, जबकि सोनू के पास से तीन लाख रुपये नकद, दो सोने की चेन, दो मंगलसूत्र, एक लॉकेट और सोने का सिक्का बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार, डकैती के बाद सोनू अपने बहनोई के घर कोरबा में छिपा था। दोनों आरोपियों पर पूर्व से भी लूट और हत्या के मामले दर्ज हैं।इससे पहले मुख्य सरगना अजीत सिंह समेत चार को जामताड़ा से गिरफ्तार किया गया था। वहीं पूर्व चालक बबलू प्रसाद पर कारोबारी के घर की जानकारी गिरोह को देने का आरोप है। राजेश झा उर्फ लंगड़ा और मुकेश कुमार उर्फ अभिराज की गिरफ्तारी भी हो चुकी है।पुलिस के मुताबिक अब तक लूट की रकम और आभूषणों की लगातार बरामदगी हो रही है। फरार छह आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी की छापेमारी जारी है।

# एस बी फिजिकल एकेडमी में सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ**। दीपनगर स्थित एसबी फिजिकल एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान मंसूर नगर निवासी एवं संस्थान से शारीरिक प्रशिक्षण प्राप्त कर असिस्टेंट कमांडेंट के पद पर चयनित ऋषिकांत कुमार को सम्मानित किया गया।समारोह में बिजली विभाग के सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर मनीष कान्त, नालंदा के जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी अजय कुमार और अभिषेक राज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने ऋषिकांत को सफलता की बधाई देते हुए अन्य युवाओं को भी लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।एकेडमी के निदेशक व एक्स-आर्मी संजीव कुमार ने बताया कि ऋषिकांत ने महज एक सप्ताह की कड़ी शारीरिक ट्रेनिंग में अपनी क्षमता को निखारा और सफलता हासिल की। उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और सही प्रशिक्षण सफलता की कुंजी है। एकेडमी के मूल मंत्र "आप मुझे पसीना दो, मैं आपको वर्दी दूंगा" को दोहराते हुए उन्होंने युवाओं को निरंतर मेहनत करने का संदेश दिया। डीपीआरओ अजय कुमार ने एकेडमी की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संस्थान युवाओं में फिटनेस के साथ अनुशासन और देशसेवा की भावना विकसित करते हैं। समारोह में ऋषिकांत की सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा बनी रही।

# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर गया कॉलेज में शान से लहराया तिरंगा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** गया कॉलेज, गया में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह स्मारक पार्क में भव्य एवं गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम' के गायन से हुआ। इसके बाद गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने राष्ट्रध्वज फहराया तथा सभी उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान गाया। ध्वजारोहण के उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों एवं एनसीसी कैडेट्स द्वारा अनुशासित एवं आकर्षक परेड प्रस्तुत की गई तथा राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। एनसीसी कैडेट्स की शानदार परेड ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। एनसीसी के एएनओ डॉ. संजय तिवारी एवं डॉ. प्रियंका राय ने कैडेट्स का नेतृत्व किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्र ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान और राष्ट्रभक्ति को स्मरण करने तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति अपने दायित्वों को दोहराने का अवसर है। उन्होंने शहीद भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, राम प्रसाद बिस्मिल, लाला लाजपत राय, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी सहित सभी अमर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन बीएड विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. धनंजय धीरज ने किया। इस अवसर पर शिक्षक संघ की अध्यक्ष डॉ विभा सिंह, सचिव डॉ आनंद कुमार, बर्सर डॉ मारकंडे पांडे, बड़े बाबू संतोष सिंह, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संदीप कुमार एवं सचिव दुर्गेश सुमन के साथ-साथ महाविद्यालय के सभी विभागों के अध्यक्ष, शिक्षक एवं कर्मचारी गण उपस्थित थे। अंत में गया कॉलेज परिवार ने राष्ट्र की एकता, अखंडता, समृद्धि एवं विकसित भारत के निर्माण के संकल्प के साथ सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## हम पार्टी कार्यालय में विधायक दीपक कुमार ने फहराया तिरंगा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** प्रखंड स्थित हम पार्टी कार्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान इमामगंज क्षेत्रीय विधायक विधायक दीपक कुमार ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष रामप्रीत भारती, मुखिया श्याम सुंदर प्रसाद गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और पार्टी कार्यकर्ताओं मौजूद रहे।

# अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर डॉ. प्रेम कुमार ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ. कुमार ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के युग पुरुष और सर्वप्रिय राजनेता थे। वे राजनीति में शुचिता, लोकतांत्रिक मूल्यों, राष्ट्रभक्ति और मानवीय संवेदनाओं के अद्भुत समन्वय के प्रतीक थे। उन्होंने सार्वजनिक जीवन में सिद्धांतों और राष्ट्रहित को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व दलगत सीमाओं से ऊपर था। उनके विचारों, ओजस्वी वक्तृत्व और सहज व्यवहार के कारण देश के हर वर्ग में उनके प्रति सम्मान था। वे कुशल प्रशासक, प्रखर वक्ता, संवेदनशील कवि और दूरदर्शी राष्ट्रनेता थे। उनके नेतृत्व में भारत ने विकास, आधारभूत संरचना और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कीं। डॉ. कुमार ने कहा कि पोखरण परमाणु परीक्षण, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी ऐतिहासिक पहलें उनके दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। उन्होंने लोकतंत्र को मजबूत करने के साथ भारत की वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्श और विचार आज भी राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित करते हैं।

## स्वतंत्रता दिवस पर 50 भूमिहीन परिवारों को मिला भूमि बंदोबस्त का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर खिजरसराय अंचल में 50 भूमिहीन परिवारों को आवास के लिए भूमि बंदोबस्त का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में एसडीएम केशव आनंद, एसडीपीओ सुरेंद्र सिंह, अंचल अधिकारी केशव किशोर, राजस्व अधिकारी नवल आनंद, जनप्रतिनिधि एवं प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष पिंकी देवी सहित भूमि लाभुक परिवारों के सदस्य मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि बिहार सरकार द्वारा लगातार भूमिहीन परिवारों को आवास के लिए जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिया गया है। इसी के तहत भूमिहीन परिवारों को भूमि बंदोबस्त का लाभ दिया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भूमि बंदोबस्त की प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। इसके लिए किसी को पैसा देने की जरूरत नहीं है।

# बड़ी कुर्बानियों के बाद हमें मिली है आजादी : डॉ. मो. अली हुसैन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** शहर के प्रतिष्ठित मिर्जा गालिब कॉलेज में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. अली हुसैन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित लोगों को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि देश को आजादी बड़ी कुर्बानियों और संघर्षों के बाद मिली है। स्वतंत्रता दिवस की खुशी मनाने के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक को अपने दायित्व और जिम्मेदारियों का भी एहसास होना चाहिए। उन्होंने देश को आजाद कराने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। उन्होंने रानी लक्ष्मीबाई, बेगम हजरत महल, टीपू सुल्तान, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुखदेव, राजगुरु, अशफाकउल्ला खान, महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू, मौलाना अबुल कलाम आजाद एवं सरदार वल्लभभाई पटेल सहित अनेक महान स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रनिर्माताओं को श्रद्धापूर्वक यादकवारिस ने दी।

## गयाजी में गूंजा महिला आत्मनिर्भरता का संदेश, उपलब्धियों को मिला सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** महिलाओं की उपलब्धियों, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता को समर्पित आरसीएम कंज्यूमर प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से आयोजित स्पेशल वूमेन्स एकेडमी 2026 का भव्य आयोजन आरसीएम वर्ल्ड में संपन्न हुआ। इस नारी सम्मान की अधिकारी थीम पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में देशभर से महिला एसोसिएट बायर्स और लीडर्स ने भाग लिया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत पथ संचलन और ध्वजारोहण से हुई। स्कूली बच्चियों की प्रस्तुति के साथ विभिन्न राज्यों की महिलाओं ने अपनी संस्कृति और परंपराओं को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में महिला अचीवर्स को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों की सराहना की गई। आरसीएम के संस्थापक टी सी छाबड़ा ने कहा कि महिलाओं को अपने पैरों पर खड़े होने और अपनी पहचान बनाने के अवसर देना संस्था की प्राथमिकता रही है।

# डुमरिया में शान से लहराया तिरंगा, देश भक्ति के रंग में रंगा पूरा प्रखंड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**डुमरिया।** नक्सल प्रभावित क्षेत्र डुमरिया प्रखंड में 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति, उत्साह और उमंग के माहौल में पूरे गरिमामय तरीके से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस को लेकर सुबह से ही प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न सरकारी कार्यालयों, थाना परिसरों, सुरक्षा बलों के कैंपों और शिक्षण संस्थानों में उत्साह का माहौल रहा। जगह-जगह तिरंगा शान से लहराया और राष्ट्रगान के साथ लोगों ने देश की आजादी के वीर सपूतों को नमन किया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की शुरुआत प्रखंड मुख्यालय से हुई जहां प्रखंड प्रमुख आशा देवी ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इसके बाद डुमरिया थाना परिसर में थानाध्यक्ष राजू कुमार, बोधि बिगहा थाना में थानाध्यक्ष प्रियनंदन आलोक, भदवर थाना में थानाध्यक्ष सचिन कुमार, मैगरा थाना में थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार और छकरबंधा थाना में थानाध्यक्ष शमशेर आलम ने ध्वजारोहण किया। वहीं डुमरिया एसएसबी कैंप में स्थानीय कैंप कमांडेंट मंतोष कुमार ने तिरंगा फहराया। सीआरपीएफ शेवरा और छकरबंधा कैंप में भी सुरक्षा बलों के जवानों ने पूरे उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया। इसके बाद डुमरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. कबीर आलम ने चिकित्साकर्मियों के साथ ध्वजारोहण किया। सीआरपीएफ कैंपों के अलावा क्षेत्र के शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक संस्थानों में भी तिरंगा फहराया गया। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर डुमरिया प्रखंड का माहौल पूरी तरह देशभक्ति से सराबोर नजर आया। सरकारी संस्थानों से लेकर गांव-कस्बों तक लोगों में आजादी के पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। तिरंगे के सम्मान में लोगों ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर बीडीओ पंकज कुमार, सीओ संजय कुमार, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह, जिला पार्षद रविन्द्र राम, महुडी मुखिया निर्मला देवी, मंझौली मुखिया प्रमोद यादव, शेवरा पंचायत के मुखिया सियावर रजक, डॉ. घनश्याम कुमार गुप्ता, डॉ. कैलाश कुमार, पूर्व प्रमुख संतोष गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

## डुमरिया में 41 लाभुकों को विधायक दीपा कुमारी ने बांटे बासगीत पर्चे



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डुमरिया।** नक्सल प्रभावित डुमरिया प्रखंड में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 41 लाभुकों के लिए राहत और खुशी का अवसर रहा। शनिवार को डुमरिया प्रखंड कार्यालय के सभागार में इमामगंज क्षेत्र की विधायक दीपा कुमारी ने 41 लाभुकों के बीच बासगीत पर्चा का वितरण किया। इससे लाभुकों को जमीन पर अधिकार मिलने का रास्ता साफ हुआ। कार्यक्रम में सीओ संजय कुमार, बीडीओ पंकज कुमार, पूर्व प्रमुख संतोष गुप्ता, रामचंद्र प्रसाद सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं लोग मौजूद रहे। सीओ संजय कुमार ने बताया कि बासगीत पर्चा मिलने से लाभुकों को जमीन पर वैध अधिकार मिलेगा और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भी सुविधा होगी।

# शेरघाटी में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**शेरघाटी।** शेरघाटी अनुमंडल मुख्यालय में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, उमंग और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही शहर में तिरंगे झंडे के साथ लोगों में उत्साह देखने को मिला। विभिन्न सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थलों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत शेरघाटी अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार के आवास परिसर में ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद शहर के ऐतिहासिक रंगलाल हाई स्कूल मैदान में मुख्य समारोह आयोजित किया गया, जहां राष्ट्रध्वज फहराकर तिरंगे को सलामी दी गई। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अनुमंडल कार्यालय परिसर में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप कुमार ने अपने कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों और जवानों ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में सलामी दी तथा देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। शेरघाटी व्यवहार न्यायालय परिसर में एसीजेएम वन लवकुश कुमार ने ध्वजारोहण किया। वहीं नगर परिषद कार्यालय परिसर में मुख्य पार्षद गीता देवी ने राष्ट्रध्वज फहराया। कार्यक्रम में नगर परिषद के पदाधिकारी, कर्मी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके अलावा शेरघाटी प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख ने ध्वजारोहण किया। थाना परिसर में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने तिरंगा फहराकर सलामी दी। स्वतंत्रता दिवस को लेकर शहर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। डीएवी पब्लिक स्कूल, गुरुकुल, जेपी मेमोरियल स्कूल, प्रोजेक्ट इंटर कन्या विद्यालय, रंगलाल इंटर स्कूल समेत अन्य सरकारी और निजी विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया।

## खिजरसराय में देशभक्ति के रंग में रंगा स्वतंत्रता दिवस समारोह



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर खिजरसराय प्रखंड क्षेत्र देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया। सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और विभिन्न प्रतिष्ठानों में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस दौरान भारत माता के जयकारों और देशभक्ति गीतों से वातावरण गूंजता रहा। नीमचक बथानी अनुमंडल कार्यालय में एसडीओ केशव आनंद ने झंडोत्तोलन किया। वहीं डीएसपी कार्यालय में डीएसपी सुरेंद्र सिंह, खिजरसराय प्रखंड कार्यालय में प्रमुख उर्मिला देवी तथा नवगठित नगर पंचायत कार्यालय में मुख्य पार्षद रिंकू देवी ने तिरंगा फहराया। खिजरसराय थाना परिसर में प्रभारी थानाध्यक्ष गिरधर उपाध्याय तथा प्रखंड बीवी राम जी कार्यालय में कार्यक्रम पदाधिकारी दीपेश ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। विभिन्न स्थानों पर आयोजित समारोह में लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक संस्थानों में भी स्वतंत्रता दिवस की विशेष रौनक रही।

## नदी में डूबने से किशोर की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच थाना क्षेत्र के श्रीगांव में शनिवार को नदी में स्नान के दौरान डूबने से एक 13 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला। मिली जानकारी के अनुसार श्रीगांव निवासी रामदीप वर्मा के दो पुत्र अमरेंद्र और धर्मेंद्र गांव के दो अन्य बच्चों के साथ दोपहर करीब 3 बजे गांव के समीप नदी में नहाने गए थे। इसी दौरान छोटा बेटा धर्मेंद्र गहरे पानी में चला गया और डूबकर लापता हो गया। साथ गए बच्चों ने शोर मचाकर ग्रामीणों को सूचना दी। सूचना पर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और खोजबीन शुरू की। काफी प्रयास के बाद करीब 4 बजे किशोर का शव पानी से बरामद किया गया।

# हर्षोल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस

### प्रखण्ड मुख्यालय, पंचायतों और स्कूलों तक ध्वजारोहण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच (गया)।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को कोंच प्रखण्ड में देशभक्ति का माहौल रहा। प्रखण्ड मुख्यालय के साथ-साथ पंचायतों, थाना परिसरों और विद्यालयों में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। कार्यक्रम के बाद लोगों के बीच राष्ट्रीय मिठाई जलेबी का वितरण कर जश्न मनाया गया। प्रखण्ड कार्यालय में प्रमुख ने ध्वजारोहण किया। बीआरसी परिसर में बीडीओ चंदन कुमार, कोंच थाना में थानाध्यक्ष आलोक रंजन और आंती थाना में थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने तिरंगा फहराया। जदयू कार्यालय में जिलाध्यक्ष हरेंद्र दांगी ने तिरंगा फहराया। पंचायत स्तर पर भी उत्साह देखने को मिला। पंचायत सरकार भवन आंती में मुखिया सुनीता कुमारी, परसावां में दिलीप कुमार, तिनेरी ग्राम कचहरी में सरपंच रूबी शाहीन, श्रीगांव में कलावती कुमारी, कनौसी में राजीव रंजन, डबूर में मालती देवी, गौहरपुर में शिव कुमार चौहान, चबुरा में संजय यादव, काबर में सुमंती देवी और खजूरी में रेणु शर्मा ने ध्वज फहराया। विद्यालयों और संस्थानों में भी कार्यक्रम आयोजित हुए। मौला बिगहा पुस्तकालय भवन में पुण्यदेव यादव, प्रिंस पब्लिक हाई स्कूल में निदेशक डॉ. रामाशीष कुमार, हाई स्कूल आंती में बिनोद कुमार ने ध्वजारोहण किया। पैक्स भवनों में भी झंडा फहराया गया। कोंच पैक्स भवन में अध्यक्ष रिया कुमारी, खजूरी में अशरफ अंसारी, श्रीगांव में बृजनंदन सिंह यादव और तिनेरी में संजय यादव शामिल रहे। इस मौके पर अंचलाधिकारी ऋतु सोनी, प्रोग्राम पदाधिकारी संजय कुमार, आंती मुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, तिनेरी मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब, आकिब आलम, मो. शाहिद उर्फ साहू, सुभाष चंद्र कुमार, लालू यादव, समाजसेवी मो. एजाज उर्फ जॉन्सन, द्वारिका चंद्रवंशी, नागेंद्र यादव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों और नारों से पूरा प्रखण्ड गूंजता रहा।

## बसेरा-2 के तहत कोंच में 23 परिवारों के बीच बांटे गए आवासीय भूमि के पर्चे



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** 80वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को कोंच प्रखंड कार्यालय परिसर में बसेरा-2 कार्यक्रम के तहत 23 गरीब एवं पात्र परिवारों के बीच आवासीय भूमि के पर्चे वितरित किए गए। अंचल अधिकारी रितु सोनी ने लाभुकों को स्वयं पर्चे सौंपे। इस दौरान सीओ ऋतु सोनी ने बताया कि बसेरा-2 योजना का मुख्य उद्देश्य भूमिहीन एवं जरूरतमंद पात्र परिवारों को आवासीय भूमि उपलब्ध कराना है। इन पर्चों के मिलने से लाभुकों को अपना आवास निर्माण कराने में सुविधा होगी और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ भी आसानी से मिल सकेगा। पर्चा मिलने के बाद लाभुकों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने प्रशासन के प्रति आभार जताया। लाभुकों ने कहा कि अब उन्हें अपने सिर पर छत बनाने का सपना पूरा करने में मदद मिलेगी। इस मौके पर अंचल कार्यालय के कर्मी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## डीएसपी पब्लिक स्कूल में शान से लहराया तिरंगा, बच्चों ने दी देशभक्ति की प्रस्तुति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**इमामगंज।** प्रखंड अंतर्गत डीएसपी पब्लिक स्कूल में 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की निदेशिका कौशल्या देवी एवं प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर की। इसके बाद विद्यार्थियों और शिक्षकों ने राष्ट्रगान गाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर समारोह में उत्साह भर दिया। प्रधानाचार्य सुमित कुमार ने बच्चों को देश के प्रति जिम्मेदार, अनुशासित और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। वहीं इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक बबलू कुमार, धर्मेंद्र कुमार, आशीष कुमार, आनंद पाठक, गुड्डी कुमारी, रीना कुमारी, अंजू कुमारी सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों का योगदान रहा।

# सिद्ध काव्य वाटिका की 68वीं कवि गोष्ठी उल्लासपूर्ण वातावरण में संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** बड़की डेल्हा, खरखुरा रोड, गयाजी स्थित सिद्ध काव्य वाटिका की 68वीं कवि गोष्ठी प्रसिद्ध कवि रणजीत शर्मा की अध्यक्षता में बड़े ही उल्लासपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। गोष्ठी में श्रीकांत पाठक ने 'शिव विज्ञान', श्रीमोहन मिश्र ने 'मानव शरीर रामायण', किरण प्रजापति ने 'तेरा नाम लिया', चंदन कुमार ने 'आजादी का महोत्सव', कुंदन कुमार मिश्र ने 'तुम अगर रणभूमि का सहारा बनो', मोहित कुमार पाठक ने 'चल चली वनमा की ओर', हर्ष कुमार चौबे ने 'सैन्य गीत', गौरव तिवारी ने 'कालिदासो जने-जने' तथा पीयूष पाठक ने 'पिताजी, आत्मा हो आप' शीर्षक रचनाओं की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। वरिष्ठ साहित्यकार मनोज कुमार मिश्र ने 'हमारा प्यारा हिंदुस्तान' शीर्षक राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत कर उपस्थित श्रोताओं में देशभक्ति की भावना का संचार किया। सभी कवियों की रचनाओं ने श्रोताओं का मन मोह लिया और गोष्ठी को साहित्यिक ऊँचाई प्रदान की। गोष्ठी के संचालक अभयानन्द मिश्र ने 'कर्मयोग' कविता का पाठ किया तथा अध्यक्ष रणजीत शर्मा को उनकी चर्चित कविता 'बटोहिया' प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया। अध्यक्ष ने अपनी कविता का भावपूर्ण पाठ किया और इसके साथ ही कार्यक्रम के समापन की घोषणा

# गुरारू प्रखण्ड में नहीं खुला डिग्री कॉलेज, विद्यार्थी व अभिभावक निराश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गुरारू।** सरकार की घोषणा के महीनों बीत जाने के बावजूद गुरारू प्रखण्ड में नहीं खुला सरकारी डिग्री कॉलेज। विद्यार्थी और गार्जियन परेशान रहे। गौरतलब है कि क्षेत्र में डिग्री कॉलेज नहीं रहने से इंटर पास करने वाले विधार्थियों के समक्ष उच्च शिक्षा के लिए सोंचना काफी बेबसी का प्रश्न हो जाता है। खासकर गरीब वर्ग को अधिक बेवस बना देता है। गुरारू से गया शहर की दूरी करीब पच्चीस किलोमीटर पड़ता है। ऐसे में प्रतिदिन सौ रूपये भाड़ा खर्च कर कॉलेज आना जाना गरीबों के लिए असंभव हो गया है और इंटर के बाद करीब 70% विद्यार्थी खास कर छात्रायें आगे की पढ़ाई की अभिलाषा छोड़ चुकी हैं ऐसी परिस्थिति में इस वर्ष सरकार की घोषणा से उम्मीद जागी थी परन्तु वह भी ढ़ाक के तीन पात वाली कहवत चरीतार्थ होने को है। इस संबंध में कोई पदाधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं। पूछे जाने पर बाजार स्थित सर्व साधन संपन्न सर्वोदय प्लस टू विधालय के प्रधानाध्यापक अजय कुमार चंद्र ने बताया कि होना तो इसी विद्यालय को चाहिए, लेकिन मैं क्या कह सकता हूं। मुझे पूर्ण जानकारी नहीं है। ज्ञात हो कि प्रखण्ड क्षेत्र में करीब दसों प्लस टू विद्यालय हो चुके हैं। इस संबंध में जिला राजद उपाध्यक्ष संजू यादव ने कहा कि यदि एक माह के अन्दर सरकार के पदाधिकारियों द्वारा प्रखण्ड क्षेत्र में डिग्री कॉलेज की स्थापना एवं पढ़ाई शुरू नहीं किया जाता है तो व्यापक स्तर पर आंदोलन चलाया जाएगा।

संपादकीय

# सख्त संदेश तो जाना चाहिए

दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस यशवंत वर्मा के उनके सरकारी आवास से मिले लावारिस अधजले नोटों की जांच रिपोर्ट में साबित हो गया है, कि ये नोट यशवंत वर्मा के ही थे। इन आरोपों के सिद्ध होने से पहले ही जस्टिस वर्मा बड़े बेआबरू होने के बाद पद से इस्तीफा दिया था। क्योंकि सरकार उनके खिलाफ संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाकर उन्हें पद से हटाने की तैयारी में थी। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ताजा परिस्थिति में यशवंत वर्मा के खिलाफ अब महाभियोग प्रस्ताव आएगा या नहीं। उल्लेखनीय है कि विगत 14 मार्च को यशवंत वर्मा के सरकारी आवास पर अधजले पांच-पांच सौ के नोट मिलने पर काफी बवाल मचा था। शुरू में जस्टिस वर्मा ने इस बात से इंकार किया था कि मिले नोट उनके नहीं हैं और यह उन्हें फंसाने की साजिश है। ऐसे में सवाल उठा था कि ये नोट अगर उनके नहीं हैं तो फिर किसके हैं? किसमें इतनी हिम्मत है कि वो एक हाई कोर्ट जस्टिस के घर में ऐसे नोट रख जाए। पूरे मामले में शक की सुई जस्टिस वर्मा के आसपास ही घूम रही थी। इसकी गूंज संसद में भी हुई। इस मामले पर काफी बवाल मचने पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने आरोपों की जांच के लिए समिति गठित की थी, जिसने अपनी रिपोर्ट संसद के दोनों सदनों में पेश कर दी है। रिपोर्ट में समिति ने ये निष्कर्ष निकाला कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ़ बिना हिसाब वाली नकदी, सबूतों से छेड़छाड़ और संतोषजनक जवाब नहीं देने के आरोप 'साबित' होते हैं। 'जजेज़ (इंक्वायरी) एक्ट' के तहत गठित इस तीन सदस्यीय समिति ने कहा कि जस्टिस वर्मा अपने सरकारी आवास के स्टोर रूम में मिली नकदी की मौजूदगी, उसके स्रोत या मालिकाना हक को लेकर संतोषजनक जवाब देने में नाकाम रहे। महत्वपूर्ण सबूतों को भी सुरक्षित नहीं रखा गया। साथ ही कानूनी तरीके से सील करने और निरीक्षण से पहले स्टोर रूम में मौजूद सबूतों की स्थिति को बदल दिया गया। पूरी रिपोर्ट दो खंडों में है। जिसमें जांच के दौरान दर्ज मौखिक और दस्तावेजी साक्ष्य शामिल हैं। समिति ने कहा कि स्टोर रूम में कुल कितनी नकदी मिली ये तय करना मुमकिन नहीं है, क्योंकि नोटों को सुरक्षित नहीं रखा गया। लेकिन सरकारी आवास पर बड़ी मात्रा में नकदी मिलना यह साबित स्थापित करता है कि जज का उस परिसर पर पूरा नियंत्रण था। इसके पूर्व इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन चीफ़ जस्टिस संजीव खन्ना ने दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ़ जस्टिस डीके उपाध्याय को प्रारंभिक जांच करने को कहा था। जस्टिस डीके उपाध्याय ने अपनी चिट्ठी में चीफ़ जस्टिस संजीव खन्ना को कहा कि इस मामले में एक 'गहरी जांच' की ज़रूरत है। बाद में उन्होंने तीन जजों की जांच कमेटी बनाकर जस्टिस यशवंत वर्मा को कोई न्यायिक जिम्मेदारी न सौंपने का फैसला लिया। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा को दिल्ली से हटाकर वापस इलाहाबाद हाई कोर्ट भेजने का प्रस्ताव दिया, जिसका इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने कड़ा विरोध किया था। इसके बाद करीब 200 सांसदों ने उन्हें पद से हटाने की मांग की थी। जस्टिस वर्मा द्वारा इस्तीफा दे दिए जाने के बाद सरकार महाभियोग प्रक्रिया को आगे बढ़ाती है या नहीं, यह देखने की बात है। क्योंकि संसद का मानसून सत्र समाप्त हो चुका है। लेकिन जैसे कि साबित हो रहा है कि मिले लावारिस नोट जस्टिस वर्मा के ही थे तो इससे न्याय पालिका में भ्रष्टाचार की बात ही सिद्ध होती है। इस हिसाब से जस्टिस वर्मा को केवल इस्तीफा लेकर माफ करना पर्याप्त नहीं होगा। यह संदेश जाना चाहिए कि न्याय पालिका में भ्रष्टाचार किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है।

# नए भारत की नई विकास छवि उल्लेखनीय

**आज भारत की विकास-यात्रा केवल ऊँची इमारतों, चौड़ी सड़कों और महानगरों की चमक से नहीं मापी जा सकती। विकास की असली कसौटी तो उस आखिरी घर की चौखट पर होती है, जहाँ कभी पानी के लिए मीलों चलना पड़ता था, उस ग्रामीण परिवार के जीवन में होती है, जिसे पक्की छत का इंतजार था, उस आदिवासी बस्ती में होती है, जहाँ बिजली, सड़क और शिक्षा अभी सपना थे, उस महिला के आत्मविश्वास में होती है, जिसने स्वयं सहायता समूह से अपने पैरों पर खड़ा होना सीखा है। स्वतंत्रता दिवस के 80वें पड़ाव पर हम यह कहने योग्य हो चुके हैं कि जब विकास की रोशनी सत्ता के गलियारों से निकलकर समाज के सबसे अंतिम व्यक्ति के जीवन में महसूस न होने लगे, तभी हमारा विकास है। भारतीय गणराज्य की विकास-यात्रा निरंतर विस्तृत हो रही है।**

ग्रामीण और जनजातीय भारत अब केवल कल्याणकारी योजनाओं का लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की प्रक्रिया का सक्रिय सहभागी बन रहा है। पहुंच, अवसर और जीवन की गुणवत्ता, इन तीनों परिवर्तनों ने समावेशी विकास की नई पटकथा लिखी है, अगर ऐसा कहा जाए तो कोई अतिश्योक्तिपूर्ण बात न होगी। ग्राम पंचायतों को प्रत्यक्ष राजकोषीय हस्तांतरण 15वें वित्त आयोग के दौरान 2.36 लाख करोड़ से बढ़कर 16वें वित्त आयोग के तहत 4.35 लाख करोड़ हुआ है। जनजातीय कार्य मंत्रालय का बजट भी 4,826 करोड़ से बढ़कर 15,421.97 करोड़ हो चुका है। यह केवल बजट की बढ़ती संख्याएं नहीं, बल्कि विकास की प्राथमिकताओं के बदलाव का संकेत हैं। वैसे भी किसी भी सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वह अपने नागरिकों को कितनी गरिमापूर्ण जिंदगी उपलब्ध कराता है। जल, स्वच्छता, स्वच्छ ईंधन, बिजली और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाएं ही गरिमा की सुरक्षा करती हैं। जल जीवन मिशन को हम देखें तो इस मिशन ने ग्रामीण जीवन में एक मौन क्रांति को जन्म दिया। अगस्त 2019 में केवल 3.23 करोड़ ग्रामीण घरों तक नल के पानी की पहुंच थी, जो 12 अगस्त 2026 तक बढ़कर 15.91 करोड़ से अधिक हो गई। कभी पानी का घड़ा सिर पर उठाकर चलने वाली ग्रामीण महिलाओं के लिए घर में नल केवल पानी का स्रोत नहीं, बल्कि समय, श्रम और सम्मान की सूचक है।

जब से स्वच्छ भारत अभियान शुरू हुआ. ग्रामीण ने स्वच्छता को सामाजिक चेतना का हिस्सा बनाया। 12.19 करोड़ से अधिक व्यक्तिगत घरेलू शौचालयों का निर्माण और 2019 में देश का खुले में शौच से मुक्त ही, यह इस परिवर्तन की व्यापकता है। गोवर्धन बायोगैस संयंत्रों की संख्या वित्त वर्ष 2018-19 के केवल 14 से बढ़कर अगस्त 2026 में 1,288 से अधिक होना बताता है कि



स्वच्छता अब केवल कचरा हटाने तक सीमित नहीं, बल्कि संसाधनों के पुनर्चक्रण और हरित अर्थव्यवस्था से भी जुड़ रही है।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से 10.57 करोड़ से अधिक मुफ्त एलपीजी कनेक्शन गरीब परिवारों की महिलाओं तक पहुंचे। 2026 में 33.39 करोड़ इससे लाभान्वित हो चुके हैं। यह आंकड़ा रसोई के धुएं से मुक्ति की कहानी है। यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें स्वास्थ्य के साथ महिलाओं की गरिमा जुड़ी है। बिजली कनेक्शन के इच्छुक अधिकांश घरों का विद्युतीकरण हुआ, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना से लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष्मान भारत ने गरीब और वंचित परिवारों के लिए उपचार को आर्थिक सुरक्षा से जोड़ा है। 12 अगस्त 2026 तक 45.51 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं, 96.43 करोड़ आभा खाते बनाए गए हैं और 1.86 लाख से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर कार्यरत हैं। यह व्यवस्था उस भय को कम करती है, जिसमें बीमारी कभी-कभी पूरे परिवार की आर्थिक नींव हिला देती थी। खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 81.35 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध हुआ है। विकास का सबसे टिकाऊ निवेश शिक्षा में मन जाता है। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूलों का उन्नयन, आईसीटी एवं डिजिटल पहल और स्कूलों में कौशल शिक्षा और 97.3 प्रतिशत स्कूलों में कार्यशील बालिका स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। प्राथमिक स्तर पर बालिका ड्रॉपआउट दर घटकर 2025-26 में 0.1 प्रतिशत रह गई है। माध्यमिक स्तर पर भी यह 14.5 प्रतिशत से घटकर 8 प्रतिशत हुई है। अब बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रभाव से माध्यमिक स्तर पर बालिकाओं का सकल नामांकन अनुपात बढ़कर 2025-26 में 83.4 प्रतिशत हो गई। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की स्वीकृत संख्या गई जिससे 7.11 लाख नामांकन आज हो सका है। आंकड़े बताते हैं कि जब अवसर का दरवाजा खुलता है तो बेटियां समाज की दिशा बदलने की क्षमता भी साथ लेकर आती हैं। डिजिटलाइजेशन व डिजिटल शिक्षा ने इस यात्रा को नई गति दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का ग्रामीण भारत का डिजिटल चेहरा भी उभर कर सामने आया है। भारतनेट से आज 2.19 लाख ग्राम पंचायतें जुड़ी हैं। ई-ग्राम स्वराज के माध्यम से अधिक के भुगतान संसाधित किए जा रहे हैं। ग्राम पंचायतें या गांव अब केवल सड़क से नहीं, डेटा और डिजिटल नेटवर्क से भी जुड़ चुके हैं। इसीलिए ग्रामीण परिवर्तन की सबसे ठीक तस्वीर महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण में दिखाई देती है। 3.46 करोड़ महिलाएं 'लखपति दीदी' बनीं। यह योजना निर्णय लेने की क्षमता, आत्मविश्वास और सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि की प्रतीक बनी। कौशल विकास ने ग्रामीण युवाओं एवं महिलाओं के हाथों को हुनर और भविष्य को दिशा दी। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत प्रशिक्षित 18.45 लाख लोग लाभान्वित हुए। प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत करोड़ों युवाओं को प्रशिक्षण मिला। साथ ही, रोजगार की गारंटी और आजीविका के अवसरों ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति लगा से मिली है। महिलाओं की भागीदारी बढ़कर 58.19 प्रतिशत हुई है। समावेशी विकास का सबसे महत्वपूर्ण अध्याय जनजातीय समुदायों तक पहुंचा। प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन के तहत आज 12.48 लाख जनजातीय लोग लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान ने 17 मंत्रालयों के प्रयासों को एकीकृत कर जनजातीय बहुल गांवों और पीवीटीजी बस्तियों की पुरानी कमियों को दूर करने का मिशन बनाया। जनजातीय आवासों का निर्माण हो या जनजातीय गांवों में पेयजल सुविधा, जनजातीय परिवारों और सार्वजनिक संस्थानों का विद्युतीकरण हो या आंगनवाड़ी केंद्र तथा छात्रावास सभी का विकास हुआ जो दूरस्थ पहाड़ियों और वनांचलों की प्रगति के रूप में देखा जा रहा है। जनजातीय बेटियां आज केवल शिक्षा की लाभार्थी नहीं, बल्कि ज्ञान-सृजन की अग्रिम पंक्ति में भी स्थान बना रही हैं। हम सभी जानते हैं कि अनुसूचित जाति समुदायों, विमुक्त जनजातियों, स्वच्छता कर्मियों और अन्य वंचित वर्गों के लिए योजनाओं का विस्तार सामाजिक न्याय को विकास का अभिन्न अंग है।

अध्यात्म

# सकारात्मक सोच का प्रभाव



सूरज और मोहित दो दोस्त थे। दोनों में बहुत गहरी दोस्ती थी। दोनों दोस्त के स्वभाव लगभग समान थे। लेकिन दोनों दोस्तों एक बात की कमी थी। सूरज अपनी सकारात्मक सोच के लिए जाना जाता था। जबकि, मोहित का नजरिया किसी भी पहलू के नकारात्मक कारणों पर होता था। जिसके कारण उसे हर जगह मुश्किलों का सामना करना पड़ता था।

सूरज और मोहित परीक्षा होने वाली थी। सूरज की तैयारी अच्छी थी। वह पढ़ें हुए चैपटर का बार-बार रिवीजन कर रहा था। जबकि मोहित हमेशा कोई नया चैपटर पढ़ने की कोशिश करता था। फिर एकएक उसके दिमाग में बात आती थी कि इस चैपटर से प्रश्न नहीं आ सकता और फिर उस चैपटर को छोड़कर किसी और चैपटर को पढ़ने लगता। इस तरह से उसकी किसी भी चैपटर पर पकड़ मजबूत नहीं थी।

एक दिन सूरज ने मोहित को समझाया कि अब अपने पास अधिक समय नहीं हैं। जिस चैपटर पर तुम्हारी पकड़ मजबूत हैं उसी को बार-बार पढ़ो। जिससे तुम्हारी समझ अच्छी हो जाएगी। लेकिन, मोहित हमेशा यही सोचता था कि इस चैपटर से प्रश्न नहीं आया तो। परीक्षा हुई, परीक्षा हाल में पेपर देखकर मोहित का सिर चकरा गया। प्रश्नपत्र में छोड़े हुए चैपटर में से कई प्रश्न पूछे गए थे। जिसे मोहित ने अच्छे से नहीं पढ़ा था। इस तरह से उसका पेपर अच्छा नहीं हुआ। नतीजा मोहित परीक्षा में फेल हो गया।

### नैतिक सीखः

सकारात्मक सोच के साथ लिया गया फैसला सफलता की तरफ ले जाता हैं।

# गरीबी चुराने कोई नहीं आता

**आदिवासी मनुष्य की अपनी मौलिक दार्शनिक समझ होती है जिसे वे लोग ही समझ पाते हैं जो प्राकृतिक मानस के होते हैं सदा जीवन्त और भय मुक्त। अपने मन और शरीर की ताकत से जीवन की हर चुनौती को हल करने की सहजता से ओतप्रोत। इसी तरह आदिवासी अंचलों में जो बसाहट होती है वह भी इसी दृष्टि का विस्तार करती हैं। आदिवासी अंचलों में घरों की बनावट और बसाहट की अपनी मौलिक लोकदृष्टि होती हैं। आदिवासी अंचलों में मनुष्य केवल मनुष्य या परिवार या समाज के साथ ही नहीं रहता समूची प्रकृति की अंतहीन जीवन श्रृंखला के साथ सहजता से सहजीवन करता है। पर्वतीय इलाकों में हो या घने जंगल में आदिवासी अंचलों की जीवन शैली में समूचे जीवन या प्राकृतिक श्रृंखला का समावेश होता है। एक बात मैंने आदिवासी अंचलों में चार पांच दशकों के अपने लोक सम्पर्क और सहजीवन से समझी है कि प्रकृति और सहजीवन की सहज समझ आज के कालखंड में आदिवासी अंचलों के लोक जीवन में मौजूद होकर आज भी बनी हुई है।**

वोंदय दर्शन को समग्रता से समझने एवं सहजता से समझाने वाले तथा स्वाधीनता आंदोलन के सैनिक दादा धर्माधिकारी अपने संस्मरणों को सहजता से अभिव्यक्त करते हुए कहते हैं कि एक बार आदिवासियों के एक गांव में जाने का मौका हुआ। उनके पास कोई जगह नही थी। मकान में एक ही कमरा था। उसमें खिड़की नहीं थी। वहीं रोटी बनती थी। सारे मकान में धुआं था। कुछ मुर्गियां थी, बच्चे भी इधर- उधर खेलते थे। उन्होंने सोचा कि मुझे वहां सुलाना ठीक नहीं होगा। बगल में एक झोपड़ी थी, वहां मेरी खाट बिछा दी। हमने पूछा यह जगह आपके पास कहां से आयी? 'वह हमारा अपमान या मज़ाक नहीं करना चाहता था, पर उसने वस्तुस्थिति बतलायी कि 'हम इसमें सूअर रखते हैं। हमारे पास और कोई जगह नहीं थी। हमने इसे आज साफ कर लिया।' मैंने कहा -'खैर साफ कर लिया तो अच्छा ही किया।' थोड़ी देर में हमें लगा कि यह व्यक्ति यहां सूअर रखता था। रात को कोई घुस आये तो क्या होगा? हमने पूछा -इसमें किवाड़ नहीं है? बोला -'इसमें किवाड़ों की जरूरत नहीं है।' 'क्यों? आसपास कोई चोर नहीं है?' 'चोर तो बहुत है।' 'तो फिर तुम्हारे घर में किवाड़ क्यों नहीं?' बोला हम ऐसे भाग्यवान कहां कि हमारे घर में चोर आये?'

अब यह बिल्कुल अनपढ़ मनुष्य कह रहा है। वह कह रहा है कि हमारा ऐसा भाग्य नहीं है। क्यों? भाग्य किसलिए चाहिए? तो कहता है -'हमारे पास एक ही चीज हैं ग़रीबी और उसे चुराने वाला कोई नहीं।'



मैंने कहा -ज्तब तो आपको पुलिस और फौज की जरूरत नहीं होती। 'वह जवाब देता है कि पुलिस और फौज की हमें क्या ज़रूरत पड़ती होगी?' 'पुलिस वाला कभी नहीं आता तुम्हारे यहां?' कहता है आता है। 'कब आता है?' 'आपकी घड़ी गुम हो जाये,खो जाय, तो खोजने के लिए हमारे मकानों में आता है।' 'पुलिस और फौज किसलिए हैं?' 'बोला आपकी अमीरी को बचाने के लिए है और हमारी गरीबी को बचाने के लिए। वह दोनों की हिफाज़त करतीं हैं।'

आदिवासी मनुष्य की अपनी मौलिक दार्शनिक समझ होती है जिसे वे लोग ही समझ पाते हैं जो प्राकृतिक मानस के होते हैं सदा जीवन्त और भय मुक्त। अपने मन और शरीर की ताकत से जीवन की हर चुनौती को हल करने की सहजता से ओतप्रोत। इसी तरह आदिवासी अंचलों में जो बसाहट होती है वह भी इसी दृष्टि का विस्तार करती हैं।आदिवासी अंचलों में घरों की बनावट और बसाहट की अपनी मौलिक लोकदृष्टि होती हैं। आदिवासी अंचलों में मनुष्य केवल मनुष्य या परिवार या समाज के साथ ही नहीं रहता समूची प्रकृति की अंतहीन जीवन श्रृंखला के साथ सहजता से सहजीवन करता है। पर्वतीय इलाकों में हो या घने जंगल में आदिवासी अंचलों की जीवन शैली में समूचे जीवन या प्राकृतिक श्रृंखला का समावेश होता है। एक बात मैंने आदिवासी अंचलों में चार पांच दशकों के अपने लोक सम्पर्क और सहजीवन से समझी है कि प्रकृति और सहजीवन की सहज समझ आज के कालखंड में आदिवासी अंचलों के लोक जीवन में मौजूद होकर आज भी बनी हुई है। एक बार मैंने अलिराजपुर के अंदरूनी हिस्से के सधन जंगलों में देखा कि अधिकांश घर मिट्टी और लकड़ी के सुन्दर, सुरूचिपूर्ण और आकर्षक संरचना के साथ मौजूद हैं।निरक्षर लोगों ने बिना कागज़ पर कोई प्रारूप या रेखाकंन बनाये और बिना बड़े भौतिक संसाधनों को इस्तेमाल किए ही अपनी लोक परम्परागत नजर और सहज समझ के समन्वय से स्थानीय संसाधनों से बनाये है। जिसमें हर किसी के लिए अपनी सुविधा और जरूरत के हिसाब से घर को साझा इस्तेमाल करने का पूरा-पूरा ध्यान रखा गया है। जब मैंने एक आदिवासी बुजुर्ग से उनकी बसाहट को लेकर यह जिज्ञासा प्रगट की कि आपके घरों में दरवाजे क्यों नहीं है? तो उन्होंने मुझे अपनी लोकदृष्टि से विनम्रतापूर्वक समझाते हुए कहा कि वकील साहब यह घर केवल हमारे परिवार के सदस्यों के लिए ही हम नहीं बनाते। हमारे साथ हमारी बकरी,मुर्गी और गाय बैल भी हमारे जीवन एवं परिवार के सदस्य हैं। उन्हें जब हमारे घर में आवश्यकतानुसार अंदर बाहर आना जाना हो तो दरवाजा उनके स्वतंत्र अवागमन में बाधा खड़ी कर सकता है। हम उनकी जरूरत और सुविधा की दृष्टि से दरवाजा नहीं रखते हैं। ऐसी उदात्त लोकदृष्टि खुद ही आदिवासी समाज प्राकृतिक जीवन की निरन्तरता को अपने जीवन में आत्मसात कर, सब पर पूरा-पूरा विश्वास रखते हुए घर के सदस्य की तरह सहजता से करता है। तो मन खिल उठता है। खिला हुआ मन आदिवासी लोक जीवन की अनूठी धरोहर है जो सारी दुनिया के वनप्रान्तरों में रची-बसी आदिवासी लोक परम्परा का सार या निचोड़ हैं।

अभी भी सदूर आदिवासी अंचलों में पीने का पानी घर के बाहर एक छोटे मिट्टी और लकड़ी से बने एक मचान में मिट्टी के मटके को चारों और से मिट्टी से ही ढंककर उसमें पीने का पानी सबके लिए रखने की लोक परम्परा कहीं कहीं देखने को मिलती हैं। इसी तरह अनाज को भी घर के बाहर बांस एवं गोबर मिट्टी से निर्मित बड़ी बड़ी कोठियों में रखने की लोक परम्परा आज भी आदिवासी अंचलों में देखने को मिलती हैं। सब पर भरोसा और आत्मविश्वास, आदिवासी लोक परम्परा का मूल है। आज भी अधिकांश आदिवासी अंचलों में स्वावलंबन और सहजीवन की अनोखी जुगलबंदी की मजबूती से खड़ी होकर मौजूद दिखाई देती हैं।आधुनिक जीवन शैली के आदी होते जा रहे विकसित शहरी सभ्यता के लोग, आदिवासी अंचलों की जीवन शैली के प्राकृतिक रूप स्वरूप और दर्शन को आत्मसात करने का आत्मविश्वास और उदात्त मानवीय मूल्यों को समझने के बजाय जाने अंजाने अपने आप ही प्रकृति से दूर जाते जा रहे हैं।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा फोकस करेंगे। पुराने मित्रों के साथ मुलाकात होने से तरोताजा हो जायेंगे। घर के नवीनीकरण की योजना बना सकते हैं।

**वृषभ**
आप नये विचारों के प्रभाव में रहेंगे। योजनाओं के अनुसार काम पूरे हो जायेंगे। पारिवारिक मामलों को शान्तिपूर्वक निपटायें। घर में उत्सव का वातावरण रहेगा।

**मिथुन**
सभी कार्यों को योजनाबद्ध रूप से करें। जीवनसाथी को आज आप पर्याप्त समय देंगे। जिससे आपके निजी सम्बन्ध काफी रोमान्टिक हो सकते हैं।

**कर्क**
अपनी दिनचर्या को सदैव व्यवस्थित रखें। आपकी बातों से आपके अपने नाराज हो सकते हैं। प्रेम सम्बन्धों को लेकर अत्यन्त भावुक रहेंगे।

**सिंह**
आपका आर्थिक पक्ष कुछ कमजोर रहने वाला है। अतिरिक्त जिम्मेदारियों को अपने ऊपर न लें। इससे आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है।

**कन्या**
लेन-देन में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिये। भावनात्मक सम्बन्धों को लेकर अत्यन्त सतर्क रहें। कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों से झगड़ा हो सकता है।

**तुला**
नया व्यापार आरम्भ करने में मित्र आपका सहयोग कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों में आप हाथ बटायेंगे। प्रेम सम्बन्धों के लिये दिन अनुकूल है।

**वृश्चिक**
जीवन में आ रही समस्याओं का हल मिलेगा। अपनी बातों को जीवनसाथी के साथ शेयर करें। प्रेम सम्बन्धों को लेकर कुछ तनाव रहने की सम्भावना है।

**धनु**
विदेश में रह रहे लोग अपने घर वापस लौट सकते हैं। कला के क्षेत्र से जुड़े लोगों को आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। शाम के समय किसी भी प्रकार की वैचारिक बहस और चर्चाओं से बचें।

**मकर**
आज सुबह आपकी मन:स्थिति थोड़ी नकारात्मक हो सकती है। व्यवसायी अपने प्रोडक्ट्स की गुणवत्ता बढ़ाने के लिये काम कर सकते हैं। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**कुंभ**
पैतृक सम्पत्ति को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। किसी धार्मिक यात्रा के लिये जा सकते हैं। छात्रों को करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलने की सम्भावना बन रही है।

**मीन**
बच्चों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। गले में इन्फेक्शन जैसी समस्या हो सकती है। शाम के समय मूड बदलने के लिये कहीं घूमने जा सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### वर्मा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में धूमधाम से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** वर्मा फाउंडेशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अंतर्गत संचालित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के चेयरमैन डॉ. डी.के. सिंह द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद राष्ट्रगान के साथ पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। समारोह को संबोधित करते हुए चेयरमैन डॉ. डी.के. सिंह ने कहा, स्वतंत्रता दिवस हमें देश के महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है। युवा पीढ़ी देश की सबसे बड़ी शक्ति है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा के प्रति भी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। इस अवसर पर विभिन्न संस्थानों के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, भाषण, कविता पाठ एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। रंगारंग प्रस्तुतियों के दौरान पूरा परिसर तालियों और भारत माता के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के जीवन एवं उनके योगदान को याद करते हुए राष्ट्र के प्रति समर्पण का संकल्प लिया। समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। पूरे आयोजन में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।



### ज्ञानोदय गुरूकुल विद्यालय में देश के 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गोला रोड स्थित ज्ञानोदय गुरुकुल विद्यालय में देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया, जिसके बाद सभी ने राष्ट्रगान गाया। ध्वजारोहण के उपरांत विद्यालय के छात्र- छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण, कविताओं एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद किया। विद्यार्थियों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक श्री विकास कुमार एवं सचिव श्रीमती अभिलाषा ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता केवल हमारा अधिकार नहीं, बल्कि देश के प्रति हमारे कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को समझने का अवसर भी है। उन्होंने विद्यार्थियों से देश की एकता, अखंडता एवं गौरव को बनाए रखने और एक जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानियों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी।



### हिमालया इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में 80वां स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह मना

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** खेमनीचक स्थित हिमालया इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में 80वां स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह, गरिमा और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। संस्थान परिसर को तिरंगे के रंगों, गुब्बारों एवं पुष्पों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन डॉ. उमा शंकर एवं निदेशक डॉ. रामचंद्र साव द्वारा संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर किया गया। इस अवसर पर वर्ष 2026 की थीम 'वंदे मातरम के 150 वर्ष' एवं 'विकसित भारत 2047 के लिए युवा शक्ति' के संदेश को विद्यार्थियों के बीच साझा किया गया। अपने संबोधन में डॉ. उमा शंकर और डॉ. रामचंद्र साव ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों को याद करने का अवसर है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं वंदे मातरम् का सामूहिक गायन प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। नर्सिंग एवं पैरामेडिकल विभाग के शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से समारोह सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



### आयुर्वेदाचार्य डॉ सुनील कुमार दुबे ने झंडातोलन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर भारत माता मंदिर, लंगर टोली चौराहा, पटना पर प्रख्यात आयुर्वेदाचार्य डॉ सुनील कुमार दुबे ने झंडातोलन किया। इस अवसर पर अभिनेता अजय सिंह, संजय तिवारी, धर्मवीर सिंह उर्फ काजू, पावन पांडे, संजीव कुमार, अनिल सहनी, रणधीर आर्य, अंजू आर्य, लाल बाबू पासवान, अंजन कुमार, रोहित कुमार एवम अन्य समाजसेवी मौजूद थे।



### बिहार पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पब्लिक स्कूल, लालगंज सेहरा, पालीगंज में 80वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, कविता और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को याद करते हुए विद्यार्थियों को देश की एकता, अखंडता और प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रीना सिन्हा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनना होगा और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना होगा। विद्यालय के सचिव श्री ब्रजेन्द्र कुमार ने भी स्वतंत्रता के महत्व को समझने तथा देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्र के प्रति समर्पण और जिम्मेदार नागरिक बनने के संकल्प के साथ हुआ। इस दौरान पूरे विद्यालय परिसर में 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से देशभक्ति का माहौल गूंज उठा।



# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने नदवां पंचायत को दी करोड़ों की सौगात

**बोले- विकसित राज्य बनेगा बिहार**



**महादलित ध्वजारोहण कार्यक्रम में हुए शामिल**



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी धनरूआ प्रखंड के नदवां पंचायत स्थित महादलित टोला के खेल मैदान में आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में स्थानीय वयोवृद्ध युगेश्वर मांझी ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। स्थानीय नेताओं और जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को फूलों की बड़ी माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य में 15 अगस्त 2011 से पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में महादलित टोलों में ध्वजारोहण की परंपरा शुरू की गई। 2012 से यह गणतंत्र दिवस पर भी मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में टोले के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा झंडा फहराया जाता है। जहाँ सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाती है, इस अवसर पर जिलाधिकारी कुंदन कुमार एवं एसएसपी कार्तिकेय शर्मा के अलावा विधायक अरुण मांझी, विधायक श्याम रजक उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री ने कहा कि नदवां पंचायत में विकास के कई काम कराए गए हैं और लोगों की लंबित मांगों को भी पूरा किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने नदवा पंचायत में कई बड़ी सौगात की घोषणा की जिसमें ,11 लाख रुपए की राशि से आंगनबाड़ी भवन बनाने के लिए, 12 लाख रुपए की राशि से सामुदायिक भवन नदवां मुसहरी में बनाने के लिए घोषणा की, इसके अलावा नदवां खेल मैदान को जीर्णोद्धार करने के लिए एक करोड़ 60 लाख रुपए की घोषणा की, वही दो करोड़ 50 लाख की राशि से पंचायत सरकार भवन बनाने की घोषणा की है इसके अलावा उन्होंने महज 15 दिन में काम शुरू करने का निर्देश भी दिया है। इसके अलावा 50 लाख की राशि से कन्या विवाह मंडप बनाने की घोषणा की है। इसके साथ-साथ नदवां हाई स्कूल को मॉडल बनाने की भी घोषणा की है।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कई योजनाओं के लाभुकों को सहायता प्रदान की है।जिसमें जीविका द्वारा वित्तीय सहायता में 664 जीविका संपोषित स्वयं सहायता समूह को वित्तीय आजीविका मिशन के लिए 3 करोड़ 89 लाख 30 हजार रुपया की राशि का सांकेतिक चिन्ह चंदा देवी और डोली देवी को दिया, वहीं मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन के तहत राजकुमारी देवी को सांकेतिक चेक दिया, वही जन वितरण प्रणाली के द्वारा प्रियंका कुमारी को नया राशन कार्ड दिया गया, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अजय मांझी पिता विनोद मांझी को सांकेतिक लाभ दिया गया, वहीं प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत गोविंद कुमार पिता स्वर्गीय नरेश कुमार को स्वीकृति पत्र दिया गया, इसके अलावा सरकारी भूमि बंदोबस्ती योजना के तहत डोली देवी,पति शंकर राम एवं पिंकी देवी पति अजय राम को पर्चा दिया गया,।बहरहाल मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर क्षेत्र की तरक्की और सभी के विकास को सुनिश्चित करना है। सुबह 6:00 से शाम 6:00 तक किसानों को 50 पैसे की सब्सिडी से बिजली दी जाएगी करोड़ रोजगार को योजना दी जाएगी, बिहार में कई चीनी मिल खुलने जा रहे हैं कई उद्योग खोलेंगे।

## मुख्यमंत्री में पीएम सूर्य घर योजना के तहत सौर ऊर्जा अपनाने पर लाभुक को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सौर ऊर्जा अपनाकर बिजली बिल शून्य करने वाले विद्युत आपूर्ति प्रमंडल मसौढ़ी के उपभोक्ता गोविंद कुमार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने 'सौर ऊर्जा अग्रदूत सम्मान' से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। धनरुआ के नदवां में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्यमंत्री ने गोविंद कुमार को सम्मानित करते हुए अन्य उपभोक्ताओं को भी सौर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित किया। ग्राम नदवां निवासी गोविंद कुमार अपने गांव के पहले उपभोक्ता हैं जिन्होंने इस योजना का लाभ उठाकर अपने घर की छत पर सोलर पैनल लगवाया। सौर ऊर्जा से बिजली उत्पादन कर उन्होंने अपना मासिक विद्युत विपत्र पूरी तरह शून्य कर दिया है। विद्युत विभाग के अनुसार मसौढ़ी अनुमंडल में अब तक 350 घरेलू उपभोक्ताओं ने अपने घरों में सोलर प्लेट लगवाए हैं। योजना के प्रचार-प्रसार के लिए अनुमंडल में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सौर ऊर्जा न सिर्फ बिजली बिल कम करेगी, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी अहम भूमिका निभाएगी। अधिक से अधिक लोगों को इस योजना से जुड़कर आत्मनिर्भर बनना चाहिए।



## रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय, पटना में 15 अगस्त 2026 को देश का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह राष्ट्रभक्ति एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्या प्रो.(डॉ.) सीता सिन्हा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा तिरंगे को सलामी देने के साथ हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रगान, देशभक्ति गीत एवं नृत्य के माध्यम से देशप्रेम, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सांस्कृतिक कोषांग की समन्वयक प्रो. (डॉ.) शैलजा सिन्हा, सह-समन्वयक डॉ. सरिता कुमारी, डॉ. निधि सिन्हा, एन.सी.सी. के ए.एन.ओ. लेफ्टिनेंट डॉ. आशीष कुमार तथा एन.एस.एस. के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कृष्ण कांत राय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य प्रो.(डॉ.) सीता सिन्हा ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि स्वतंत्रता केवल हमारा अधिकार ही नहीं, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है।



उन्होंने विद्यार्थियों से देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के साथ-साथ राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर एन.एस.एस के गीत के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम के सफल संचालन में छात्रों में साकेत, अंजली, जेसिका एवं शुभम,अविनाश, मनीष, आराध्या, कैडेट अमित, अभिजीत ठाकुर, आरोही एवं ममता आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।छात्रों में श्रुति, तनिष्का, रुचि,नंदिनी, न्यासा, आंचल, नंदिनी पाण्डेय, रिया, टीसा,राज, आदि विद्यार्थियों की प्रस्तुतियाँ सराहनीय रही।

## जमीनी विवाद में अंधाधुंध फायरिंग, भाई-भतीजे समेत 9 नामजद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के काशीनगर गांव में पुराने जमीनी विवाद में एक युवक पर जानलेवा हमला कर फायरिंग करने का मामला सामने आया है। पीड़ित के आवेदन पर धनरुआ थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना 14 अगस्त 2026 की शाम करीब 7 बजे धनरुआ थाना क्षेत्र के काशीनगर पूर्व बड़की पुल के पास हुई है। आवेदन देने वाले योगेंद्र यादव उम्र 45 वर्ष, पिता स्व. रामचंद्र यादव, काशीनगर, ने बताया कि वे शौच के लिए पुल के पास गए थे। इसी दौरान वहां मौजूद 20-25 लोगों ने उन्हें निशाना बनाकर फायरिंग शुरू कर दी। जान बचाने के लिए वे दौड़कर गांव की ओर भागे और बाल-बाल बचे। पीड़ित ने बताया कि इस हमले के पीछे पुराना लड़ाई-झगड़ा और जमीनी विवाद कारण है।आवेदन में योगेंद्र यादव ने अपने छोटे भाई धर्मेंद्र यादव और उसके बेटे गोलू कुमार निवासी फजलचक, थाना गौरीचक को भी नामजद किया है। इसके अलावा बिक्की कुमार और उसका भाई नवल कुमार निवासी मखदुमपुर, तथा चकजोहरा निवासी विक्की कुमार, मुन्ना कुमार, चुन्नू कुमार, अभय कुमार उर्फ सोनू, टीपू कुमार और मिट्ठू कुमार समेत 9 लोगों को नामजद किया गया है।

## पालीगंज में धूमधाम से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र में 80वां स्वतंत्रता दिवस शनिवार को हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, निजी प्रतिष्ठानों और विभिन्न संगठनों में तिरंगा फहराया गया। इस दौरान राष्ट्रगान के साथ स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत तोरणी स्थित स्वतंत्रता सेनानी वीर हरदेव नारायण सिंह की प्रतिमा स्थल से हुई, जहां एसडीएम ने ध्वजारोहण किया। अनुमंडलीय अस्पताल में अधीक्षक आभा कुमारी, एसडीएम आवास व कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी तथा प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख अनिशा देवी ने तिरंगा फहराया। नगर पंचायत कार्यालय में उपमुख्य पार्षद रजनी देवी और निबंधन कार्यालय में निबंधन पदाधिकारी ने ध्वजारोहण किया। पालीगंज व्यवहार न्यायालय में सब जज रवि पांडेय तथा उपकारा में जेल अधीक्षक रामानुज कुमार ने ध्वजारोहण किया। प्रोजेक्ट स्कूल, हाईस्कूल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहित विभिन्न सरकारी एवं शिक्षण संस्थानों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए गए। पालीगंज थाना परिसर में थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। आर्य समाज पुस्तकालय में सतीश चंद्र खत्री, शहीद आश्रम में आशा शर्मा तथा पीएनके कॉलेज अछुआ में अशोक कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। वही सिंगोड़ी स्थित नेशनल प्राथमिक बुनकर सहयोग समिति प्रा. लि. में अध्यक्ष मो. सलामुद्दीन अंसारी ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर राष्ट्रगान गया गया।ग्रामीण, महिला एवं पुरुष बुनकर उपस्थित थे।



**बिहार पब्लिक स्कूल में बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम**

बिहार पब्लिक स्कूल, लालगंज सेहरा में भी 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण और राष्ट्रगान से हुई। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण, कविता और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्या रीना सिन्हा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जिम्मेदार नागरिक बनने और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करने का संदेश दिया। विद्यालय के सचिव ब्रजेन्द्र कुमार ने स्वतंत्रता के महत्व को समझने तथा देश के विकास में अपनी भूमिका निभाने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। पूरे क्षेत्र में दिनभर राष्ट्रगान और देशभक्ति गीतों की गूंज सुनाई देती रही। विभिन्न कार्यक्रमों में 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से पूरा माहौल देशभक्ति से ओत-प्रोत रहा।

## बी.डी. कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बी.डी. कॉलेज, पटना में देश का 80वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, उत्साह एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने महाविद्यालय के सम्मानित शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों, विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवकों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के साथ परिसर देशभक्ति के भाव से गुंजायमान हो उठा। ध्वजारोहण के पश्चात महाविद्यालय में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। संगीत प्रस्तुतियों में छात्र कलश व, अंकित तथा छात्रा पार्थि बंधो ने मनमोहक प्रस्तुति देकर वातावरण को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। नृत्य प्रस्तुतियों में बिहार की प्रसिद्ध मिथिलांचल लोकनृत्य 'झिझिया' पर छात्रा अर्चना, कजरी पर



कोमल कुमारी, गुजरात के प्रसिद्ध डांडिया पर दीपा एवं अनुप्रिया, महाराष्ट्र की लावणी पर रिमझिम तथा राजस्थान की लोकनृत्य शैली पर डॉली एवं आर्य ने शानदार प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल संचालन समन्वयक डॉ. विनीता तिवारी ने किया।

## मोकामा के लाल ने बढ़ाया देश का मान, मेजर केशव कुमार शौर्य चक्र के लिए अनुशंसित

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा प्रखंड के शिवनार गांव के लाल और भारतीय सेना के वीर सपूत मेजर केशव कुमार ने अपनी असाधारण वीरता से पूरे जिले ही नहीं, देश को गौरवान्वित किया है। द डोगरा रेजिमेंट की 12वीं बटालियन में तैनात मेजर केशव को उनके अदम्य साहस के लिए प्रतिष्ठित 'शौर्य चक्र' से सम्मानित किए जाने की अनुशंसा की गई है।मेजर केशव सेवानिवृत्त सूबेदार अवध कुमार के सुपुत्र हैं।2 फरवरी 2026 को सुरक्षा बलों को खुफिया जानकारी मिली कि जंगल में दो खतरनाक आतंकवादी छिपे हुए हैं। इस महत्वपूर्ण मिशन के कमांडर के तौर पर मेजर केशव कुमार ने मोर्चा संभाला।कठिन, जोखिम भरे और अनजान रास्तों को पार करते हुए उन्होंने दुश्मन को चौंकाते हुए रणनीतिक बढ़त हासिल की। रात के अंधेरे में ही उन्होंने आतंकवादियों के सभी संभावित भागने के रास्तों को चतुराई से सील कर दिया और संदिग्ध ठिकाने के बेहद करीब पहुंचकर कड़ी निगरानी शुरू कर दी।अगली सुबह मेजर केशव ने सुनियोजित सर्च ऑपरेशन शुरू किया। अपनी जान को गंभीर खतरे में डालते हुए उन्होंने व्यक्तिगत रूप से चार गुफाओं की तलाशी ली और उन्हें सुरक्षित किया।इसी दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। भारी गोलीबारी के बीच भी मेजर केशव ने अद्भुत संयम और नेतृत्व का परिचय दिया और विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतरीन तालमेल बिठाते हुए डटकर मुकाबला किया।



## गंगा देवी महिला महाविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस एवं खेल पुरस्कार वितरण समारोह

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गंगा देवी महिला महाविद्यालय में 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या प्रो. श्यामा रॉय ने ध्वजारोहण कर किया। इस अवसर पर शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी, छात्राएँ, एनसीसी कैडेट्स एवं एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। प्राचार्या ने अपने संबोधन में राष्ट्रनिर्माण में युवाओं की भूमिका, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने देशभक्ति पूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं तथा स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय की खेल समिति द्वारा वार्षिक खेल पुरस्कार वितरण समारोह-2026 आयोजित किया गया। इसमें पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. राजीव रंजन, प्रॉक्टर प्रो. कीर्ति एवं विश्वविद्यालय खेल प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार उपस्थित रहे।प्राचार्या प्रो. श्यामा रॉय ने खेलों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न खेलों में प्रॉक्टर डॉ बिधु बाला , खेल समिति की समन्वयक डॉ. मनीषा कुमारी के साथ श्रीमती मंजरी शुक्ला, प्रो. प्रमांशी जयदेवा, डॉ. ललित कुमार, डॉ. अभिक सिंह एवं डॉ. शशि अग्रवाल की सक्रिय भूमिका रही।



## ए.एन. कॉलेज में उत्साहपूर्वक मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुग्रह नारायण महाविद्यालय में 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण कार्यक्रम बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत ने महाविद्यालय परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल इतिहास की एक तिथि नहीं, बल्कि असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, साहस और शौर्य की अमर गाथा है। यह दिन हमें स्मरण कराता है कि स्वतंत्रता कोई उपहार नहीं, बल्कि महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, तपस्या और समर्पण से प्राप्त अमूल्य विरासत है। प्राचार्य ने महाविद्यालय के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करते हुए स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री अनुग्रह नारायण सिंह को श्रद्धापूर्वक नमन किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय को निरंतर प्रगति के पथ पर आगे ले जाने में अनेक चुनौतियाँ हैं, लेकिन सामूहिक प्रयासों से एक बेहतर भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय में चल रहे रचनात्मक एवं विकासात्मक कार्यों तथा भविष्य की योजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की एवम महाविद्यालय के विकास में निरंतर सहयोग देने के लिए सभी शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी तथा प्राचार्य ने एनसीसी कैडेट्स का निरीक्षण किया।



## एस यू कॉलेज हिलसा व दनियावां प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया स्वाधीनता दिवस समारोह

**दनियावां/हिलसा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समीपवर्ती हिलसा अनुमंडल के श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा के हरियाली युक्त प्रांगण में जश्ने आजादी का 80 वां समारोह हर्षोउल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया।कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शिवचंद्र सिंह ने प्राध्यापकों व कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि बड़ी कुर्बानियों के बाद हमें ये आजादी मिली है। महाविद्यालय के विकास में मैं पूरी तरह निष्ठा से कार्य करूंगा।वहीं जदयू कार्यालय हिलसा में करीब 100 से ज्यादा कार्यकताओं की उपस्थिति में प्रखंड अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने तिरंगा लहराया।जबकि सम्पूर्ण क्रांति मंच,हिलसा और बुद्धिजीवी मंच के बैनर तले इसके अध्यक्ष जैनेन्द्र कुमार (सैदनपुर) ने देशभक्ति पूर्ण माहौल में राष्ट्र ध्वज फहराया। दनियावां प्रखंड परिसर में प्रमुख विनोद कुमार ने प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियंका कुमारी व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में झंडोत्तोलन किया।वहीं, जनसुराज पार्टी युवा के जिलाध्यक्ष व बांकीपुर-मछरियावां पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि नीतीश कुमार यादव ने स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं दीं।जबकि शाहजहांपुर पंचायत की मुखिया पल्लवी भारती ने अपने प्रतिनिधि बिंदु कुमार सिन्हा व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में तिरंगे की सलामी ली।



## मोकामा में देशभक्ति के रंग में रंगा स्वतंत्रता दिवस, 50 मीटर लंबी तिरंगा यात्रा आकर्षण का केंद्र







**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा और घोसवरी प्रखंड में शनिवार को स्वतंत्रता दिवस धूमधाम और देशभक्ति के उल्लास के साथ मनाया गया। सरकारी कार्यालयों, थानों, शिक्षण संस्थानों और राजनीतिक दलों के कार्यालयों में पूरे सम्मान के साथ झंडोत्तोलन किया गया, वहीं 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल रहा।स्वतंत्रता दिवस का मुख्य आकर्षण मोकामा में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा रही। स्कूल संचालक सह सामाजिक कार्यकर्ता रौशन भारद्वाज के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र-छात्राओं और सामाजिक कार्यकताओं ने 50 मीटर लंबा तिरंगा लेकर यात्रा निकाली। यह यात्रा एसकेएम +2 हाई स्कूल से शुरू होकर स्टेशन रोड, शहीद द्वार, गौशाला रोड, बाजार चौक होते हुए थाना चौक तक निकाली गई। देशभक्ति गीतों से पूरा नगर गूंज उठा।मोकामा प्रखंड कार्यालय में बीडीओ रवि कुमार के नेतृत्व में प्रखंड प्रमुख भवेंद्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद डॉ. बैद्यनाथ शर्मा मेमोरियल रेफरल अस्पताल में डॉ. बैद्यनाथ शर्मा द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। तय समय के अनुसार सभी अधिकारी मोकामा थाना पहुंचे, जहां वंदे मातरम की धुन पर परेड की सलामी के साथ पूरे सम्मान से ध्वजारोहण हुआ। इस मौके पर थानाध्यक्ष कुणाल कुमार की लोकप्रियता ऐसी रही कि लोगों में उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ लगी रही।नगर परिषद परिसर में सभापति नीलेश कुमार माधव ने कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार रजक, ब्रांड एंबेसडर छितेंद्र कुमार सिंह, वार्ड पार्षद शोएब खान सहित सभी पार्षदों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया।मोकामा रेलवे स्टेशन गोलंबर पर स्टेशन प्रबंधक हरिकिशोर कुमार और रेल थाना में थानाध्यक्ष नीतीश कुमार द्वारा झंडोत्तोलन किया गया।इसके अलावा पचमहला में थानाध्यक्ष विनोद कुमार, मराँची में रौशन कुमार, हाथीदह में अभिषेक कुमार, सम्यागढ़ में प्रभारी अनिल कुमार, घोसवरी थाना में थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी और घोसवरी प्रखंड कार्यालय में बीडीओ आनंद प्रकाश के नेतृत्व में झंडोत्तोलन संपन्न हुआ।पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय मोकामा घाट में प्राचार्य सुनील कुमार जैसवार की उपस्थिति में सीआरपीएफ डीआईजी अच्युतानंद ने विधि-विधान से ध्वजारोहण किया।कांग्रेस के कैंप कार्यालय सरदार भवन में पटना जिला ग्रामीण-2 के जिलाध्यक्ष सरदार गुरजीत सिंह ने, तो वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता नलिनी रंजन शर्मा उर्फ ललन सिंह ने अपने कार्यालय 502 में झंडा फहराया।दोनों प्रखंडों के सरकारी और निजी शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं ने मनोरम सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## संक्षिप्त समाचार

### रसूलपुर पंचायत का हुआ ऐतिहासिक विकास : मुखिया रीता मिथिलेश

**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के रसूलपुर पंचायत पर ध्वजारोहण मुखिया रीता देवी द्वारा किया गया।सभा को संबोधित करते मुखिया पति व प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद ने कहा कि पिछले साढ़े चार सालों में रसूलपुर पंचायत का सर्वांगीण और ऐतिहासिक विकास हुआ है।कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में रसूलपुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण होना उल्लेखनीय कार्य है। बताया कि पंचायत के हर गांवों की गलियों में, नाली, सोखता व पीसीसी सड़कें बनी हैं। स्वच्छता अभियान के तहत कचरा घर बना है। प्रतिनिधि मिथिलेश ने कहा कि आने वाले कुछ महिनों में पंचायत के गांवों में बाकी अन्य विकास कार्य कराए लिये जायेंगे। इसके लिए पंचायत के गांवों की जनता जनार्दन का सहयोग भी मिलता रहा है। जिसके लिए वे कृतज्ञ हैं। मौके पर उपमुखिया मनोज प्रसाद सोनी उर्फ नन्हें, जेडीयू अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, सरपंच प्रतिनिधि विकाश कुशवाहा, उपमुखिया राजनाथ सिंह शिक्षक,बिमल सिंह शिक्षक,राजेंद्र प्रसाद, भरत दुबे, पूर्व सरपंच मुतुर्जा आदि उपस्थित रहे।



### स्वतंत्रता दिवस पर आईसीसीआर पटना की निदेशक स्वधा रिजवी द्वारा लोक गायक रामेश्वर गोप पुरस्कृत

**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले के लोक गायक व शिक्षक रामेश्वर गोप को भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद पटना द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर पुरस्कृत किया गया। आईसीसीआर व पासपोर्ट कार्यालय पटना में आयोजित सांस्कृतिक मंच से गायक गोप ने रघुवीर नारायण की चर्चित सुंदर सुभूमि भैया भारत के देशवा से मोरे प्राण बसे हिम खोह रे बटोहिया'देश भक्ति गीत की प्रस्तुति के साथ महेंद्र मिश्र रचित नोटवा जे छापी छपी गिनिया भजवल ए महेंद्र मिसिर जैसे देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति की। कार्यक्रम में भिखारी ठाकुर रचित बिदेशिया नाटक के गीतों की भी प्रस्तुति गायक गोप द्वारा किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित इप्टा के राष्ट्रीय महासचिव तनवीर अख्तर ने प्रशंसा की।



### यमुना सीकरिया ने किया ध्वजारोहण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उद्योगपति भाजपा नेता यमुना सीकरीया द्वारा अपने शिक्षण परिसर में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सीकारीया ने सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा आज के दिन हमारे कॉलेज के छात्र-छात्राओं के द्वारा पहले वंदे मातरम गीत का पूरा गायन किया गया है। छात्रों ने वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूरे होने पर रंगोली भी बनाई है। सीकरीया ने कहा यह वर्ष हमारे लिए ऐतिहासिक है। मोदी सरकार ने वंदे मातरम गीत को संविधान के माध्यम से अधिकार दिलाया है, और पहली बार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संसद में एवं लाल किले पर इस गीत को पूरा गायन किया गया है, जो भारत की सांस्कृतिक धरोहर और ताकत को दिखाता है। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रीति दुबे एवं सभी शिक्षक और काफी संख्या में छात्र उपस्थित थे।



### ऐतिहासिक गाँधी मैदान में प्रभारी मंत्री द्वारा 80 वां स्वतन्त्रता दिवस पर किया गया ध्वजारोहण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में झंडोत्तोलन प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार के द्वारा किया गया। वहीं समाहरणालय मुख्य भवन के सामने झंडोत्तोलन जिलाधिकारी, एसपी द्वारा किया गया। सदर अनुमंडल कार्यालय मोतिहारी में झंडोत्तोलन अनुमंडल पदाधिकारी ने किया। नगर निगम कार्यालय मोतिहारी में महापौर प्रीति गुप्ता के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया, इस अवसर पर उप महापौर डॉ. लालबाबू गुप्ता एवं नगर आयुक्त आशीष कुमार भी उपस्थित थे। जिला परिषद कार्यालय में जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती ममता राय ने झंडोत्तोलन किया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी सहित जिला के सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। महादलित टोले में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में टोले के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति के द्वारा झंडोत्तोलन किया गया बाल उद्यान में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने माल्यार्पण किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने समाहरणालय परिसर में स्थापित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।



### अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन में छात्रों ने की परेड

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वतंत्रता दिवस पर भव्य झांकि परेड मार्च किया छात्र-छात्राओं ने। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अम्बेदकर इंस्टीच्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, छितनावां, दानापुर, पटना के युवा-युवतियों ने झंडोतोलन के शुभ अवसर पर परेड मार्च निकालने के साथ ही झांकि भी प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ. कौशल कुमार गिरि, चेयरमैन, अम्बेदकर ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूशन, पटना सह चांसलर वी.वी. गिरी यूनिवर्सिटी, सिवान द्वारा झंडातोलन किया गया। चांसलर ने युवा-युवतियों के परेड का अवलोकन किया। छात्राओं ने परेड में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राष्ट्रभक्ति से उत्प्रोत नृत्य एवं संगीत पर हजारों छात्र-छात्राओं सभागार में घंटो झूमते रहें। छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक एवं शिक्षकाओं ने भी कार्यक्रम में हिसा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ कौशल कुमार गिरी ने कहा कि आजादी को साकार करने है समाज में सभी वर्गों को आर्थिक एवं सामाजिक स्तर पर आगे बढ़कर देश को मजबूत करना होगा इस हेतु हमारे युवा वर्ग को शैक्षणिक रूप से सक्षम एवं कुशल बनना होगा। हमारे युवा पिढ़ी की दक्षता हमें एक समृद्ध एवं आत्म निर्भर राष्ट्र बना सकती है। इस अवसर पर संस्थान के शैक्षणिक निदेशक, मो. डॉ. अब्दुल्ला, सहायक निदेशक श्री अवधेश दास, संस्थान कोर्डिनेटर, डॉ. आशिष, मो. रज्जा, के साथ सभी संकायों के शिक्षकगण भी उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत में संस्थान कोर्डिनेटर डॉ. आशिष ने सभी व्यक्तियों को धन्यवाद ज्ञापन किया।



### बिहार इप्टा ने 80वें वर्ष में किया प्रवेश

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इप्टा, पटना सिटी इकाई द्वारा 'जनसंस्कृति, युवा और समाज' विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता इप्टा पटना सिटी के अध्यक्ष सभी अहमद ने की। सभी अहमद ने कहा कि बिहार इप्टा का 80वें वर्ष में प्रवेश गौरव के साथ नई जिम्मेदारियों का भी अवसर है। हमें अपनी जनपक्षधर सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुँचाते हुए युवाओं को रंगमंच और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना होगा। सचिव राजेश कुमार ने कहा कि इप्टा की पहचान जनपक्षधर सांस्कृतिक आंदोलन के रूप में रही है और रंगमंच को जनता के बीच ले जाना इसकी प्रमुख परंपरा है। दीपक कुमार, मनोज सोनी, प्रियंका श्रीवास्तव, नीरज कुमार रंजन, मो शाहीद एवम मो. अयान अहमद आदि ने कहा कि इप्टा की सांस्कृतिक परंपरा सामाजिक एकता, भाईचारे और मानवीय सम्वेदना को जनमानस तक पहुँचाने का प्रयास करना चाहिए। गोष्ठी में रंगमंच, नुक्कड़ नाटक, लोककला और डिजिटल माध्यमों के जरिए सामाजिक जागरूकता एवं जनसंवाद को मजबूत करने पर चर्चा हुई। उपस्थित कलाकारों एवं सांस्कृतिक कार्यकताओं ने बिहार इप्टा की जनपक्षधर सांस्कृतिक परंपरा को आगे बढ़ाने और युवाओं को सांस्कृतिक आंदोलन से जोड़ने का संकल्प लिया।



# महात्मा गांधी केंद्रीय विवि में राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक उल्लास के साथ 80 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रभक्ति, गौरव और उल्लास के वातावरण में मनाया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, स्वतंत्रता संग्राम की स्मृतियों, राष्ट्र निर्माण के संकल्प और भारतीय संस्कृति की विविधता का सुंदर समागम देखने को मिला। ध्वजारोहण एवं कुलपति का संबोधन स्वतंत्रता दिवस समारोह का शुभारंभ महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.संजय श्रीवास्तव द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रगान हुआ। विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी इस गरिमामय अवसर पर एकत्र हुए तथा राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और देश की रक्षा में समर्पित वीर जवानों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। अपने संबोधन में कुलपति प्रो.संजय श्रीवास्तव ने विश्वविद्यालय परिवार को 80 वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता केवल अतीत की उपलब्धि नहीं है, बल्कि वर्तमान पीढ़ी की जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों की विरासत भी है। उन्होंने युवा पीढ़ी का आह्वान किया कि स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और उसके मूल्यों को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अपने जीवन और आचरण का हिस्सा बनाएं। प्रो. श्रीवास्तव ने चंपारण और महात्मा गांधी के ऐतिहासिक संबंध को रेखांकित करते हुए 1917 में गांधीजी के चंपारण आगमन और किसानों की पीड़ा को समझने तथा औपनिवेशिक अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने के ऐतिहासिक प्रसंग को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की पहचान इस ऐतिहासिक धरती की गौरवशाली विरासत से गहराई से जुड़ी हुई है। कुलपति ने देश की संप्रभुता और सीमाओं की रक्षा में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर सैनिकों को नमन किया। उन्होंने कारगिल,



गलवान, टाइगर हिल तथा ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि तभी सार्थक होगी, जब हम उनके भीतर प्रज्वलित देशप्रेम की ज्योति को अपने जीवन में जीवित रखें और विकसित भारत के निर्माण में अपना पूर्ण योगदान दें। विश्वविद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए प्रो. श्रीवास्तव ने शोध एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्वविद्यालय की प्रगति, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित और उद्धृत हो रहे शोध-पत्रों, आईआईआरएफ रैंकिंग में 33वें स्थान तथा विद्यार्थियों की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का उल्लेख किया। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष विश्वविद्यालय अपने दस वर्ष के गौरवपूर्ण पड़ाव को पार करेगा। कुलपति ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप प्रारंभ किए गए 12 एकीकृत स्नातक-स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का उल्लेख करते हुए बहुविषयी ज्ञान, कौशल विकास और अनुसंधान पर बल दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यापक दृष्टि, स्वतंत्र चिंतन, जिज्ञासा और नए ज्ञान के सृजन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता के संदर्भ में उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीक के विवेकपूर्ण उपयोग की सलाह दी और कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता को अपनी सोच, तर्क और रचनात्मकता का विकल्प नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से शैक्षणिक गतिविधियों के साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। 'हर घर तिरंगा' अभियान स्वतंत्रता दिवस समारोह की राष्ट्रभक्ति की भावना को 'हर घर तिरंगा' अभियान ने और अधिक सशक्त किया। परिसर निदेशक प्रो. प्रसून दत्त सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिवार ने इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर पूरे उत्साह के साथ उसे लहराया। परिसर में लहराते राष्ट्रीय ध्वजों ने राष्ट्रीय एकता, देशप्रेम और सामूहिक उत्तरदायित्व की भावना को जीवंत कर दिया। विश्वविद्यालय समुदाय की यह सामूहिक सहभागिता स्वतंत्रता दिवस समारोह का विशेष आकर्षण रही। स्वतंत्रता दिवस समारोह के पश्चात महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति के प्रयासों से एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों और विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने गीत, नृत्य और संगीत की विविध प्रस्तुतियों के माध्यम से देशप्रेम तथा भारतीय संस्कृति की समृद्ध विविधता को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ 'ॐ नमः शिवाय' समूह - गान से हुआ, जिसमें मनोज, सुनैना, ममता, अंकित और विजय जी ने प्रस्तुति दी। इसके बाद मुस्कान ने 'मातृभूमि' पर एकल नृत्य प्रस्तुत किया। ममता और सोनाली ने रवींद्र संगीत पर आधारित युगल प्रस्तुति 'ए अमार देशेर माटी' दी, जबकि प्रज्ञा और तान्या ने लोकनृत्य के मिश्रित रूप से दर्शकों का मन मोहा। देशभक्ति से ओतप्रोत 'ऐ मेरे वतन के लोगों' की एकल गायन प्रस्तुति रिद्धि ने दी, जबकि मृणालिनी ने 'बेखौफ आजाद' पर एकल नृत्य प्रस्तुत किया। इसके पश्चात करण, मन्नू, पूजा, रिधि, वंदना और सुरभि ने 'मां से है माटी' समूह-गान के माध्यम से मातृभूमि के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। कार्यक्रम में पलक ने 'ओ मितवा' पर एकल नृत्य और टेटुल जी ने 'चिट्ठी आई है' पर एकल गायन प्रस्तुत किया।

## नगर परिषद मे सभापति डॉ. संगीता कुमारी ने फहराया तिरंगा, गिनाई शहर की उपलब्धियां

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को हाजीपुर नगर परिषद कार्यालय परिसर में सुबह 10 बजे नगर परिषद की सभापति डॉ. संगीता कुमारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान का आयोजन हुआ। इस दौरान नगर परिषद के वार्ड पार्षद, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि, कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार दास समेत अधिकारी, कर्मचारी और अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया। प्रस्तुति देने वाले बच्चों को सभापति डॉ. संगीता कुमारी और कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार दास ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सभापति ने बच्चों के बीच मिठाई और जलेबी का भी वितरण किया। समारोह को संबोधित करते हुए सभापति डॉ. संगीता कुमारी ने नगर परिषद की ओर से कराए जा रहे विकास कार्यों और प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाजीपुर शहर को बेहतर, स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त बनाने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है कौनहारा घाट पर करीब 40 फीट ऊंची भव्य गजग्राह प्रतिमा का शिलान्यास किया गया है। इनमें मार्केट कॉम्प्लेक्स, कमांड सेंटर, गुदरी बाजार, रिवर फ्रंट और तालाबों के सौंदर्यीकरण जैसी योजनाएं शामिल हैं। सभापति ने कहा कि अमृत 2.0 के तहत 232.90 करोड़ रुपये की सीवरेज एवं एसटीपी परियोजना तथा 131.88 करोड़ रुपये की जलापूर्ति परियोजना स्वीकृत हुई है। शहर को जलजमाव से राहत दिलाने के लिए 129 करोड़ रुपये के स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम पर भी काम शुरू किया गया है। चार बड़े नालों के निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ी है। शहर में मस्टिक अस्फाल्ट सड़कों का निर्माण, करीब 5,500 स्ट्रीट लाइट और 50 हाई मास्ट लाइट की स्थापना, सम्राट अशोक भवन का करीब 80 प्रतिशत निर्माण पूरा होना तथा 58 लाख रुपये की लागत से आधुनिक विद्युत शवदाह गृह का निर्माण जैसी योजनाएं भी प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि मामू-भांजा और मीनापुर पोखर क्षेत्र में लक्ष्ऊ पाइपलाइन का काम लगभग पूरा हो चुका है, जिससे जलजमाव की समस्या से बड़े क्षेत्र के लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

## स्वतंत्रता दिवस पर बीका, हाजीपुर में सजी देशभक्ति के रंगों से सांस्कृतिक संध्या

### जिला पदाधिकारी ने किया जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 15 अगस्त 2026 के अवसर पर जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह के मार्गदर्शन में बिहार शिक्षा परियोजना, वैशाली के तत्वावधान में बिहार सुधारात्मक प्रशासनिक संस्थान (इक्ळअ), हाजीपुर में संध्याकालीन जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने किया। इस अवसर पर जिले के 15 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिक्षक-शिक्षिकाओं की सुरीली देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में विशेष आकर्षण जोड़ा और पूरा वातावरण राष्ट्रभक्ति के भाव से ओत-प्रोत हो गया। देशभक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियों पर उपस्थित दर्शकों ने तालियों से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया।

#### 15 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने दी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

कार्यक्रम में एलएनएम उच्च विद्यालय, भगवानपुर द्वारा 'वसुधैव कुटुम्बकम' समूह गायन, राज्य सम्पोषित बालिका उच्च विद्यालय, हाजीपुर द्वारा 'जय तू जय भारतम' समूह नृत्य, वैशाली हाई स्कूल, महुआ द्वारा 'हेरी सखी मंगल गावरी' एकल नृत्य तथा बीपीएसए हसनपुर, महनार द्वारा 'शहादत' नाटक प्रस्तुत किया गया।इसी क्रम में जेटी हाई स्कूल, बरूआ बहुआरा, हाजीपुर द्वारा 'कृष्ण रास लीला' समूह नृत्य, राज किशोर उच्च विद्यालय, युसुफपुर,



हाजीपुर द्वारा 'सुनो साथियों' समूह गायन तथा जीए हाई स्कूल, भगवानपुर द्वारा नाटक की प्रस्तुति दी गई। केजीबीभी भगवानपुर की छात्राओं ने 'बेटी हूँ मैं बेटी' समूह नृत्य, उच्च माध्यमिक विद्यालय, नेनहा, हाजीपुर द्वारा 'हमर देशवा सोनवां के चिड़ियां' समूह गायन तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय, काशीपुर चकबीबी, हाजीपुर द्वारा 'झांसी की रानी' नाटक प्रस्तुत किया गया। वहीं डॉ. बी.आर. अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, हाजीपुर के छात्र-छात्राओं ने 'बड़ा नीक लागे देशवां के माटी' समूह नृत्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, वफापुर शर्मा, वैशाली द्वारा ह्यतेरा हिमालय आकाश चूमे समूह नृत्य तथा राज्य सम्पोषित बालिका उच्च विद्यालय, हाजीपुर द्वारा 'माईम' नाटक प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त गांधी विद्या मंदिर, तिसिऔता, पातेपुर द्वारा 'जय हो' समूह नृत्य तथा उच्च माध्यमिक विद्यालय, किरतपुर राजाराम, भगवानपुर द्वारा 'जलवा तेरा जलवा' समूह नृत्य की प्रस्तुति दी गई। सभी प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियों और शिक्षक-शिक्षिकाओं की सुमधुर देशभक्ति प्रस्तुतियों से बीका परिसर भारत माता की जय एवं वंदे मातरम् के जयघोष से गूंजता रहा तथा स्वतंत्रता दिवस की सांस्कृतिक संध्या देशभक्ति के रंगों से सराबोर हो उठी। इस अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 12 अगस्त 2026 को जीए इंटर विद्यालय, हाजीपुर में आयोजित जिला स्तरीय पेंटिंग, क्विज, निबंध, रंगोली एवं संगोष्ठी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 19 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। सम्मानित प्रतिभागियों में रंगोली प्रतियोगिता के 6, पेंटिंग के 3, निबंध के 3, क्विज के 4 तथा संगोष्ठी प्रतियोगिता के 3 प्रतिभागी शामिल रहे। जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, बलिदान और संघर्ष को स्मरण करने का अवसर है।

## पूर्व मध्य रेल में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया ध्वजारोहण

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रध्वज को सलामी दी तथा रेल सुरक्षा बल एवं स्काउट्स एंड गाईड के सदस्यों के परेड का निरीक्षण किया । महाप्रबंधक ने रेलकर्मियों, रेल उपयोगकताओं, मीडिया प्रतिनिधियों सहित सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सुरेश चन्द्र श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार एवं अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। साथ ही पूर्व मध्य रेल के यूनियन/एसोशिएसन संगठन के पदाधिकारी, अधिकारी एवं रेलकर्मी भी उपस्थित थे। पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह सहित संगठन की अन्य सदस्याएं भी स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित थीं। स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने कहा कि हमनें सतत विकास एवं मुस्कान के साथ यात्रियों की सुरक्षित यात्रा की प्रतिबद्धता का निर्वहन करते हुए इस वर्ष जनवरी से जुलाई माह तक कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं । इस वर्ष 126 मीलियन टन का माल लदान किया है जिससे 15 हजार 452 करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई जबकि यात्री यातायात से लगभग 3082 करोड़ रुपए प्राप्त हुए । इस प्रकार जनवरी से जुलाई माह तक कुल प्रारंभिक आय 19 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा रही । पूर्व मध्य रेल द्वारा माल लदान के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित



करते लगातार दूसरे साल 200 मिलियन टन से ज्यादा का माल लदान किया गया। यात्री सुविधा पर बोलते हुए महाप्रबंधक ने कहा कि जनवरी से जुलाई माह तक 19 जोड़ी नई ट्रेन का परिचालन जिनमें 09 जोड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। इसके साथ ही 02 जोड़ी ट्रेनों का मार्ग विस्तार एवं 30 ट्रेनों का विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया गया तथा 609 कोचों का अस्थायी संयोजन किया गया । जुलाई माह तक स्पेशल ट्रेनों द्वारा 3425 फेरे लगाए गए । यात्री सुविधा के तहत इस वर्ष 04 स्टेशन पर 08 लिफ्ट का प्रावधान, मुजफ्फरपुर स्टेशन पर 04 स्वचलित सीढ़ियां, 04 स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिजए 10 स्टेशनों के प्लेटफॉर्म का उच्चीकरण, 01 प्लेटफॉर्म का विस्तारीकरण एवं 02 स्टेशनों पर कंप्यूटरीकृत उद्घोषणा प्रणाली तथा 52 स्टेशनों पर स्वचालित यात्री सूचना प्रणाली लगाया गया है।

## हाजीपुर में कार पार्किंग को लेकर महिला दरोगा और एक सिपाही के साथ मनचले ने की मारपीट

### बीच बचाव करने पहुंचे एडवोकेट ने भी महिला सिपाही के साथ की बदतमीजी

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाजीपुर में महिला दरोगा और सिपाही के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। शहर के पासवान चौक सब्जी मंडी के पास एक मनचले व्यक्ति रास्ते पर अपना कर पार्किंग कर रखा था, जिसके कारण जाम लग गई। इसी बीच औद्योगिक थाने में तैनात नेहा कुमारी दरोगा कोर्ट ड्यूटी कर थाना थाना लौट रही थी, जैसे ही पासवान चौक सब्जी बाजार पहुंची तो देखा कि लंबा जाम लगा हुआ था।महिला दरोगा ने अपनी ड्यूटी को निभाते हुए कार को आगे बढ़ाने के लिए बोला , लेकिन कार में मौजूद दंपति महिला दरोगा नेहा कुमारी से उलझ गए उसके साथ मारपीट किया गाली गलौज किए वर्दी के साथ छेड़छाड़ किया , इसी बीच एक वकील मौके पर पहुंचे कर घटना की जानकारी लेने के लिए वकील ने भी महिला दरोगा के साथ



बदसलूकी किया ... इतना ही नहीं पड़ोसी थाना नगर से एक सिपाही अपना ड्यूटी कर लौट रहा था जैसे ही पासवान चौक पहुंचा तो देखा कि महिला दरोगा के साथ वकील और मनचले और उसके पत्नी के द्वारा मारपीट और बदतमीजी की जा रही है जिसको लेकर बीच बचाव करने पहुंचा तो वकील और मनचले और उनके पत्नी ने मिलकर सिपाही के साथ भी मारपीट किया, महिला दरोगा ने मोबाइल फोन से थाना को सूचना देने का प्रयास किया तो महिला दरोगा का मोबाइल छीन लिया गया, फिर दरोगा ने दूसरे फोन से गश्ती टीम को बुलाकर मौके से दंपति और आरोपी एडवोकेट को हिरासत में लेकर थाना लेकर आई। इधर पुलिस के हिरासत में एडवोकेट के बंद होने के खबर के बाद वकील की जत्था औद्योगिक थाना पर पहुंचकर एडवोकेट के पक्ष में पुलिस पर दबाव बना रहे है क्या अपराध किया है एडवोकेट जो हाजत में बंद किया गया।

## शहीदों के बलिदान से मिली आजादी, समृद्ध व विकसित भारत बनाना हमारा लक्ष्य : तारकिशोर प्रसाद

### पूर्व उपमुख्यमंत्री ने नगर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों व सार्वजनिक स्थलों पर किया झंडोत्तोलन, ली परेड की सलामी

**कटिहार/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर कटिहार नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय पर्व पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस उपलक्ष्य पर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कटिहार नगर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों, सामाजिक संगठनों एवं सार्वजनिक स्थलों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया तथा झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी। पूर्व उपमुख्यमंत्री ने मुख्य रूप से बरमसिया स्थित सरस्वती शिशु मंदिर, डहेरिया स्थित मारवाड़ी पाठशाला, महेश्वरी अकादमी, प्लस टू राजकीयकृत उच्च विद्यालय तथा मनिहारी मोड़ चौक (मुन्नू ऑटोमोबाइल के समीप) में आयोजित समारोहों में तिरंगा फहराया। महेश्वरी अकादमी परिसर स्थित भारत स्काउट और गाइड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने स्काउट एवं गाइड के कैडेट्स द्वारा प्रस्तुत आकर्षक परेड का निरीक्षण किया, सलामी ली और बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री



श्री प्रसाद ने कहा कि यह आजादी और तिरंगे की आन-बान-शान हमें यूं ही नहीं मिली है। इसके पीछे भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, लाला लाजपत राय, महात्मा गांधी और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे अनगिनत अमर सेनानियों का त्याग और बलिदान है। उन्होंने कहा कि हम अमर बलिदानियों के योगदान को कभी नहीं भूल सकते। उनके दिखाए मार्ग पर चलकर ही हम देश की आजादी को अक्षुण्ण रख सकते हैं और भारत को समृद्ध, विकसित व विश्व गुरु बनाने का सपना साकार कर सकते हैं। इसके अलावा श्री प्रसाद महेश्वरी अकादमी मैदान में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह, भाजपा जिला कार्यालय, मिरचाईबाड़ी चौक तथा दलन पूर्व पंचायत के सिरसा स्थित महादलित टोला में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रमों में भी सम्मिलित हुए। उन्होंने सभी उपस्थित नागरिकों, छात्र-छात्राओं और कार्यकताओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी में हर्षोल्लास के साथ मना 80 वां स्वतंत्रता दिवस

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी में देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गरिमापूर्ण एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय के संस्थापकों एवं महाविद्यालय की स्थापना में अमूल्य योगदान देने वाले विभूतियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके उपरांत राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन किया गया। एन.सी.सी. पदाधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एन.सी.सी. कैडेट्स ने अनुशासित परेड प्रस्तुत की। प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक ने परेड की सलामी ली तथा एन.सी.सी. कैडेट्स के साथ परेड का निरीक्षण किया। इसके बाद प्राचार्य द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया गया और



उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाया। ध्वजारोहण के पश्चात प्राचार्य प्रो. एम. एन. हक ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों एवं राष्ट्रनिमार्ताओं को नमन करते हुए विद्यार्थियों से देश की एकता, अखंडता, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। समारोह के दौरान महाविद्यालय के एन.सी.सी. कैडेट्स को उनकी अनुशासन, सक्रियता एवं योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

CMYK

## एक नजर

### ट्रक की टक्कर से ऑटो सवार दो सगे भाई जख्मी, एक की मौत

**औरंगाबाद**। मदनपुर थाना क्षेत्र के दधपी मोड़ के समीप एक नियंत्रित ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी जिसमें ऑटो सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान मिर्जापुर गांव निवासी अंकित कुमार के रूप में की गई है। जबकि जख्मी उमेश कुमार है। दानों सगे भाई है। फिलहाल, जख्मी उमेश सदर अस्पताल में इलाजरत है। घटना की सूचना पर पहुंचे जिला पार्षद शंकर यादव एवं स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां अंकित कुमार को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जिला पार्षद शंकर यादव ने जिला प्रशासन से मृतक के आश्रितों के लिए उचित मुआवजे की मांग की है।

### 65 वर्षीय वृद्धा की गला दबाकर हत्या

**नारदीगंज (नवादा)**। थाना क्षेत्र के नारदीडीह (सोनरा बागी) गांव में शुक्रवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने 65 वर्षीय वृद्धा राजकुमारी देवी की गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात के बाद अपराधी घर में रखे गोदरेज व बक्से तोड़कर नकदी और जेवरात लूटकर फरार हो गए। मृतका स्वर्गीय मुन्नी मिस्त्री की पत्नी थी और घर में अकेली रहती थी। परिजनों के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 10 बजे तक वह पड़ोसियों के पास थी और फिर सोने चली गई। आशंका है कि देर रात चोरी की नीयत से घुसे बदमाशों ने विरोध करने पर गमछे से उनके हाथ-पैर बांधे और साड़ी से गला घोंट दिया। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शनिवार सुबह नारदीगंज चौक पर नारदीगंज-राजगीर मार्ग जाम कर दिया। सूचना पर पहुंचीं बीडीओ सोनिया ढनढनिया और थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम समाप्त कराया। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और परिजनों के लौटने पर लूटी गई संपत्ति का सही आकलन होगा।

### पिकअप बिजली पोल से टकराई, आठ घायल

**कतरीसराय**। कतरीसराय थाना क्षेत्र के बादी मोड़ के समीप रविवार को देवघर से जलाभिषेक कर लौट रहे कांवरियों से भरी पिकअप वैन सड़क किनारे बिजली के पोल से टकरा गई। हादसे में वाहन सवार आठ कांवरिया घायल हो गए। इनमें दो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद पावापुरी स्थित विम्स मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया है, जबकि अन्य घायलों का इलाज कतरीसराय पीएचसी में चल रहा है। घायलों में उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के खरुआ गांव निवासी मनोज कुमार, पिता शिवनाथ, शैलेश कुमार, पिता श्रीनाथ, रामबाबू, पिता हरि प्रसाद, राहुल कुमार, पिता दिनेश सिंह और सोमनाथ, पिता मनन सिंह शामिल हैं। अन्य घायलों के नाम की जानकारी पुलिस जुटा रही है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**बिहारशरीफ**। दुर्गापुर क्षेत्र में रविवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जाता है कि युवक अपनी प्रसूता बहन को बीम्स पावापुरी में भर्ती कराने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान दुर्गापुर के समीप उसकी बाइक की टक्कर एक टोटो से हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन अस्पताल पहुंचे, जहां युवक का शव देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

### समाज को मजबूत बनाने, शिक्षा के प्रसार तथा युवाओं को बेहतर दिशा देने पर बल

**औरंगाबाद**। यादव महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को दाउदनगर में नागेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में समाज को संगठित और मजबूत बनाने, शिक्षा के प्रसार तथा युवाओं को बेहतर दिशा देने सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। समाज के बच्चों और युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने तथा उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही सामाजिक एकता, आपसी भाईचारा और संगठन को मजबूत करने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान क्षेत्र में समाज के लोगों के साथ कथित रूप से गाली-गलौज, मारपीट और दुर्व्यवहार की घटनाओं को लेकर भी नाराजगी जताई गई। महासभा के सदस्यों ने कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी जनप्रतिनिधि के नाम या प्रभाव का इस्तेमाल कर समाज के लोगों के साथ दुर्व्यवहार करना स्वीकार नहीं किया जाएगा। वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि समाज के सम्मान और स्वाभिमान के साथ किसी भी परिस्थिति में समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में दाउदनगर थाना प्रशासन के कथित पक्षपातपूर्ण रवैये को लेकर भी सदस्यों ने नाराजगी व्यक्त की। महासभा की ओर से मांग की गई कि किसी भी मामले में निष्पक्ष जांच की जाए और दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई हो, चाहे वह किसी भी पक्ष से संबंधित क्यों न हो।

### केशव उच्च विद्यालय सोननगर में प्रधानाध्यापिका ने फहराया तिरंगा



**बारुन**। केशव उच्च विद्यालय, सोननगर, बारुन में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका प्रमिला कुमारी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। विद्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर उत्साह का माहौल रहा।

### राजकीय मध्य विद्यालय नरची में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस



**देव**। देव प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय नरची में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश पासवान ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी।

### राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में मना स्वतंत्रता दिवस



**औरंगाबाद**। राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय, औरंगाबाद में देशभक्ति, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण के बीच 80वां स्वतंत्रता दिवस भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय परिसर स्थित 'शेर-ए-बिहार' राम लखन सिंह यादव की स्मारक पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करने के साथ हुई। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने ध्वजारोहण किया।

# राष्ट्रभक्ति के जोश के बीच संस्था प्रमुखों ने किया ध्वजारोहण







**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। राष्ट्रवादी नारों के बीच विभिन्न संस्थानों के प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वीर सपूतों को याद किया गया। परेड ग्राउंड में एसडीओ अमित राजन ने झंडोत्तोलन किया। बिहार पुलिस के जवानों, स्काउट एंड गाइड तथा विद्या निकेतन ग्रुप ऑफ स्कूल के छात्र-छात्राओं ने परेड प्रस्तुत कर तिरंगे को सलामी दी। मौके पर एसडीपीओ अशोक कुमार दास, डीसीएलआर प्रणव कुमार, बीडीओ मो. जफर इमाम, सीओ सतीश कुमार सिंह, इओ ऋषिकेश अवस्थी, पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष विकास कुमार, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष दीपक पटेल, अश्विनी कुमार तिवारी, आशुतोष पटेल, आनंद प्रकाश उपस्थित रहे। एसडीपीओ अशोक कुमार दास, विधायक डॉ. प्रकाश चंद्र ने रेड क्रॉस सोसाइटी व भगवान प्रसाद शिवनाथ प्रसाद बीएड कालेज, अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में एसडीजेएम विकास कुमार ने झंडोत्तोलन किया। राजद कार्यालय में पूर्व विधायक वीरेंद्र कुमार सिन्हा ने पूर्व विधायक ऋषि कुमार की उपस्थिति में, प्रखंड कार्यालय में प्रमुख विपुल कुमार, नगर पर्षद कार्यालय में मुख्य पार्षद अंजलि कुमारी, विधिक संघ दाउदनगर में सचिव रामाशीष सिंह, उपकारा में जेल अधीक्षक अमित कुमार, अनुमंडल अस्पताल में उपाधीक्षक डॉ. शांता कुमारी, थानाध्यक्ष विकास कुमार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनमोल कुमार, प्रखंड कृषि कार्यालय में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी रजनीकांत भारती, शहीद प्रमोद सिंह चौक पर पूर्व सैनिक संघ के अनुमंडल अध्यक्ष जनेश्वर सिंह ने ध्वजारोहण किया। प्रखंड कांग्रेस कार्यालय तथा इंदिरा गांधी स्मारक स्थल पर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार सिंह,जदयू कार्यालय में जदयू प्रखंड अध्यक्ष दीपक पटेल, लोजपा(रामविलास)कार्याय में प्रखंड अध्यक्ष रमेश पासवान, नगर भाजपा कार्यालय में श्याम पाठक, तरार मुखिया शशिभूषण सिंह, शमशेर नगर मुखिया अमृता देवी, कर्मा मुखिया चंचला कुमारी, पैक्स अध्यक्ष तरार प्रदीप कुमार सिन्हा, तरारी अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह की अनुपस्थिति में उपेंद्र तिवारी, गोरडीहां में सुषमा देवी ने ध्वजारोहण किया। जिनोरिया स्थित ऑटो मशीनरी स्टोर आयशर ट्रैक्टर में नवीन कुमार सिंह, विवेकानंद मिशन स्कूल में सुनील कुमार सिंह, विवेकानंद स्कूल आफ एजुकेशन में अद्यन्त वत्स, विवेकानंद चाइल्ड गाइडेंस सेंटर में सुबोध कुमार श्रीवास्तव, संस्कार विद्या, विद्या निकेतन एवं किड्स वर्ल्ड के दोनों शाखा में सुरेश कुमार गुप्ता, फ्लूएंट हाई स्कूल में सर्वेश कुमार, नवज्योति शिक्षा निकेतन में नीरज कुमार, एसएस ग्लोबल पब्लिक स्कूल में इंजीनियर मनीष सिंह, ज्ञान ज्योति शिक्षण केंद्र में डॉक्टर चंचल कुमार, डिवाइन स्ट्रीम मिशन स्कूल में प्रवीण कुमार, न्यूटेक कंप्यूटर एजुकेशन एंड टाइपिंग सेंटर में सतीश पाठक, ज्ञानदीप प्रगति स्कूल में विनोद कुमार दुबे, विजन हाई स्कूल में प्रधानाचार्य नीरज कुमार ने ध्वजारोहण किया।

# ओबरा प्रखंड में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस


## आन-बान-शान से फहरा तिरंगा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा (औरंगाबाद)**। ओबरा प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। विभिन्न सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, पंचायत भवनों, पैक्स कार्यालयों, बैंकों एवं सामाजिक संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान लोगों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख शकुंतला देवी ने, अंचल कार्यालय में राकेश शर्मा ने, कृषि कार्यालय में कृषि पदाधिकारी रागिनी ने तथा व्यापार मंडल में अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय ने ध्वजारोहण किया। ओबरा थाना में थानाध्यक्ष नीतीश कुमार और जम्होर थाना में थानाध्यक्ष सूर्यवीर कुमार गुप्ता ने तिरंगा फहराया। ओबरा अस्पताल में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विक्रम कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया।

# आज से सुधरवा सकते हैं अपना बिजली बिल



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। सोमवार से 22 अगस्त तक अगर आपका बिजली बिल तृटिपूर्ण है तो उसमें सुधार करवा सकते हैं। कार्यपालक अभियंता मुख्तार आलम ने बताया कि विद्युत विपत्रों में त्रुटियों के निराकरण हेतु क्षेत्राधीन सभी विद्युत आपूर्ति प्रमंडलों एवं अवर प्रमण्डलों में 17 से 22 अगस्त तक प्रत्येक कार्य दिवस को विद्युत विपत्र सुधार हेतु विशेष शिविर आयोजित किए गए हैं। शिविर में प्राप्त विद्युत विपत्र संबंधी शिकायतों का नियमानुसार समीक्षा करते हुए यथासंभव उसी दिन उनका निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। शिविर में मीटर रीडिंग, गलत या औसत विपत्र, बकाया राशि, विपत्र में अन्य विसंगतियों आदि से संबंधित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाएगा।

# खुद को कलेक्ट्रेट का कर्मचारी बता लोगों से ठगे लाखों

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। कलेक्ट्रेट स्टाप का दावा कर लाखों रूपयों की ठगी करने वाले एक आरोपित को साइबर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गोह थाना क्षेत्र के सियानी गांव निवासी रामचंद्र शर्मा के पुत्र नवीन कुमार उर्फ बाबा के रूप में हुई है। आरोप है कि यह खुद को कलेक्ट्रेट का कर्मचारी बताकर लोगों को हथियार का लाइसेंस दिलाने तथा हथियार खरीदने में मदद करने का झांसा देता था। इसी बहाने यह अब तक लाखों रूपये कई लोगों से ठगी कर चुका है। आरोपित के खिलाफ फेसर थाना क्षेत्र के मुरादपुर गांव निवासी रामाकांत कुमार ने 13 अगस्त को साइबर थाना में लिखित आवेदन देकर पूरे मामले की शिकायत की थी जिसमें बताया गया कि नवीन कुमार उर्फ बाबा खुद को कलेक्ट्रेट का स्टाफ बताकर लोगों को पहले अपने जाल में फंसाता है। हमसे भी फोन-पे और बैंक खाते के माध्यम से 5 लाख 50 हजार रुपये लिए है। वहीं, औरंगाबाद के कई अन्य लोगों से करीब दो करोड़ रुपये की ठगी कर चुका है। कांड की गंभीरता पर पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने आरोपित की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित करने का निर्देश दिया। साइबर थाना के पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने मामले की जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, आरोपित की पहचान होने के बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए टीम ने निगरानी बढ़ाई। तकनीकी जांच और जुटाई गई सूचना के आधार पर पुलिस को पता चला कि आरोपित कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास मौजूद है। इसके बाद पुलिस टीम ने समाहरणालय के गेट से नवीन कुमार उर्फ बाबा को विधिवत गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की। पुलिस का दावा है कि पूछताछ के दौरान आरोपित ने अपने अपराध को स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपित के खिलाफ पहले से भी एक आपराधिक मामला दर्ज है। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक, बारुण थाना में 15 अक्टूबर को कांड संख्या 477/24 के रूप में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस अब आरोपित के पुराने आपराधिक रिकॉर्ड और मौजूदा मामले के बीच भी जानकारी जुटा रही है। फिलहाल साइबर थाना की टीम पूरे मामले की जांच में जुटी है। हथियार लाइसेंस और हथियार खरीदने के नाम पर लोगों से कथित तौर पर की गई ठगी को लेकर पुलिस लेनदेन से जुड़े रिकॉर्ड और अन्य साक्ष्यों की पड़ताल कर रही है। पुलिस की जांच आगे बढ़ने के साथ ठगी की वास्तविक रकम और इस पूरे मामले में शामिल अन्य लोगों की भूमिका भी सामने आने की उम्मीद है।

# 'वंदे मातरम्' के अपमान के विरोध में कांग्रेस का पुतला दहन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में झंडोत्तोलन कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' के प्रति कथित असम्मान को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा, औरंगाबाद के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और पुतला दहन किया। कार्यक्रम भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व भाजयुमो जिलाध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत राजेंद्र प्रसाद बाल उद्यान (छोटा पार्क), औरंगाबाद से हुई, जहां से कार्यकर्ता मार्च करते हुए रमेश चौक पहुंचे। यहां कांग्रेस नेतृत्व के विरोध में नारेबाजी करते हुए कांग्रेस का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार, महामंत्री अविनाश गुप्ता, जिला मंत्री विक्की सिंह एवं आदित्य सिंह, प्रवक्ता नीरज गुप्ता, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार यादव, मंडल महामंत्री सिपुल सिंह, जिला कार्यालय मंत्री विकेश कुमार सिंह, प्रवक्ता लव कुमार सिंह महिला मोर्चा से कमला सिंह एवं मंडल अध्यक्ष कान्हा सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उत्पाद विभाग कार्यालय में धूमधाम से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग कार्यालय, पडरावां में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यालय परिसर में उत्पाद अधीक्षक मनोज कुमार राय ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। इसके बाद अधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को सलामी दी। समारोह में राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा की रक्षा का संकल्प दोहराया गया। विभागीय अधिकारियों व कर्मियों ने शराबबंदी कानून को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा नशा मुक्ति अभियान को गति देने की प्रतिबद्धता जताई। अधिकारियों ने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने और शराबबंदी के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मौके पर उत्पाद निरीक्षक अभिषेक आनंद, अवर निरीक्षक रहमत जमा, किशन कुमार, अशोक कुमार, एएसआई संजय रजक व पंकज कुमार सहित प्रधान लिपिक मनोज कुमार सिंह, लिपिक प्रशांत मिश्रा, एमटीएस मनीष कुमार सिंह, रवि कुमार एवं सुदामा ठाकुर मौजूद रहे।

# समाजसेवी हरिनारायण सोनी के निधन पर शोकसभा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। समाजसेवी एवं संकट मोचन मानस मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष हरिनारायण सोनी के आकस्मिक निधन पर धर्मशाला मोड़ स्थित संकट मोचन मानस मंदिर ट्रस्ट के हॉल में शोकसभा आयोजित की गई। ट्रस्ट कमेटी एवं उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके बाद उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित लोगों ने हरिनारायण सोनी के सामाजिक एवं व्यवहारिक व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि वे मिलनसार, सरल और समाज के प्रति समर्पित व्यक्ति थे। उनके निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई कठिन है। वक्ताओं ने कहा कि हरिनारायण सोनी संकट मोचन मानस मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में भी सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते थे। उनके योगदान को लंबे समय तक याद किया जाएगा। शोकसभा में सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, नगर परिषद चेयरमैन उदय कुमार गुप्ता, रेडक्रॉस चेयरमैन सतीश कुमार सिंह, सरस्वती आराध्य समिति चेयरमैन शिव गुप्ता, पंकज गुप्ता, मुख्य संरक्षक एपीपी राजाराम चौधरी, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही, जितेंद्र पासवान, राहुल गुप्ता, अनिल ओड़िया, सुनील चौधरी, अनुप कुमार, आशीष खत्री, अंशु कुमार, किशन कुमार, अर्जुन कुमार, राहुल कुमार, विकास चौधरी, संजय सोनी, मंटु सोनी, मनीष पासवान, अम्बिका सिंह, कुश चौधरी, शंकर चौधरी, प्रभात कुमार, बारूद भाई, भीम गुप्ता, गुड्डू सोनी, विकास कुमार, करण पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में लहराया तिरंगा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साह, उमंग और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। शहर से ग्रामीण क्षेत्रों तक सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक संगठनों और निजी प्रतिष्ठानों में ध्वजारोहण किया गया। मुख्य समारोह ऐतिहासिक हरिश्चन्द्र स्टेडियम में हुआ, जहां जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मौके पर जिलाधिकारी रवि प्रकाश, डीसी नीलिमा साहू, विधायक विभा देवी, जिला परिषद अध्यक्ष पुष्पा देवी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह में परेड, देशभक्ति कार्यक्रम और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान हुआ। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी रवि प्रकाश, विकास भवन में डीसी नीलिमा साहू और अनुमंडल कार्यालय में सदर एसडीओ अमित अनुराग ने ध्वजारोहण किया। टाउन थाना में इंस्पेक्टर, जिला परिवहन कार्यालय में डीटीओ रंजीत कुमार, जिला परिषद कार्यालय में अध्यक्ष पुष्पा देवी और नगर परिषद कार्यालय में मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी ने तिरंगा फहराया। प्रजातंत्र द्वार पर उपमुख्यमंत्री कंचन विश्वकर्मा तथा नगर भवन में कार्यपालक पदाधिकारी समिति कुमार ने ध्वजारोहण किया। मॉडल इंग्लिश स्कूल में डॉ. अनुज सिंह, जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल में डॉ. आर.पी. साहू और धुन पब्लिक स्कूल में रूपक कुमार ने ध्वजारोहण किया। रोटरी क्लब में नीरज लोहानी तथा रेड क्रॉस सोसाइटी भवन में डॉ. आर.पी. साहू ने तिरंगा फहराया।

# हसपुरा में शान से लहराया तिरंगा, स्वतंत्रता दिवस पर गूंजा देशभक्ति का जज्बा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हसपुरा प्रखंड में शनिवार को देशभक्ति और उत्साह का माहौल रहा। प्रखंड मुख्यालय से लेकर पंचायत भवनों, सरकारी-गैर सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों और विभिन्न सामाजिक संस्थानों में पूरे सम्मान के साथ राष्ट्रध्वज फहराया गया। तिरंगे को सलामी देने के साथ लोगों ने देश की एकता, अखंडता और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया।

प्रखंड कार्यालय परिसर में प्रमुख श्रीनिवास सिंह ने झंडोत्तोलन किया। थाना परिसर में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार, बीआरसी एवं कृषि कार्यालय में बीएओ रंजीत कुमार, कस्तूरबा विद्यालय में वार्डेन रंभा कुमारी, बाल विकास परियोजना कार्यालय में सीडीपीओ तृप्ति सिन्हा, व्यापार मंडल में अध्यक्ष जयकृष्ण पटेल ने राष्ट्रध्वज फहराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. चंदन कुमार, खाद्य आपूर्ति कार्यालय में एमओ अभिनीत कुमार, रामदेव प्रसाद सैनिक महिला महाविद्यालय में प्राचार्य गीता कुमारी और हसपुरा हाई स्कूल में मनोज कुमार ने तिरंगा फहराकर सलामी दी।

पंचायत स्तर पर भी स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। अमझरशरीफ पंचायत भवन में मुखिया पम्मी कुमारी, हसपुरा पंचायत भवन में मुखिया संगीता कुमारी, अहियापुर पंचायत भवन में मुखिया अजीत कुमार उर्फ चुनू शर्मा, जैतपुर पंचायत सरकार भवन में मुखिया सत्येंद्र पासवान, इटवां पंचायत में मुखिया राकेश कुमार राम, मलहारा पंचायत भवन में मुखिया संतोष सौंडिक और सोनहथु पंचायत में मुखिया पूनम कुमारी ने झंडोत्तोलन किया।

अहियापुर ग्राम कचहरी में सरपंच बखोरा खां, पुरहारा कचहरी में सरपंच सुरेंद्र कुमार सुमन, हसपुरा पैक्स गोदाम में अध्यक्ष ओम चौधरी, डिंडीर पैक्स गोदाम में संजीत शर्मा, अहियापुर पैक्स गोदाम में अध्यक्ष मालती कुमारी और अमझरशरीफ पैक्स गोदाम में अध्यक्ष सब्या कुमारी ने तिरंगे को सलामी दी।

राजनीतिक दलों के कार्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित हुआ। राजद कार्यालय में अध्यक्ष मनीष कुमार, जदयू कार्यालय में अरुण कुमार, भाजपा कार्यालय में पूर्व विधायक डॉ. रणविजय कुमार तथा रालोमो प्रखंड कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा ने राष्ट्रध्वज फहराया।

शिक्षण संस्थानों में बच्चों और शिक्षकों में खासा उत्साह देखा गया। अहियापुर उत्क्रमित उच्च विद्यालय में प्रधानाचार्य अंबुज कुमार, मध्य विद्यालय अल्पा में प्रधानाध्यापक अनिरुद्ध कुमार, पचरुखिया बाजार स्थित पैराडाइज कोचिंग सेंटर में निदेशक रणधीर कुमार, साधना संगीत महाविद्यालय में निदेशक रौशन कुमार तथा सिहाड़ी में टोला सेवक ललन चौधरी ने झंडोत्तोलन किया। समारोह के दौरान विभिन्न जगहों पर देशभक्ति गीतों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से माहौल राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत रहा। लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को नमन करते हुए देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

# अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**नवादा**। भारतीय जनता पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं के पथ प्रदर्शक, पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर भाजपा जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान कार्यालय परिसर में श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में एक पौधा भी लगाया गया। उपस्थित नेताओं ने कहा कि अटल जी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन, लोकतांत्रिक मूल्यों और संगठन के प्रति समर्पण का प्रेरणास्रोत है। उनके विचार और आदर्श भाजपा कार्यकर्ताओं को सदैव राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा देते रहेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रताप रंजन, सतीश सिन्हा, जिला महामंत्री अरविन्द गुप्ता,उपाध्यक्ष तेजस सिन्हा,नवादा विधानसभा संयोजक अभिजीत कुमार सिन्हा, प्रवक्ता राधेश्याम चौधरी,मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार,सोशल मीडिया संयोजक नील नितिन, भाजयुमो महामंत्री विकास चौधरी, बबलू वर्मा सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जेपी प्रजातंत्र चौक पर शान से लहराया तिरंगा

**नवादा**। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस ब्रिगेड के अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी मनीष कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जेपी प्रजातंत्र चौक पर झंडोत्तोलन किया गया। राष्ट्रगान के बाद तिरंगे को सलामी दी गई और सैकड़ों लोगों के बीच जलेबी का वितरण किया गया। मनीष कुमार सिन्हा ने कहा कि आजादी इतनी सस्ती नहीं है, इसके लिए हजारों लोगों ने अपना बलिदान दिया है। जेपी सेनानी मनोहर पासवान ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग को याद किया। जिला पार्षद चंद्रिका यादव ने देश को विविधताओं से भरा गुलदस्ता बताया। वक्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस, आजाद हिंद फौज और वीर क्रांतिकारियों के योगदान को स्मरण करते हुए युवाओं में देशभक्ति की भावना मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शशि भूषण प्रसाद उर्फ बबलू सिन्हा, सरोज चौधरी, संतोष मोदी, राधेश्याम चौधरी, सुबोध लाल सहित कई लोग मौजूद रहे। राम शरण, छोटू, सोहन प्रसाद समेत ब्रिगेड के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर आयुक्त ने किया ध्वजारोहण

## स्वतंत्रता सेनानी व शहीदों के आश्रितों को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**हजारीबाग।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कर्जन मैदान, हजारीबाग में आयोजित मुख्य समारोह में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त विजय कुमार गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने परेड का निरीक्षण कर तिरंगे को सलामी दी। डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी। समारोह में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का माहौल रहा। अपने संबोधन में आयुक्त ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि आजादी हमारे लिए गौरव के साथ राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी भी है। लोकतंत्र, संविधान और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों को मजबूत करते हुए विकास में सभी की भागीदारी जरूरी है। आयुक्त ने जिले में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत जुलाई 2026 में 2,82,631 महिला लाभुकों को सम्मान राशि का लाभ दिया गया। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत 2.43 लाख से अधिक लाभुकों को प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है, जबकि पिछले छह माह में 14,481 नए लाभुकों को सर्वजन पेंशन योजना से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में जिले के 1,520 सरकारी एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में करीब 2.01 लाख बच्चे अध्ययनरत हैं। उन्नति का पहिया योजना के तहत कक्षा आठ के 17,322 विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिल उपलब्ध कराई जा रही है। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र के 2.10 लाख से अधिक घरों में नल से पेयजल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। कृषि एवं आजीविका के क्षेत्र में कृषक पाठशाला, अनुदानित बीज वितरण, फलो-झानो आशीर्वाद योजना एवं पशुधन विकास योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को सहायता दी जा रही है। स्वास्थ्य क्षेत्र में नियमित टीकाकरण, ई-संजीवनी, जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान आरोग्य केंद्र और स्वास्थ्य जांच जैसी सेवाओं का विस्तार किया गया है।

स्वतंत्रता सेनानियों और शहीद सैनिकों के आश्रित सम्मानित मुख्य समारोह में आयुक्त ने स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों रामदुलारी देवी, हीरा रानी, कलावती देवी एवं बेला देवी को सम्मानित किया। इसके अलावा शहीद सैनिकों के आश्रित हरजीत कौर बक्शी, सरस्वती देवी, शांति देवी, बिरसी देवी, एतवारी देवी एवं पूनम बारला को भी सम्मानित किया गया।

पुलिस टीम को प्रशस्ति-पत्र बरही बैंक डकैती मामले का त्वरित पर्दाफाश करने के लिए स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग एवं उनकी टीम को उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य के लिए प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अन्य पदाधिकारियों, कर्मियों एवं व्यक्तियों को भी प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। आयुक्त ने इसके अलावा आयुक्त आवासीय कार्यालय और प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय परिसर में भी ध्वजारोहण किया। मुख्य समारोह में उपमहानिरीक्षक हजारीबाग, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, सार्जेंट मेजर सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# 80वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रमंडलीय आयुक्त ने किया राष्ट्रीय ध्वजारोहण

## स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को किया गया नमन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मेदिनीनगर।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर पलामू प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस उप-महानिरीक्षक के संयुक्त कार्यालय भवन परिसर में प्रमंडलीय आयुक्त कुमुद सहाय ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। जिसमें बी. सी. सी. मिशन हाई स्कूल की छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान का संचालन किया गया। इस अवसर पर देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता को अक्षुण्ण बनाए रखने का संकल्प लिया गया। समारोह में पुलिस उप-महानिरीक्षक, उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मीगण उपस्थित रहे। पूरे परिसर में स्वतंत्रता दिवस को लेकर उत्साह और देशभक्ति का वातावरण बना रहा।

# सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजा अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय का सभागार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अध्यापक शिक्षा महाविद्यालय, समस्तीपुर के सभागार में जिला प्रशासन की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के सरकारी व निजी विद्यालयों तथा विभिन्न नृत्य अकादमियों से चयनित 13 समूहों के कलाकारों ने नृत्य, गायन, लोकनृत्य और कथक सहित विभिन्न प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर एसडीओ राकेश कुमार, डीपीओ स्थापना जमालुद्दीन, डीपीओ सर्व शिक्षा अभियान शुभम कसौधन, डीपीओ मध्यान भोजन योजना प्रेम शंकर झा तथा जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी जूही कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद कलाकारों ने देशभक्ति गीत, समूह नृत्य, समूह गायन, लोकनृत्य, एकल गायन और कथक की प्रस्तुतियां दीं। प्रस्तुतियों में देशप्रेम के साथ भारतीय संस्कृति और लोक परंपराओं की झलक देखने को मिली। देशभक्ति गीतों ने जहां माहौल को भावुक किया, वहीं लोकनृत्य और कथक की प्रस्तुति ने दर्शकों का मनोरंजन किया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों पर पूरा सभागार तालियों से गूंजता रहा। कार्यक्रम के समापन पर सदर एसडीओ राकेश कुमार ने प्रतिभागियों और शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों और युवाओं की प्रतिभा को मंच देने के साथ उन्हें अपनी संस्कृति और देश से जोड़ने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस देश के लिए बलिदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और संघर्ष को याद करने का अवसर भी है। युवाओं को देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने के लिए योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाध्यापक अनंत कुमार राय ने किया। आयोजन को सफल बनाने में शिक्षा विभाग के संभाग प्रभारी हरिश्चंद्र राम, सुनील कुमार, संगीत शिक्षक मंगलेश कुमार, अनुज कुमार, डॉली मिश्रा, सुभीत कुमार सिंह 'बिट्टू' सहित अन्य शिक्षक, पदाधिकारी और कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# देशभक्ति के रंग में रंगा होली मिशन परिसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**समस्तीपुर।** जिले के प्रतिष्ठित होली मिशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की काशीपुर, सतमलपुर, मोहनपुर और दलसिंहसराय स्थित चारों शाखाओं में 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह एवं देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसरों में ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान और विभिन्न देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। समारोह को संबोधित करते हुए होली मिशन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. धर्मांश रंजन (अंकुर) ने स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि आजादी अधिकार के साथ देश के प्रति जिम्मेदारी का भी बोध कराती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सबसे अहम है। शिक्षक विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान नहीं देते, बल्कि उनके चरित्र, संस्कार और भविष्य को आकार देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि देश की सेवा के लिए किसी एक क्षेत्र तक सीमित रहने की जरूरत नहीं है। शिक्षा, चिकित्सा, विज्ञान, तकनीक, कृषि, उद्योग, व्यापार और अनुसंधान समेत हर क्षेत्र में ईमानदारी और समर्पण के साथ किया गया कार्य राष्ट्र निर्माण में योगदान देता है। उन्होंने छात्रों से अनुशासन, मेहनत, इमानदारी और राष्ट्रप्रेम को जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। वहीं विद्यालय के प्राचार्य अमृत रंजन ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष से मिली आजादी की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि उनकी शिक्षा, सोच, संस्कार और चरित्र आने वाले भारत की दिशा तय करेंगे। कार्यक्रम में होली मिशन हाई स्कूल के उप निदेशक आकर्ष रंजन, प्राचार्य अमृत रंजन एवं जीएन झा, पूर्व प्राचार्य डॉ. एसके अहमद, राहुल सर, ए.के. वर्मा, पीएनके सर, मनीष सर, काजल मैडम, शकुंतला मैडम, अमित सर, तन्मय सर, गोविंद सर, ओम सर सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं और कर्मचारी मौजूद रहे। चारों शाखाओं में आयोजित समारोह के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों में खासा उत्साह देखा गया। पूरे परिसर में देशभक्ति और राष्ट्रीय गौरव का माहौल बना रहा।

# प्रेस क्लब परिसर में जनसंपर्क पदाधिकारी ने किया ध्वजारोहण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को समस्तीपुर प्रेस क्लब परिसर में समारोहपूर्वक ध्वजारोहण किया गया। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रजनीश कुमार राय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित पत्रकारों ने राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय पर्व की गरिमा को नमन किया। समारोह में जिले के विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े दर्जनों पत्रकार एवं प्रेस क्लब से संबंधित कर्मी मौजूद रहे। मौके पर तनवीर आलम तन्हा, अभिनंदन कुमार, प्रवीण कुमार सिन्हा, शोभित कुमार सिंह बिट्टू, मो.

### उल्लास का रहा माहौल

नसीम, अजित कुमार, ऋतुराज हिमांशु, प्रभात कुमार, जेपी पप्पू, प्रियांशु कुमार, श्याम कुमार, विकास कुमार अर्पित, मो. फिरोज आलम, गुलाम ताजवर, ललन पासवान, अफरोज आलम, प्रधान लिपिक संजय कुमार, सुजीत कुमार, देवेंद्र राम, भगवान सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे। समारोह के दौरान पत्रकारों ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में मीडिया की भूमिका पर भी जोर दिया।

# पिस्तौल व दो गोलियों के साथ लूटकांड का वांछित गिरफ्तार

### बोलोरो समेत दो मोबाइल बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** एसपी संजय कुमार पांडे ने बताया कि ताजपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने लूटकांड के फरार वांछित आरोपी समेत दो लोगों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से एक पिस्तौल, दो जिंदा गोलियां, दो मोबाइल फोन और एक बोलेरो वाहन बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सरायरंजन थाना क्षेत्र के गांवपुर वार्ड संख्या-13 निवासी विकाश कुमार और ताजपुर थाना क्षेत्र के मोरवा मोहनपुर वार्ड संख्या-13 निवासी विवेक कुमार राय के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 15 अगस्त को ताजपुर थाना क्षेत्र के हरपुर भिंडी स्थित दर्जनिया पुल के पास वाहन जांच की जा रही थी। इसी दौरान बोलेरो संख्या यूपी91ई0579 को रोककर तलाशी ली गई। वाहन में सवार दोनों आरोपियों के पास से पिस्तौल और दो जिंदा गोलियां बरामद हुईं। मामले में ताजपुर थाना कांड संख्या 187/26 दर्ज कर दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता एवं शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं में कार्रवाई की गई है। पूछताछ के दौरान विवेक कुमार राय ने पुलिस के समक्ष 25 मई को रामापुर-महेशपुर पावर हाउस के पास हुई लूट की घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की है। पुलिस के अनुसार उसने बताया कि अपने दो साथियों रोहित कुमार और विशाल कुमार के साथ मिलकर एक व्यक्ति से पांच हजार रुपये, आधार कार्ड, सैमसंग एफ13 मोबाइल और गले में पहना सोने का हनुमानी लूट लिया था। घटना के दौरान उसके दोनों साथी पकड़े गए थे, जबकि वह मौके से फरार हो गया था। इस संबंध में पीड़ित सुशील कुमार सिंह के आवेदन पर ताजपुर थाना कांड संख्या 108/26 दर्ज किया गया था, जिसमें विवेक कुमार राय वांछित था। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार दोनों आरोपी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं और इनके अन्य मामलों में शामिल होने की भी जांच की जा रही है। लूट की शेष सामग्री की बरामदगी के लिए पुलिस की ओर से संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। कार्रवाई में ताजपुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार, मोरवा पिकेट के सअनि अजय कुमार, ताजपुर थाना के सअनि जितेन्द्र कुमार, सशस्त्र बल तथा डीआईयू शाखा की टीम शामिल रही।

### पाटलिपुत्र-पूर्णिया कोर्ट भाया रोसड़ा के बीच नई रात्रिकालीन ट्रेन के परिचालन को मंजूरी

**समस्तीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सांसद शाम्भवी चौधरी के लगातार प्रयासों के बाद पाटलिपुत्र और पूर्णिया कोर्ट के बीच नई रात्रिकालीन ट्रेन संख्या 03215/03216 के परिचालन का रास्ता साफ हो गया है। सांसद शाम्भवी ने आज यहां बताया कि इस ट्रेन के परिचालन से रोसड़ा समेत समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र के लोगों को राजधानी पटना के लिए सीधी एवं सुविधाजनक रात्रिकालीन रेल सेवा उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि लोकसभा में नियम 377 के तहत क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण रेल मांग को उठाया गया था। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष से मुलाकात कर समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र में यात्री सुविधाओं से सम्बंधित एक मांग पत्र भी सौंपा गया था। इसी प्रयास के परिणामस्वरूप रेल मंत्रालय ने पाटलिपुत्र-पूर्णिया कोर्ट भाया रोसड़ा के बीच नई रात्रिकालीन ट्रेन के परिचालन को मंजूरी प्रदान की है।

# ट्रक में छिपाकर रखी गई 1224 लीटर अवैध बीयर बरामद

## स्कॉर्पियो से भी 348 लीटर शराब जब्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**समस्तीपुर।** ताजपुर थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे खड़े ट्रक से भारी मात्रा में अवैध बीयर बरामद की है। चंदौली हाट स्थित वार्ड संख्या-08 में खड़े ट्रक संख्या यूपी-51एटी-5762 की तलाशी के दौरान लकड़ी के बुरादे के नीचे छिपाकर रखे गए 102 कार्टनों से कुल 1224 लीटर अवैध बीयर बरामद हुई। बरामद बीयर डुक 11000 ब्रांड की बताई गई है। कार्रवाई सदर उत्पाद थाना, समस्तीपुर की टीम ने सहायक अवर निरीक्षक मद्यनिषेध संजीत कुमार पासवान के नेतृत्व में की। टीम में मद्यनिषेध सिपाही नितेश कुमार, नीरज कुमार और प्रतिनियुक्त सशस्त्र गृहरक्षक शामिल थे। मामले में ट्रक चालक, वाहन मालिक मनीष कुमार, पिता राज नारायण राय उर्फ राजो राय, निवासी मिर्ज़ापुर, थाना ताजपुर सहित अन्य के खिलाफ सदर उत्पाद थाना में मामला दर्ज किया गया है। सभी नामजद अभियुक्त फिलहाल फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इधर, उत्पाद विभाग की टीम ने 14 अगस्त की रात भी ताजपुर थाना क्षेत्र के चंदौली गांव वार्ड संख्या-04 में कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे खड़ी स्कॉर्पियो संख्या बीआर-9डी-2818 से 348.840 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की थी। इस कार्रवाई का नेतृत्व भी सहायक अवर निरीक्षक मद्यनिषेध संजीत कुमार पासवान ने किया था। इस मामले में आयुष कुमार गुप्ता, सरोज कुमार यादव, कुंदन यादव, राजीव सिंह और हरिन्दर कुमार समेत स्कॉर्पियो के चालक व वाहन मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। सभी आरोपी फरार बताए गए हैं। उत्पाद विभाग द्वारा दोनों मामलों में अवैध शराब के नेटवर्क और इसमें शामिल लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। अधिकारियों के अनुसार अनुसंधान के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# उत्तर बिहार की पहली महिला न्यूरो सर्जन बनने की राह पर डॉ. ज्योति, आईपीजीएमईआर कोलकाता में एमसीएच के लिए चयन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**समस्तीपुर।** शहर के मोहनपुर रोड निवासी डॉ. ज्योति ने न्यूरो सर्जरी के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि की दिशा में कदम बढ़ाया है। नीट के माध्यम से उनका न्यूरो सर्जरी के एमसीएच पाठ्यक्रम के लिए कोलकाता स्थित प्रतिष्ठित इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट ग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च में चयन हुआ है। पढ़ाई पूरी करने के बाद वह उत्तर बिहार की पहली महिला न्यूरो सर्जन बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगी। डॉ. ज्योति शहर के चर्चित सर्जन डॉ. हेमंत कुमार सिंह की बहू हैं। उनके चयन पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विभूतिपुर के माकपा विधायक अजय कुमार ने उन्हें मिथिला की परंपरा के अनुरूप अंगवस्त्र, पाग और गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित किया। विधायक अजय कुमार ने कहा कि डॉ. ज्योति का न्यूरो सर्जरी के एमसीएच पाठ्यक्रम में चयन समस्तीपुर के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि उत्तर बिहार और बिहार में विशेषज्ञ न्यूरो सर्जनों की कमी है। ऐसे में डॉ. ज्योति की सफलता क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशिक्षण पूरा करने के बाद डॉ. ज्योति समस्तीपुर लौटकर लोगों को अपनी चिकित्सा सेवा देंगी। सम्मान समारोह के दौरान डॉ. ज्योति ने कहा कि एमसीएच की पढ़ाई पूरी करने के बाद उनकी इच्छा समस्तीपुर में रहकर लोगों की सेवा करने की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय परिवार के सहयोग और मार्गदर्शन को देते हुए ससुर डॉ. हेमंत कुमार सिंह, पति डॉ. स्वप्निल प्रियदर्शी और सास डॉ. पुष्पा रानी के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्यों ने हर कदम पर उनका उत्साह बढ़ाया और मार्गदर्शन दिया, जिससे वह इस मुकाम तक पहुंच सकीं। सम्मान समारोह में विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में धूमधाम से झंडोत्तोलन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** देश के 80वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और तिरंगे को सलामी दी। झंडोत्तोलन के पश्चात उपस्थित कांग्रेसजनों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता, लोकतंत्र एवं संविधान के मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया तथा स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों और देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महान सपूतों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। इसके पूर्व प्रदेश कांग्रेस सेवादल के द्वारा ध्वज गीत का गायन किया तत्पश्चात सभी ने राष्ट्रगान का गायन किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें केवल आजादी के संघर्ष और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग की याद नहीं दिलाता, बल्कि देश की लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक विरासत को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी का भी एहसास कराता है। आजादी के मूल्यों की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता डा. मदन मोहन झा, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष कौकब कादरी, पूर्व मंत्री श्याम सुन्दर सिंह धीरज, डॉ समीर कुमार सिंह, ब्रजेश पाण्डेय, मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, डा0 संजय यादव, पूर्व विधायक प्रमोद कुमार सिंह, बंटी चौधरी, डॉ. स्नेहाशीष वर्द्धन, जितेंद्र प्रसाद सिंह, अफरोज आलम, डा0 कुमारी सोनी, मिन्नत रहमानी, वैद्यनाथ

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर राहुल गांधी का फूंका पुतला

### वंदे मातरम के कथित अपमान पर जताया विरोध

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**समस्तीपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम गीत के कथित अपमान का आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को शहर में विरोध मार्च निकाला और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला दहन किया। भाजपा कार्यकर्ता पुतला लेकर शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए हॉस्पिटल गोलंबर पहुंचे, जहां पुतला दहन के बाद विरोध सभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राम सुमरन सिंह ने आरोप लगाया कि लोकसभा में वंदे मातरम को लेकर प्रस्ताव पारित होने के बावजूद कांग्रेस के नेता लगातार इस राष्ट्रीय गीत का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम गायन के समय कांग्रेस नेताओं के व्यवहार पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद भी वंदे मातरम के मूल स्वरूप में बदलाव कर इसे सीमित रूप में प्रस्तुत किया गया। भाजपा के वरीय नेता मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस का वंदे मातरम के प्रति रवैया आजादी के दौर से ही सम्मानजनक नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि देश की जनता राष्ट्रीय गीत के अपमान को स्वीकार नहीं करेगी और कांग्रेस को इसका राजनीतिक जवाब देना होगा। मौके पर भाजपा नेता राकेश कुमार राज, मुकेश कुमार सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विमल कुमार गोलू समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से दिनकर कला भवन में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देशभक्ति, लोक संस्कृति एवं भारतीय कला की विविध छटाओं ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप महापौर अनीता राय, उप विकास आयुक्त आकाश चौधरी, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी महेश्वर प्रसाद सिंह, नगर आयुक्त सोमेश बहादुर माथुर, जिला पंचायत राज पदाधिकारी पूजा प्रीतम, सामान्य शाखा की प्रभारी पूजा कुमारी, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी श्याम कुमार सहनी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, सर्व शिक्षा अभियान कुमार अनुभव सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर



किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों की कुल 16 टीमों ने भाग लिया तथा एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। आम्रपाली प्रशिक्षण केंद्र द्वारा 'जग में जहाँ पहले उगे किरिनिया' गीत एवं शास्त्रीय नृत्य पर आधारित समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। बीआरडीएवी कक्षा-2 की छात्रा राधिका रानी ने 'झांसी की रानी' काव्य एवं कथक नृत्य के संयोजन से प्रभावशाली प्रस्तुति दी।मध्य विद्यालय चिलमिल के बच्चों ने 'माय रे हम नै बकरी चरयबो' नृत्य-नाटिका, कैलाशपुर मध्य विद्यालय के छात्रों ने 'मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती' तथा मिथिलांचल संगीत महाविद्यालय, बीहट के कलाकारों ने 'सबसे ऊंची विजय पताका' गीत की शानदार संगीतमय प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक संध्या को यादगार बना दिया।कार्यक्रम का मंच संचालन रामसुंदर गांधी, डॉ. प्रभा कुमारी, मुकुल कुमार एवं पूजा भारती ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## नावकोठी में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी एवं निजी संस्थानों में निर्धारित कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया तथा लोगों ने राष्ट्रध्वज को सलामी देकर देश की एकता और अखंडता का संकल्प लिया। प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख अनीता देवी ने ध्वजारोहण किया। मनरेगा कार्यालय में कार्यक्रम पदाधिकारी श्रीकांत, बीआरसी में बीईओ मेघा वर्मा, कन्या मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक विभाकर कुमार, एपीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सह मॉडल स्कूल सरस्वती ज्ञान निकेतन विद्यालय में प्रधानाध्यापक गणेश झा, मध्य विद्यालय नावकोठी में प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, नावकोठी थाना में थानाध्यक्ष मोहम्मद फिरदौस, बखरी पुलिस निरीक्षक कार्यालय में पुलिस निरीक्षक राम कुमार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन चौधरी तथा राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय में डॉ. अश्वनी कुमार, विद्युत प्रशाखा, नावकोठी में कनीय अभियंता विमल कुमार साहा, यूको बैंक नावकोठी में शाखा प्रबंधक सौरभ आनंद सहित सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में उनसे संबंधित पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।पंचायत भवन नावकोठी में मुखिया राष्ट्रपति कुमार, रजाकपुर पंचायत भवन में मुखिया श्वेता भारती, पहसारा पश्चिमी पंचायत भवन मे मुखिया निभा देवी, पहसारा पूर्वी पंचायत भवन में मुखिया दिनेश यादव, समसा पंचायत भवन में मुखिया अभिषेक कुमार उर्फ पिंटू, महेश्वर पंचायत भवन में मुखिया अजय सहनी आदि ने झंडोत्तोलन किया। ध्वजारोहण के बाद विभिन्न संस्थानों में राष्ट्रगान एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। इससे पूरा वातावरण देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया।

## सरकारी व निजी संस्थानों में शान से लहराया तिरंगा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को वीरपुर प्रखंड व थाना क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहा। सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों के कार्यालयों में समारोहपूर्वक ध्वजारोहण किया गया। राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी गई और देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। थाना परिसर में थानाध्यक्ष राजू रंजन कुमार, प्रखंड संसाधन केंद्र में प्रभारी बीईओ आईसीडीएस कार्यालय में सीडीपीओ, प्रखंड स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी ने ध्वजारोहण किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी भाई वीरेंद्र, थानाध्यक्ष राजू रंजन कुमार, पीएचसी प्रभारी डॉक्टर रामनरेश शर्मा सहित प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता के साथ विभिन्न कार्यालयों के कर्मी ने भी तिरंगे को सलामी दी। भारतीय जनता पार्टी बेगूसराय महिला मोर्चा के जिला महामंत्री सह प्रभु श्रीराम फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के डायरेक्टर ऋचा सिंह यादव ने भी तिरंगे को शान से लहराया और सलामी दी। विभिन्न संस्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा बच्चों के बीच मिठाइयों का वितरण किया गया। पूरे क्षेत्र में दिनभर देशभक्ति का माहौल बना रहा।इसके अलावा प्रखंड क्षेत्र के अन्य सरकारी एवं गैर-सरकारी कार्यालयों में भी संस्थान प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

# वंदे मातरम के अपमान पर भाजपा ने राहुल-सोनिया का किया पुतला दहन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' के कथित अपमान के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत भाजपा युवा मोर्चा के तत्वावधान में कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी का पुतला दहन किया गया। जिसका नेतृत्व जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा ने किया है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। राहुल गांधी के विरुद्ध नारे लगाते हुए जीडी कॉलेज से हर हर महादेव चौक पहुंचकर पुतला दहन किया। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई, त्याग और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान इस गीत ने करोड़ों देशवासियों में देशभक्ति की भावना जगाई। ऐसे राष्ट्रप्रतीक का अपमान देश की भावनाओं का अपमान है। कांग्रेस नेतृत्व को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा ने कहा कि वंदे मातरम भारत की आत्मा और स्वतंत्रता संग्राम की प्रेरणा रहा है। कांग्रेस नेताओं द्वारा इसके प्रति कथित असम्मान को भाजपा कार्यकर्ता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं करेंगे। आज का पुतला दहन कार्यक्रम राष्ट्रभावना के सम्मान और कांग्रेस की मानसिकता के विरोध का प्रतीक है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार, मिरतुंजय वीरेश, जिला उपाध्यक्ष सुमित सन्नी, जिला महामंत्री कुंदन भारती, राकेश पांडेय, रामप्रवेश साहनी, जिला प्रभारी शशिभूषण बब्लू, जिला मंत्री शुभम कुमार, जिला कोषाध्यक्ष राजेश सोनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशांक शेखर, महिला मोर्चा महामंत्री ऋचा यादव, शांति पासवान, जिला महामंत्री मोनू सिंह, शिवम वत्स, गौतम कुमार, बिट्टू रजक, गुड्डू कुमार, अमन कुमार, जयशंकर भारती, अभिन राज, सुधीर कुमार, मंडल अध्यक्ष मिथिलेश कुमार, विनीत कुमार, रूपेश गौतम, ऋषिकेश पाठक, ब्रजनंदन सिंह उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**छपरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में आज रविवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नैनी, बाजितपुर गांव निवासी रामनाथ राय का पुत्र दीपक कुमार राय (30) अपने घर के समीप सड़क पार कर रहा था। उसी दौरान वहां से गुजर रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित आटोरिक्शा ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। जिसे परिजन इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस इस मामले में मृतक के परिजनों से मिले आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

# संत पॉल स्कूल में देशभक्ति के रंग में रंगा 80वां स्वतंत्रता दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तेघड़ा।** संत पॉल पब्लिक स्कूल, तेघड़ा में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह देशभक्ति, उत्साह और उमंग के बीच धूमधाम से मनाया गया। संत पॉल एजुकेशनल सोसायटी की अध्यक्षा एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि लक्ष्मी कुमारी, विशेष अतिथि हरेराम राय और संजय राय, विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह, प्राचार्या तनु सौरभ, समन्वयक राम कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर समारोह का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के उपरांत पीटीआई शिक्षक सोमनाथ मांझी के नेतृत्व में हर्ष एवं उनकी टीम ने शानदार मार्च-पास्ट करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। अनुशासन, समर्पण और देशभक्ति से ओत-प्रोत इस दृश्य ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं



विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच का संचालन छात्र अभिनव, हर्षवर्धन तथा छात्राओं मोना एवं नाव्या ने प्रभावशाली ढंग से किया। समारोह में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत कर पूरे विद्यालय परिसर को राष्ट्रप्रेम की भावना से सराबोर कर दिया। सीसीए सदस्य एवं लाइब्रेरियन काजल कुमारी के नेतृत्व में आयुषी एवं सृष्टि की टीम ने 'झांसी की रानी लक्ष्मीबाई' का प्रभावशाली अभिनय प्रस्तुत किया। खुशी एवं टीम ने 'हिन्दुस्तान जिंदाबाद', जबकि मानस एवं टीम ने 'मेरा कर्मा तू' की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या तनु सौरभ ने स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए कहा आजादी का वास्तविक अर्थ तभी सार्थक होगा, जब देश के प्रत्येक नागरिक को उचित शिक्षा और संस्कार का अवसर मिले। विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने सत्र 2025-26 में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह का समापन विद्यालय के समन्वयक राम कुमार मिश्रा के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# जयदू कार्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** आज जनता दल (यूनाइटेड) जिला कार्यालय गया में स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर झंडोतोलन समारोह बड़े ही धूमधाम, देशभक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनता दल (यूनाइटेड) के सम्मानित जिलाध्यक्ष इंजीनियर अजय कुशवाहा ने की। समारोह की शुरुआत जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा द्वारा झंडारोहण कर राष्ट्रध्वज तिरंगे को सलामी देने के साथ हुई। इस अवसर पर उपस्थित पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया और भारत माता के जयकारों से पूरा



परिसर गूँज उठा। ध्वजारोहण के उपरांत संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा जी ने जिलेवासियों एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ दीं। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उन्होंने कहा आज का यह ऐतिहासिक दिन उन अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों और वीर शहीदों को नमन करने का दिन है, जिनके त्याग और बलिदान की बदौलत आज हम आजाद भारत में सांस ले रहे हैं। हमारे आदरणीय नेता और बिहार के यशस्वी पूर्व मुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय अध्यक्ष जद(यू) नीतीश कुमार के नेतृत्व में जद(यू) समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य की। कार्यक्रम में पूर्व सांसद विजय मांझी, पूर्व एमएलसी श्री अनुज सिंह, पूर्व विधायक कृष्णन्दन यादव, मो उमर नूरानी, द्वारिका प्रसाद, अरविंद सिंह, राजू वर्णनवाल, मधुसूदन राय, धनंजय शर्मा, ज्योति सिंह, श्री देवरानी देवी, श्री बालदेव प्रसाद, श्री महेश सिंह, रामलखन स्वर्णकार,श्री वृजराज पाण्डेय, अरुण राव, कुण्डल वर्मा, प्रभात राउत, अजीत शर्मा, अरविंद वर्मा, ज्योति दांगी, सुरेश राव, प्रेम राव, तबरेज आलम आदि उपस्थित थे।

## मुहल्लेवासियों ने चंदा कर किया अंतिम संस्कार

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर थाना क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत वार्ड नं- 31 के गंगटी गांव में 100 वर्षीय राम पुकार गिरी की अचानक मौत के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। राम पुकार गिरी बेहद गरीब परिवार से थे। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण परिवार के सामने दाह संस्कार की व्यवस्था करना भी मुश्किल हो गया। ऐसे समय में मोहल्ले के लोगों ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए एकजुट होकर परिवार की मदद करने का निर्णय लिया। मोहल्लेवासियों ने आपस में चंदा जुटाकर राम पुकार गिरी का दाह संस्कार कराया।

# अभियान बसेरा के तहत 1048 परिवारों को मिला पर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आज भोजपुर जिले में अभियान बसेरा कार्यक्रम के अंतर्गत भूमिहीन परिवारों को भूमि का पर्चा उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण पहल की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभारी मंत्री, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार सरकार, अरुण शंकर प्रसाद एवं जिला पदाधिकारी, भोजपुर तनय सुल्तानिया द्वारा भूमिहीन लाभुकों के बीच पर्चा वितरित कर की गई। अभियान बसेरा के तहत जिले में आज कुल 1048 भूमिहीन परिवारों के बीच पर्चा वितरित किया गया। इसके साथ ही जिले के विभिन्न अंचलों में भी कार्यक्रम आयोजित कर पात्र भूमिहीन परिवारों के बीच पर्चा का वितरण किया गया। पर्चा प्राप्त होने से इन परिवारों को आवास निर्माण एवं सम्मानजनक तथा स्थायी बसावट की दिशा में महत्वपूर्ण आधार प्राप्त होगा। प्रभारी मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि भूमि का पर्चा भूमिहीन परिवारों के लिए केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि सम्मान, अधिकार और सुरक्षित भविष्य का आधार है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यह पहल इन परिवारों के जीवन में स्थायित्व और आत्मसम्मान का नया अध्याय जोड़ने वाली है। जिला पदाधिकारी, भोजपुर तनय सुल्तानिया ने कहा कि अभियान बसेरा के तहत जिला प्रशासन का प्रयास है कि कोई भी पात्र भूमिहीन परिवार अपने अधिकार से वंचित न रहे तथा सभी पात्र लाभुकों को नियमानुसार पर्चा उपलब्ध कराते हुए सम्मानजनक एवं स्थायी बसावट का आधार प्रदान किया जाए। कार्यक्रम में अपर समाहर्ता, भोजपुर सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे। जिला प्रशासन द्वारा अभियान बसेरा के अंतर्गत पात्र भूमिहीन परिवारों को लाभान्वित करने की प्रक्रिया निरंतर जारी है।

# मुंगेर विश्वविद्यालय में धूमधाम से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर द्वारा 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। 8.30 बजे पूर्वाह्न कुलपति आवास पर ध्वजारोहण किया। इस समारोह में राष्ट्रगीत वंदे मातरम के बाद 9.30 बजे पूर्वाह्न मुंगेर विश्वविद्यालय मुंगेर के कुलपति प्रो (डॉ) संजय कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान हुआ। डॉ प्रभाकर पोद्दार के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर की प्रस्तुति की गई। उसके बाद कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति का संबोधन हुआ। उन्होंने संबोधन के दौरान कहा कि सबके सम्मिलित प्रयास से 11 अगस्त को आयोजित मुंगेर विश्वविद्यालय का तृतीय दीक्षांत समारोह सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इसके लिए विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दिया। उन्होंने लोकभवन के आदेशानुसार अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कॉलेज को निर्देश दिया। उन्होंने कॉलेज के प्राचार्य को नैक मूल्यांकन हेतु तैयारी शुरू करने के लिए प्रेरित किया। एनएसएस द्वारा 600 युवा आपदा मित्र तैयार करने को बिहार राज्य के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। एनएसएस, एनसीसी, क्रीड़ा परिषद् और सांस्कृतिक परिषद् के सक्रिय भागीदारी के माध्यम से विश्वविद्यालय में एक्स्ट्रा




कैरिकुलर एक्टिविटिज को जीवंत करने और छात्रों की सहभागिता लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्था के कर्मचारी यदि समर्पित भाव से कार्य करें तो देश निरंतर विकास करता जाएगा। उन्होंने वादा किया कि समेकित प्रयास से 4 वर्षीय सीबीसीएस का पहला बैच का रिजल्ट 2027 तक समय प्रकाशित किया जाएगा। उद्बोधन के पश्चात पुन वंदे मातरम और राष्ट्रगान सामूहिक रूप से गायन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुंगेर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने किया। मुंगेर विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक परिषद् के सचिव डॉ मृत्युंजय मिश्रा के नेतृत्व में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत देशभक्ति गीत, देशभक्ति नृत्य और योग नृत्य प्रस्तुत किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ घनश्याम राय द्वारा प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सफल आयोजन के लिए मुंगेर विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू प्रो डॉ महेश्वर मिश्र के नेतृत्व में सात सदस्य टीम में डॉ अंशु राय डॉ प्रियरंजन तिवारी, कार्यक्रम समन्वयक, डॉ स्मृति, डॉ संजय मांझी, डॉ मृत्युंजय मिश्रा एवं समस्त विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में इकरा खान, शिवानी, युवराज पाठक, रिया हर्ष, अभिजीत, राहुल, एनएसएस कार्यालय कर्मी सुशांत, सौरव शांडिल्य की अहम भूमिका रही। कार्यक्रम में विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य प्रो डॉ बिजेंद्र कुमार, प्रो डॉ देवराज सुमन, डॉ वंदना कुमारी, डॉ सत्यादित्य सिंह के साथ साथ विभिन्न विभागों के पीजी हेड डॉ हरिश्चंद्र शाही, डॉ गिरीश चंद्र पांडे, डॉ विनोद कुमार, डॉ अशोक पोद्दार, डॉ मंजू कुमारी डीन डॉ रंजना सिंह, विश्वविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी के अलावा गणमान्य लोग मौजूद थे। इस समारोह के भव्य आयोजन में कुल 600 लोग मौजूद थे।

## विद्युत विपत्र सुधार के लिए 17 से 22 अगस्त तक विशेष शिविर

**विक्रमगंज (रोहतास) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विद्युत उपभोक्ताओं के विद्युत विपत्र से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए विद्युत आपूर्ति अंचल, सासाराम द्वारा 17 अगस्त से 22 अगस्त 2026 तक विशेष विद्युत विपत्र सुधार शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह शिविर प्रत्येक कार्य दिवस को अंचल के अधीन सभी विद्युत आपूर्ति प्रमंडलों एवं अवर प्रमंडलों में लगाए जाएंगे। शिविर में उपभोक्ता अपने विद्युत विपत्र में गलत मीटर रीडिंग, औसत बिल, अधिक बिल, बकाया राशि अथवा अन्य किसी प्रकार की त्रुटि से संबंधित शिकायत दर्ज करा सकेंगे। प्राप्त शिकायतों की नियमानुसार जांच कर यथासंभव मौके पर ही अथवा उसी दिन समाधान करने का प्रयास किया जाएगा।जिन मामलों में तत्काल कार्रवाई संभव नहीं होगी, उन्हें संबंधित पदाधिकारी को भेजकर निर्धारित समय-सीमा में निष्पादित कराया जाएगा। साथ ही, शिकायत के निष्पादन की स्थिति से संबंधित उपभोक्ता को अवगत कराया जाएगा। शिविरों में प्राप्त शिकायतों एवं उनके निष्पादन का समुचित रिकॉर्ड भी रखा जाएगा।विद्युत अधीक्षण अभियंता, सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान विभाग की प्राथमिकता है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वो वे निर्धारित तिथि में शिविर में पहुंचकर अपने विद्युत विपत्र की त्रुटियों से संबंधित शिकायत दर्ज कराएं और इस विशेष सुविधा का लाभ उठाएं।

## तीखा मोड़ दे रहा दुर्घटना को निमंत्रण

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिले में सड़क दुर्घटना एक बड़ी समस्या है। बता दें कि इन दिनों सड़क दुर्घटना में दर्जनों लोग अपनी जान से हाथ धो दे रहे हैं। दुर्घटना के पीछे कई कारण हैं, जिसमें एक प्रमुख कारण सड़कों पर बने तीखा मोड़ है। यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती है। कई तीखा मोड़ तो ऐसे हैं जिनका अपना अलग इतिहास है और वे लोगों के बीच डेंजर जोन के नाम से जाने जाते हैं। शहरी सड़क पर गौर करने के बाद ग्रामीण सड़कों का हाल देखें तो तीखा मोड़ के साथ-साथ स्पीड ब्रेकर भी समस्या का सामने खड़ी है। अक्सर स्पीड ब्रेकर के कारण इन ग्रामीण सड़कों पर दुर्घटनाएं होती है।

## बिजली बोर्ड के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेखपुरा (वार्ता)।** रविवार को नगर थाना क्षेत्र के शेखपुरा नगर परिषद के कच्ची रोड गिरिहिंडा स्थित एक किराए के मकान में विद्युत विभाग के एक कार्यपालक अभियंता ने गले में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान विद्युत विभाग के सिविल निर्माण कार्य के कार्यपालक अभियंता अश्विनी चंद्रन के रूप में की गई है। वह मूल रूप से समस्तीपुर जिला अंतर्गत हसनपुर के रहने वाले थे और वर्तमान में पटना के मसौढ़ी इलाके में है उनका मकान बताया जाता है। जानकारी के अनुसार, अश्विनी चंद्रन इसी वर्ष फरवरी से कच्ची रोड स्थित गिरो महतो के मकान में किराए पर रह रहे थे। पति-पत्नी के बीच पिछले तीन दिनों से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। रविवार को पत्नी द्वारा सिगरेट पीने से मना करने पर विवाद बढ़ गया। इसके बाद नाराज होकर अश्विनी चंद्रन कमरे में चले गए और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों और आसपास के लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया। अंदर कार्यपालक अभियंता चादर के सहारे फांसी पर लटके मिले।

# सावन मिलन समारोह में महिलाओं ने की जमकर मस्ती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस वाइफ्स एसोसिएशन की ओर से रविवार को इनकम टैक्स गोलंबर स्थित बासा भवन में सावन मिलन समारोह 2026 का भव्य आयोजन किया गया। सावन की उमंग और उत्साह से सराबोर इस कार्यक्रम में महिलाओं एवं बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ जमकर मस्ती की। कार्यक्रम में रेडियो मिर्ची की आरजे अंजलि मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं बच्चों ने शानदार डांस प्रस्तुतियां, रैंप वॉक और म्यूजिकल



परफॉर्मेंस देकर खूब तालियां बटोरीं। वहीं विभिन्न फन गेम्स, म्यूजिक और मनोरंजक गतिविधियों ने समारोह में चार चांद लगा दिए। सावन के पारंपरिक रंगों और आधुनिक मनोरंजन का खूबसूरत संगम कार्यक्रम में देखने को मिला। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया और बच्चों ने अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि आरजे अंजलि ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन महिलाओं और बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ आपसी मेल-जोल और खुशियों के पल साझा करने का अवसर प्रदान करते हैं। कार्यक्रम संयोजक व संस्था की अध्यक्ष नीलू कुमारी ने कहा कि सावन मिलन समारोह का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को एक ऐसा खुशनुमा मंच देना है जहां वे रोजमर्रा की व्यस्तता से अलग एक-दूसरे के साथ समय बिताएं और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। डांस, रैंप वॉक, फन गेम्स और म्यूजिक सहित सभी गतिविधियों में जिस तरह का उत्साह देखने को मिला उससे हमारा आयोजन सफल और यादगार बन गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की राखी, छाया अंजली, अमृता, स्वीटी, सुनीता, पंकज, अनिता, कंचन, पुष्पा, रागिनी, निहारिका, पूनम, माधुरी, श्वेता, सीमा, पूनम, अर्चना, स्वाति, सुषमा, नीलिमा, भावना की अहम भूमिका रही।

## औरंगाबाद में स्वतंत्रता दिवस पर आन, बान और शान से लहराया राष्ट्रीय ध्वज

# स्कूलों को स्मार्ट तकनीक से जोड़ा जा रहा : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले में स्वतंत्रता दिवस पर गांधी मैदान में मुख्य समारोह का आयोजन किया गया जहां जिला की प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने तिरंगा फहराया। बिहार पुलिस के साथ ही बीएमपी, एनसीसी, स्काउंट और गाइड के परेड का निरीक्षण किया। जवानों ने कदमताल करते हुए मार्च पास्ट किया और प्रभारी मंत्री को सलामी दी। इस मौके पर स्थानीय सासंद अभय कुशवाहा, डीएम अभिलाषा शर्मा और एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने झंडोतोलन के बाद अपने संबोधन के दौरान औरंगाबाद के ओबरा प्रखंड के खरांटी गांव के 19 वर्षीय स्वतंत्रता सेनानी जगतपति कुमार को भी नमन किया। जिन्होंने 11 अगस्त 1942 को पटना सचिवालय गेट पर तिरंगा फहराने के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी। उनके बलिदान और देश के स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष को स्वतंत्र भारत की नींव बताया गया। उन्होंने कहा कि जिले में शिक्षा के क्षेत्र में भी कई महत्वपूर्ण पहल की गई है। कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चों के लिए दो नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय छात्रावास संचालित हैं। 13 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में 1500 से अधिक छात्राएं नामांकित हैं। उन्हें आवासन, भोजन, पोशाक, स्वास्थ्य जांच और छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। 14 मॉडल स्कूल चिन्हित किए गए हैं जबकि मदनपुर और ओबरा में दो नए डिग्री कॉलेज शुरू किए गए हैं। विद्यालयों को स्मार्ट तकनीक से जोड़ा जा रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में औरंगाबाद ने उल्लेखनीय प्रगति की है। जुलाई माह में टेलीमेडिसिन सेवा में जिला राज्य में प्रथम स्थान पर रहा। टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पांच लाख से अधिक लोगों की टीबी स्क्रीनिंग की गई है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 204 उपभोक्ता लाभान्वित हो रहे हैं जबकि 6,578 कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के लिए निशुल्क सोलर संयंत्र लगाने का कार्य जारी है। वहीं जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा समाहरणालय परिसर स्थित शहीद स्वंत्रता सेनानी जगतपति कुमार की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके अलावा व्यवहार न्यायालय में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार ने जबकि जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में महासचिव जगनरायण सिंह ने तथा अधिवक्ता संघ औरंगाबाद में महासचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके अलावा जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा की उपस्थिति में शहर के दानी बिगहा स्थित महादलित टोला, वार्ड संख्या- 3 में महादलित टोला के वरिष्ठ व्यक्ति द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जिला जनता दल यू कार्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जदयू जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने झंडोत्तोलन कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

## सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में 80वां स्वतंत्रता दिवस सुव्यवस्थित एवं सुनियोजित ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह सुबह 10 बजे महाविद्यालय परिसर स्थित सुशांत सिंह राजपूत मुक्ताकाश मंच पर आयोजित हुआ जहां प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

## बीआरबीसीएल में सीइओ ने किया ध्वजारोहण



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बारून एवं नवीनगर प्रखंड की सीमा पर अवस्थित भारतीय रेल बिजली कंपनी लि. (बीआरबीसीएल) में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, बीआरबीसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एजे राजकुमार रहे। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम के गायन से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथि एजे राजकुमार ने ध्वजारोहण किया।

## एनटीपीसी, नबीनगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बारून प्रखंड के अदितिनगर स्थित नवीनगर सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (एनटीपीसी) नबीनगर में हर्ष और उल्लास के साथ 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। समारोह की शुरुआत क्षेत्रीय कार्यकारी निर्देशक (पूर्वी क्षेत्र -1) एवं एनटीपीसी नबीनगर के परियोजना प्रमुख एल. के. बेहेरा द्वारा राष्ट्रीय ध्वजारोहण करने से हुई। इसके पश्चात उन्होंने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों, डी.जी.आर. गार्डस, बाल भारती पब्लिक स्कूल एवं केंद्रीय विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत गरिमामय परेड के सलामी को स्वीकार किया।

## पूर्व सांसद ने सिंह कोठी में फहराया तिरंगा, शहीदों को किया नमन



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने अपने सांसद आवासीय कार्यालय सिंह कोठी में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। इस अवसर पर उन्होंने जिलेवासियों एवं लोकसभा क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और भारत माता के वीर सपूतों तथा महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

## डीएवी पब्लिक स्कूल, दयानंद विहार में हर्षोल्लास से मना 80वां स्वतंत्रता दिवस



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के दयानंद विहार सिथत डीएवी पब्लिक स्कूल, में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे जोश, उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि कौशलेंद्र प्रताप नारायण सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार पाठक ने अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

## शांता नर्सिंग इंस्टीट्यूट में चेयरपर्सन डॉ. शोभा रानी सिन्हा ने फहराया तिरंगा



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय के जसोइया में बियाडा परिसर स्थित शांता नर्सिंग इंस्टीट्यूट में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। समारोह में संस्थान की चेयरपर्सन डॉ. शोभा रानी सिन्हा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के दौरान उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम में सीडीओ औरंगाबाद डॉ. रवि रंजन मौजूद रहे।

## लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल में शान से लहराया तिरंगा



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल, औरंगाबाद में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्ष, उल्लास एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लॉर्ड बुद्धा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. धनंजय शर्मा द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराना रहा। उनके द्वारा तिरंगा फहराते ही पूरा विद्यालय परिसर राष्ट्रगान एवं देशभक्ति के नारों से गूंज उठा।

## डीएवी पब्लिक स्कूल, दानी बिगहा में लहराया तिरंगा



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल दानी बिगहा में 80वां स्वतंत्रता दिवस 'विकसित भारत' के संकल्प के साथ देशभक्ति, उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को तिरंगे झंडों और गुब्बारों से सजाया गया था।जिससे पूरा विद्यालय परिसर राष्ट्रीयता के रंग में सराबोर नजर आया। विद्यालय की प्राचार्य अल्पना मिश्रा के द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान तथा वंदे मातरम के साथ तिरंगे को सलामी दी गई।

## किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय, औरंगाबाद में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कुमारी गायत्री सिंह ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सपूतों को श्रद्धापूर्वक याद किया।

## जनता महाविद्यालय में फहराया गया राष्ट्रीय ध्वज



**अंबा(नबिटा संवाददाता)।** जनता महाविद्यालय, अंबा में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य रामाश्रय सिंह उर्फ लोहा सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ध्वजारोहण के बाद प्राचार्य ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं नागरिकों को संबोधित किया।

## महादेव लाल श्रॉफ कॉलेज ऑफ फार्मेसी में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** 80वां स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर औरंगाबाद के बियाडा परिसर स्थित महादेव लाल श्रॉफ कॉलेज ऑफ फार्मेसी में हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में चेयरपर्सन सरिता सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और उपस्थित लोगों ने तिरंगे को सलामी दी। समारोह में कॉलेज की चेयरपर्सन सरिता सिंह, निदेशक डॉ. बी.के. सिंह एवं प्राचार्य विकास कुमार सिंह सहित शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में देशभक्तों के बलिदान को किया नमन



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सरस्वती शिशु मंदिर (उच्चतर माध्यमिक विद्यालय), औरंगाबाद में 80वां स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना एवं राष्ट्रीय गौरव से ओतप्रोत वातावरण में भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पूजन एवं ध्वजारोहण के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद बहनों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया।

## विवेकानंद वीआइपी स्कूल में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस



**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** विवेकानंद विजन आइडियल पब्लिक स्कूल, औरंगाबाद में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास, देशभक्ति और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय के निदेशक डॉ. शंभू शरण सिंह ने कहा कि आजादी के 80वें पड़ाव पर हम उन महान स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्रनिर्माताओं को नमन करते हैं, जिनके त्याग, तपस्या और संघर्ष के कारण भारत गौरवशाली यात्रा पर आगे बढ़ सका।

## चंद्रगढ़ के शिक्षण संस्थानों में भव्यता से मना स्वतंत्रता दिवस

**नबिटा संवाददाता**



**नवीनगर (औरंगाबाद)।** प्रखंड के चंद्रगढ़ पंचायत स्थित गौरेश्वर नारायण सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, डॉ. गुप्तेश्वर प्रसाद सिंह नंदकिशोर नारायण सिंह मेमोरियल इंटर कॉलेज एवं शांति विद्या निकेतन में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह भव्य एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के सचिव पंकज कुमार सिंह द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं तिरंगे को सलामी देने के साथ हुई। ध्वजारोहण के बाद उपस्थित लोगों ने राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय ध्वज को सम्मानपूर्वक सलामी दी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

Mount Litera Zee School, Barh
5th Milestone, NH-31, Achuara, Barh, Patna-803213
Salutes the Spirit of Freedom!
Wishing You All
HAPPY INDEPENDENCE DAY 2026
CALL : 7033338888 | 7033339999
www.mountliterabarh.com admission@mountliterabarh.com

होली मेरी इंगलिश मीडियम स्कूल
कॉलेज मैदान, बाढ़
मोबाइल:- 9006343609 - 9934292817

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
इंडियन बैंक
शाखा : ओबरा (औरंगाबाद)
रौशन कुमार, शाखा प्रबंधक

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
मिहिर कुमार
पैक्स अध्यक्ष
करसांवा (ओबरा) औरंगाबाद

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
मो. शफी अहमद
मुखिया प्रतिनिधि
कारा (ओबरा) औरंगाबाद

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
शिवम कुमार
थानाध्यक्ष
आयरकोठा (रोहतास) बिहार

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
DIVINE STREAM MISSION SCHOOL
Admission Open
Nursery to X
हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
गौरव कुमार, मैनेजर
ई. प्रवीण सिंह, निदेशक
मो: 7070518911
शिवपुरी कॉलोनी, बाजार समिति के नजदीक गया रोड, दाउदनगर, औरंगाबाद

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमोद यादव
मुखिया
पंचायत-मंझौली, प्रखंड-डुमरिया (गया)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल सोनी
मंडल अध्यक्ष, भाजपा
प्रखंड-डुमरिया पूर्वी (गया)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
सहेन्द्र प्रसाद मंडल
उप प्रमुख, पंचायत समिति
डंडखोरा (कटिहार)

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
स्वाति शीरी
अध्यापिका
रा.+2 जनता हाई स्कूल, डुमरिया (गया)

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं
लालू यादव
सामाजिक कार्यकर्ता-सह-भावी मुखिया उम्मीदवार
ग्राम पंचायत-कावर (कोंच) गया

KIDZEE
WHERE KIDS LOVE TO LEARN
Play Group
Nursery
Junior K.G
Senior K.G
VIDYA BHARTI SCHOOL
(BASED ON C.B.S.E. CURRICULUM)
CLASS:- I TO VII
80वें स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं
Er. Saurabh Kumar (B.tech)
OPP. CHURCH ROAD, ALAKHNATH ROAD, BARH

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं के साथ
मंजर हॉस्पिटल
पूर्वी चम्पारण

पंजाब नैशनल बैंक
शाखा : जम्होर (औरंगाबाद)
की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जितेन्द्र कुमार
शाखा प्रबंधक